उज्जैन
गुरुवार
22
जनवरी, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-81
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



अंकिता लोखंडे ने भी 2016 वाले ट्रेंड को फॉलो किया पोस्ट में मुश्किल दौर को याद करते हुए लिखा - अंदर से टूट गई थी

पेज- 8

## कल्याण-डोंबिवली में राज ठाकरे और शिंदे की पार्टियों का गठबंधन



**ठाणे।** एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने कैल्याण-डोंबिवली नगर निगम में राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के साथ गठबंधन किया है। 53 सीटों वाली शिवसेना को एमएनएस के 5 पार्षदों का समर्थन मिला है। एमएनएस नेता और पूर्व विधायक राजू पाटील ने बताया कि यह फैसला पार्टी प्रमुख राज ठाकरे की अनुमति से लिया गया है। उन्होंने कहा कि नगर निगम में स्थिरता बनाए रखने और कामकाज को सुचारू रखने के लिए यह कदम उठाया गया है। शिवसेना सांसद और कैल्याण से लोकसभा सदस्य श्रीकांत शिंदे ने बताया कि यह समर्थन केवल शिवसेना और टठर के बीच है। किसी अन्य दल की कोई भागीदारी नहीं है।

## कांग्रेस बोली-ट्रम्प का 71वीं बार भारत-पाक युद्ध रुकवाने का दावा

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत-पाकिस्तान युद्ध रुकवाने के दावे को लेकर कांग्रेस ने सरकार पर तंज कसा है। ट्रम्प ने बुधवार को दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में एक बार फिर दावा किया कि उन्होंने भारत-पाक युद्ध को रुकवाया था। कांग्रेस ने कहा कि यह ट्रम्प का 71वां दावा है। कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ट्रम्प के बयान का वीडियो शेयर किया। जिसके साथ लिखा कल तक गिनती 70 थी और आज यह 71 हो गई है। यह याद रखना चाहिए कि दावोस में भारत का एक बड़ा भारतीय प्रतिनिधिमंडल मौजूद है। डोनाल्ड ट्रम्प ने वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में कहा कि उन्होंने मई 2025 में भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष को रोका था। दोनों देश न्यूक्लियर युद्ध के करीब पहुंच गए थे।

## पंजाब में आज से 10 लाख का मुफ्त इलाज मिलेगा



**मोहाली।** पंजाबियों को आज से 10 लाख रुपए तक का फ्री इलाज मिलेगा। इसमें न कोई इनकम का चक्कर है और न ही एज लिमिट। पंजाब का आधार और वोटर कार्ड होना चाहिए और पूरा परिवार स्कीम का लाभ उठा सकता है। इससे 65 लाख परिवारों के करीब 3 करोड़ पंजाबियों को फायदा होगा। योजना की लॉन्चिंग के लिए आज (22 जनवरी) को मोहाली में कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें सीएम भगवंत मान के साथ आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल भी मौजूद रहेंगे। सरकार का कहना है कि इस स्कीम में हर तरह का खर्च शामिल होगा।

## गाजा बोर्ड ऑफ पीस में शामिल होंगे 8 इस्लामिक देश

**दोहा।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बनाए गाजा बोर्ड ऑफ पीस में 8 इस्लामिक देशों ने शामिल होने पर सहमति जताई है। इन देशों में कतर, तुर्किये, मिस्त्र, जॉर्डन, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक इन देशों के विदेश मंत्रियों ने कतर की राजधानी दोहा संयुक्त बयान इसका ऐलान किया। बयान में कहा गया है कि सभी देशों ने बोर्ड ऑफ पीस में शामिल होने का साझा फैसला लिया है। हर देश अपने-अपने कानूनी और जरूरी प्रक्रियाओं के तहत इसमें शामिल होने से जुड़े दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करेगा। मिस्त्र, पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात पहले ही बोर्ड में शामिल होने की घोषणा कर चुके हैं।

# वक्फ बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष कुरैशी ब्लैकमेलिंग मामले में गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

भोपाल पुलिस ने वक्फ बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष अलीम कुरैशी को ब्लैकमेलिंग और फर्जी दस्तावेजों के आरोप में गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड पर लिया। जांच में सामने आया है कि उनके मामले में बड़े वक्फ माफिया के नाम भी जुड़े हो सकते हैं।

**फर्जी दस्तावेजों के आरोप में गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड पर लिया**

भोपाल पुलिस ने भोपाल जिला वक्फ बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष अलीम कुरैशी को ब्लैकमेलिंग के आरोप में गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। अदालत ने उसे पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, अलीम कुरैशी वक्फ बोर्ड में फर्जी नियुक्ति पत्र और झूठे दस्तावेजों के जरिए शिकायतें करके सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर रहा था। जांच में यह भी सामने आया कि 17 अगस्त 2023 और 13 जनवरी 2025 को वह लोकायुक्त संगठन में कई बार शिकायतें की, जो जांच में फर्जी पाई गई। शिकायतों को नस्ती कर दिया गया था।



### बड़े वक्फ माफिया के नाम भी जुड़े हो सकते हैं

जांच एजेंसियों का कहना है कि अलीम की इन हरकतों से न केवल शासन को नुकसान पहुंचा, बल्कि वक्फ बोर्ड की प्रतिष्ठा भी प्रभावित हुई और आम जनता में भ्रम फैलाया गया। पुलिस को शक है कि उसने दबाव बनाकर अवैध लाभ लेने की कोशिश भी की। जानकारी के अनुसार अलीम कुरैशी पहले मध्यप्रदेश पुलिस में पदस्थ था, लेकिन भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के कारण उन्हें बर्खास्त कर दिया गया था। इसके बाद वह राजनीति में सक्रिय होकर भोपाल जिला वक्फ बोर्ड का अध्यक्ष बना। पुलिस रिमांड में आरोपी से फर्जी दस्तावेज और शिकायतों के पीछे की साजिश के बारे में गहन पूछताछ की जा रही है। शुरूआती जांच में संकेत मिले हैं कि इस मामले में और भी बड़े वक्फ माफिया के नाम सामने आ सकते हैं। इस गिरफ्तारी से वक्फ संपत्तियों और सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग के मामलों में बड़ा खुलासा होने की संभावना है।

## यूपी-राजस्थान, हरियाणा के 27 जिलों बारिश का अलर्ट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी के बाद अब बारिश-ओलावृष्टि का दौर शुरू होने की चेतावनी है। आज से राजस्थान, हिमाचल और पंजाब-हरियाणा में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव हो रहा है।

यूपी के 15, राजस्थान और हरियाणा के 6-6 जिलों में बारिश हो सकती है। इस दौरान 60किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। कुछ जगहों पर ओले गिरने की चेतावनी भी जारी की गई है। हिमाचल प्रदेश के चंबा, कुल्लू और लाहौल-स्पीति में आज बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट है। यहां भी 22 से 24 जनवरी तक तेज बारिश और ओलावृष्टि की आशंका जताई गई है। उत्तराखंड के 5 जिलों में आज और कल बर्फबारी का अलर्ट है। फिलहाल यहां पारा माइनस में चल रहा है। चमोली के वाण गांव में



झरना जमा हुआ दिखाई दिया। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में अगले 7 दिनों में लगातार दो पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव हो सकते हैं। इससे 9 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, राजस्थान और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मौसम और बिगड़ सकता है। पश्चिमी विक्षोभ या वेस्टर्न डिस्टर्बेंस, पश्चिम से आने वाली हवा और बादलों का एक सिस्टम होता है। इसके एक्टिव होने से पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी, मैदानी क्षेत्रों में बारिश होगी।

### अब कर्मचारियों को भारी पड़ेगी लेटलतीफी...

## सुबह 10 बजे ऑफिस पहुंचना होगा अनिवार्य

### फाइव डेज वीक लागू होने के बाद भी अधिकारी-कर्मचारी निर्धारित समय पर कार्यालय नहीं पहुंच रहे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



शहर सहित जिले भर में संचालित होने सरकारी कार्यालयों के कर्मचारी अब अपनी ड्यूटी पर पहुंचने के मामले में लेटलतीफी नहीं कर सकेंगे क्योंकि सूबे की मोहन यादव सरकार जिले सहित पूरे प्रदेश भर के सरकारी कार्यालयों में कर्मचारियों के समय पर ड्यूटी पर पहुंचने को लेकर सख्ती करने वाली है।

बता दें कि अधिकांश सरकारी कार्यालयों में कर्मचारी समय पर नहीं पहुंचते है और ऐसे में संबंधित विभागों का कामकाज तो प्रभावित होता ही है वहीं संबंधित लोग भी कार्यालय पहुंचकर परेशान होते रहते है। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। क्योंकि सरकार कर्मचारियों के लिए सुबह 10 बजे ऑफिस पहुंचने और शाम को 6 बजे ऑफिस छोड़ने के लिए अनिवार्यता कर रही है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से अधिकारी-कर्मचारियों के सुबह 10 बजे कार्यालय पहुंचने और शाम को नियत समय शाम 6 बजे कार्यालय छोड़ने को लेकर दिशा-निर्देश तैयार किए जा रहे हैं। विभाग जल्द ही इस संबंध में आदेश जारी करेगा।

बता दें कि सरकारी कार्यालयों में फाइव डेज वीक लागू होने के बाद भी अधिकारी-कर्मचारी निर्धारित समय पर कार्यालय नहीं पहुंच रहे हैं। इससे कार्यालयों में कामकाज प्रभावित होता है। यही वजह है कि कर्मचारियों की अटेंडेंस को लेकर सख्ती बरतने जा रही है। मप्र सरकार ने पौने पांच साल पहले केंद्र सरकार की तर्ज पर प्रदेश के सरकारी कार्यालयों में फाइव डेज वीक लागू किया था। सामान्य प्रशासन विभाग ने 8 अप्रैल, 2021 को इस संबंध में आदेश जारी किया था। आदेश के अनुसार कार्यालयों के पूर्व के समय (सुबह 10.30 से शाम 5.30 बजे) में संशोधन करते हुए सभी सरकारी कार्यालयों का समय सुबह 10 से शाम 6 बजे तक कर दिया गया है। जीएडी के आदेश के बाद रविवार के साथ ही हर शनिवार को सरकारी कार्यालयों में अवकाश रहने लगा है, जबकि कोरोना काल से पूर्व महीने के पहले और चौथे शनिवार को सरकारी कार्यालय बंद रहते थे।

### अमेरिका ने हमला किया तो नाटो दूर रहेगा

## ग्रीनलैंड पर अपनी 50 साल पुरानी दलील से फंसा डेनमार्क



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नुउक

डेनमार्क इस समय एक अजीब और मुश्किल हालात में फंसा हुआ है। उसका सामना किसी दुश्मन देश से नहीं, बल्कि अपने ही सहयोगी देश अमेरिका से है। राष्ट्रपति ट्रम्प ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की कई धमकियां दे चुके हैं।

ग्रीनलैंड आधिकारिक तौर पर डेनमार्क का हिस्सा है और वह भी अमेरिका की तरह नाटो मेंबर है। यानी ऐसे हालात पैदा हो गए हैं जहां पर नाटो का ही एक मेंबर देश, दूसरे मेंबर देश को मिलिट्री एक्शन की धमकी दे रहा है।

डेनमार्क की ऐसी हालात को लेकर ग्रीस के पूर्व वित्त मंत्री और अर्थशास्त्री यानिस वारोफाकिस ने सोशल मीडिया पर लिखा कि यह ग्रीनलैंड के कर्मों का फल है। उन्होंने कहा कि नाटो बाहरी दुश्मनों से बचाने के लिए है, लेकिन भीतर के दुश्मनों से हिफाजत के लिए नहीं है। जब 1974 में नाटो के दो मेंबर देशों ग्रीस और तुर्किये के बीच साइप्रस को लेकर जंग के हालात बने थे, तब डेनमार्क ने यह कहा था कि नाटो का काम किसी मेंबर देश को दूसरे मेंबर देश से बचाना नहीं है।

## अमृतसर में निहंगों ने की महंतों की धुनाई



ब्रह्मास्त्र ▸▸ अमृतसर

अमृतसर स्थित गोल्डन टेंपल की हेरिटेज स्ट्रीट (विरासती मार्ग) पर निहंगों ने जबरन रुपए मांग रहे महंतों की धुनाई कर दी। निहंगों ने डंडों से उनको पीटकर भगाया। निहंगों के विरोध को देखते हुए महंत भी वहां से दौड़ते हुए नजर आए। निहंगों के इस एक्शन के बाद कुछ देर के लिए माहौल तनावपूर्ण बन गया लेकिन यहां आए श्रद्धालुओं और दुकानदारों के सपोर्ट की वजह से महंत निहंगों का विरोध नहीं कर पाए। निहंगों के महंतों को हेरिटेज स्ट्रीट से दौड़ाने के वीडियो सामने आए हैं। निहंगों का कहना है कि उन्हें श्रद्धालुओं की और से सोशल मीडिया पर लगातार कंप्लेंट मिल रही थी कि उन्हें परेशान किया जा रहा है। जिसके बाद वे मंगलवार रात वहां पहुंचे। वहां देखा कि महंत जबरन लोगों की जेब से रुपए निकालने तक के लिए जा रहे हैं।



## खबर एक नजर...

### बदमाशों ने आटो रोक चालक पर पाइप से किया हमला

**उज्जैन।** चिमनगंज थाना क्षेत्र के बापूनगर में मंगलवार रात सवारी छोड़ने गये आटो चालक गौरव पिता कृष्ण नारायण पांडे 29 साल निवासी पिपलीनाका को लौटते समय शाहरूख उर्फ अंडा, संदीप उर्फ पाउडर और महेन्द्र उर्फ ट्रेक्टर ने रोक लिया। तीनों ने लोहे के पाइप से हमला किया और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। घायल गौरव को चरक अस्पताल लाया गया। जहां उसके पैर में फैक्चर होने पर डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया। मामला मारपीट का होने पर ड्युटी कम्पाउंडर द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। चिमनगंज थाना पुलिस बयान दर्ज करने अस्पताल पहुंची। घायल ने बताया कि 7 दिन पहले उसका घूरकर देखने की बात पर सुमित और चिंटू से विवाद हुआ था। हमला करने वाले तीनों बदमाश उन्ही के साथी है। पुलिस के अनुसार तीनों बदमाशों की तलाश शुरू की गई है। तीनों पहले भी कई अपराधों में शामिल रह चुके है।

### 10 साल की मासूम के साथ रिश्तेदार ने की दरिंदगी

**उज्जैन।** रिश्तों को शर्मसार करने का मामला बुधवार को सामने आया। 10 साल की मासूम के साथ रिश्तेदार द्वारा दरिंदगी की गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर दरिंदे की तलाश शुरू की है, जो फरार होना सामने आया है।

घटना तराना तहसील की है। 10 साल की मासूम अपने रिश्तेदार की बेटी के साथ खेलने गई थी। उसी दौरान रिश्तेदार मासूम को बहला-फुसलाकर घर में ले गया और उसके साथ गलत काम किया। उसने मासूम को धमकाया और चला गया। मासूम के परिजनों को घटना का पता चला तो हंगामा खड़ा हो गया। वह विवाद करने रिश्तेदार के यहां पहुंच गये, लेकिन वह भाग चुका था। घटनाक्रम की शिकायत से की गई। पुलिस मासूम को परीक्षण के लिये उज्जैन लेकर पहुंची, जिसमें गलत काम होना सामने आने पर प्रकरण दर्ज किया गया। एसआई हरिराम अंगोरिया ने बताया कि आरोपी की तलाश में 3 टीम गठित की गई है। उसके सभी ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। परिजनों से भी पूछताछ कर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

### स्ट्रीट डॉग ने 9 साल के छात्र को किया जख्मी

**उज्जैन।** पिता के साथ बाइक पर जा रहे कक्षा चौथी में पढ़ने वाले 9 वर्षीय छात्र को बुधवार सुबह स्ट्रीट डॉग ने काटकर जख्मी कर दिया। पिता जख्मी पुत्र को अस्पताल लेकर पहुंचा। मंछामन कालोनी के पास सुदर्शन नगर में रहने वाला कृष्णा पिता राहुल कक्षा चौथी का छात्र होकर पुष्कर पब्लिक स्कूल में अध्ययन करता है। बुधवार को स्कूल में खेलकूद का आयोजन था। जिसमें चम्मच रेस होने वाली थी। कृष्णा सुबह पिता की बाइक पर सवार होकर चम्मच रेस में शामिल होने के लिये नीबू लेने जा रहा था। उसी दौरान मंछामन चौराहा पर छात्रा पर स्ट्रीट डॉग ने हमला किया और पैर में काट लिया। जख्म गहरा होने पर छात्र जख्मी हो गया। पिता उसे चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों द्वारा रैबिज वैक्सीन को डोज लगाया। शहर में आये दिन स्ट्रीट डॉग का लोग शिकार हो रहे है। बावजूद स्ट्रीट को पकड़ने और अंकुश लगाने के लिये कोई आगे नहीं आ रहा है। इन दिनों शहर के अधिकांश क्षेत्र में स्ट्रीट डॉग के बच्चों की संख्या भी काफी दिखाई दे रही है। जो कुछ माह में बड़े होकर मार्गो, गलियों में दौड़ते दिखाई देगें।

### अभिनेता आशुतोष राणा ने किए महाकाल दर्शन

**उज्जैन।** फिल्म अभिनेता आशुतोष राणा ने बुधवार को श्री महाकालेश्वर मंदिर में भगवान महाकाल के दर्शन किए। उनके साथ उद्योगपति ललित अग्रवाल भी थे। राणा ने नंदी हॉल में ध्यान किया। मंदिर प्रबंध समिति ने उनका स्वागत किया। राणा ने कहा कि महाकाल का दरबार दिव्य है और उन्होंने जीवन में जो कुछ भी दिया, वह अद्भुत है। उन्होंने मंदिर की दर्शन व्यवस्था की सराहना की। रोहित मित्तल मित्र मंडल ने उनका स्वागत किया।

# लाखों खर्च के बावजूद हालत ठीक नहीं

## गंगेड़ी का श्मशान अवैध खनन से धंसा, गोटड़ा में मार्ग पानी में बहा, दो घाटों तक रास्ता ही नहीं बना

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

ग्रामीणों की सुविधा के नाम पर हर दूसरे गांव में श्मशान घाट बनाए गए, जिन्हें मनरेगा व मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना जैसे मदों से सहायता मिली थी। 10 सालों में 609 ग्राम पंचायतों में 102 शांतिधाम का निर्माण हुआ, लेकिन अधिकांश की स्थिति खराब है। जर्जर स्थिति, टूटते चबूतरे, अधूरे निर्माण और पहुंच मार्गों की कमी जैसी समस्याएं रहवासियों को प्रभावित कर रही हैं। नियम यह है कि पंचायतों को श्मशान स्थल पर बुनियादी सुविधाएं और पहुंच मार्ग विकसित करना चाहिए, लेकिन कई जगह यह पूरा नहीं हो पाया है।

कई ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को अंतिम संस्कार के लिए शहर पर निर्भर रहना पड़ता है

- **गोठड़ा** : त्रिवेणी संगम के पास बने मुक्तिधाम तक सड़क ढही हुई है। कान्ह नदी के पानी के भराव से यहां कटाव हो गया है और रास्ता भी समाप्त हो चुका है। वहीं दूसरी तरफ घाट निर्माण में भी इसका हिस्सा आ रहा है।
- **गंगेड़ी**: श्मशान धाम अवैध खनन का शिकार हो चुका है। नेशनल हाई-वे निर्माण के लिए मिट्टी खनन के कारण एक तरफ की मिट्टी गायब हो गई है और स्थल धंसने की कगार पर है, जिससे यहां तालाब जैसा निर्माण हो गया है।
- **डेंडिया** : शांतिधाम का चबूतरा ही टूटा हुआ है। निर्माण के बाद उस पर प्लास्टर तक नहीं किया, जिससे इसका उपयोग नहीं हो पा रहा है।
- **रानाबड़** : शांतिधाम तक जाने की सड़क नहीं बनी और चबूतरा भी गायब था। अब जनसहयोग से चबूतरा व बाउंड्री वाल का निर्माण कर रहे है।
- **जवासिया रेलवे लाइन के पास घाट**: यहां तक पहुंचने का कोई पक्का रास्ता नहीं है। पूरा मार्ग कच्चा है, जिसके कारण ग्रामीण अंतिम संस्कार के लिए उज्जैन तक जाना पड़ता है।
- **बृजराज खेड़ी**: मुख्यमंत्री अधोसंरचना में 15 लाख की लागत दिखाई थी, लेकिन केवल बाउंड्री वाल, गेट और बेंच हैं। निर्माण के 1 साल के अंदर ही मुख्य चबूतरे का शेड टूटने लगा है। इसके अलावा यहां केवल कच्चा मैदान पड़ा है।

## जनवरी के 21 दिन में चार बार रात का पारा 12 डिग्री के पार

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

जनवरी के आखिरी दिनों में सर्द हवा के बावजूद रात का पारा चढ़ने लगा है। दिन में धूप के तीखे तेवर से तपन में बढ़ोतरी हो गई है। जनवरी के 21 दिन में चार बार रात का पारा 12 डिग्री के पार पहुंच गया है। शासकीय जीवाजी वेधशाला के अनुसार बुधवार को न्यूनतम तापमान 12 डिग्री रहा।

इसके पहले 2, 3 और 18 जनवरी को रात का पारा 12 डिग्री से ज्यादा रहा था। अधिकतम तापमान पर नजर डालें तो यह 28 डिग्री रहा, जबकि मंगलवार को यह 26.5 डिग्री पर था। कोहरे धीरे-धीरे सिमट गया है। शाम ढलने के बाद चलने वाले सर्द हवा भी कम महसूस होने लगी है।

### बसंत पंचमी से महाकाल को अर्पित होगा गुलाल

## केसर युक्त पंचामृत से अभिषेक, पीले वस्त्र और पुष्प अर्पित किए जाएंगे

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

बसंत पंचमी पर्व 23 जनवरी को मनाया जाएगा। इसकी शुरूआत भगवान महाकाल के आंगन से होगी। महाकाल मंदिर में पीले वस्त्र और फूलों के साथ भगवान को गुलाल अर्पित किया जाएगा। माना जाता है कि बसंत पंचमी पर महाकाल के आंगन से ही होली पर्व की शुरूआत होती है। महाकाल मंदिर की परंपरा के अनुसार तड़के चार बजे भस्म आरती में बसंत उत्सव मनाया जाएगा।

ज्योतिर्लिंग श्री महाकालेश्वर मंदिर में तड़के होने वाली भस्म आरती से लेकर रात में होने वाली शयन आरती तक, सभी पांचों आरतियों में बसंत पंचमी पर्व का उत्साह देखने को मिलेगा। महाकाल मंदिर के महेश पुजारी ने बताया कि शुक्रवार को बसंत पंचमी पर्व पर सबसे पहले भस्म आरती में पुजारी भगवान महाकाल को बसंत के पीले फूल



और गुलाल अर्पित करेंगे।

साथ ही भगवान महाकाल का केसर युक्त पंचामृत से अभिषेक किया जाएगा। पीले वस्त्र धारण कराकर बसंत के पीले पुष्पों से श्रृंगार किया जाएगा। इसके बाद भगवान को सरसों के पीले फूल तथा गुलाल अर्पित की जाएगी। मंदिर की परंपरा के अनुसार बसंत पंचमी से होली तक नित्य आरती में भगवान को गुलाल अर्पित किया जाएगा।

## एग्जाम स्पेशल



Exam special by : Rahul Shukla
( Educator n Motivator Guru )

अभिभावकों के लिए परीक्षा पूर्व टिप्स
सभी अभिभावकों की दिली इच्छा होती है कि उनका नौनिहाल परीक्षा मे स्वर्णिम सफलता प्राप्त करे किन्तु कभी अभिभावक सोचते हैं कि बच्चे की सफलता में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होती है। परीक्षा के पहले का एक माह बहुत ही अहम होता है। पालक निम्न बिन्दुओं का अनुसरण करें तो बच्चे के लिए हितकर होगा।
सबसे पहले परीक्षा के एक माह पूर्व से अपने बच्चे से सहानुभूतिपूर्वक व्यवहार करें जिससे बच्चे और आपके बीच सौहार्दपूर्ण संबंध विकसित हो।

- अपने बच्चे से मित्रवत रहें और फिर उसे प्रेरणादायी किस्से या घटनाएं सुनाएं जिससे उसमे आत्मविश्वास पनपता रहे।
- बच्चे की हर गतिविधि पर नजर रखें। वह समय का अपव्यय तो नहीं कर रहा यदि गड़बड़ लगे तो गाइड करें।
- बच्चे से वातार्लाप करते हुए टाइम मैनेजमेंट का एक आदर्श प्लान रखें जो कागज पर बना हो।इसे सिर्फ रखना है उस पर थोपना नहीं।
- बच्चे को डाइट प्लान का महत्व बताएं। सभी लोग घर मे एक माह जबान पर लगाम लगाएं और गरिष्ठ व तली हुई खाद्य वस्तु से परहेज करें।
- ऐसे समय किसी अतिथि को आमंत्रित न करें और यदि अतिथि आ भी जाएं तो बच्चों को घर के छोटे मोटे कार्यों से दूर रखें।
- बच्चे को प्रतिदिन मेडिटेशन करने व भरपूर नींद लेने की सलाह बारंबार देते रहें।
- घर के सभी सदस्य झगडे व विवाद से बचें और घर में शांति स्थापित रखें। सभी के कूल व्यवहार से बच्चा विचलित न होगा और एकाग्रचित होकर पढ़ेगा।
- इन बातों का ध्यान रखने से बच्चे की सफलता में हमारा भी योगदान होगा।

## उज्जैन मेले की तैयारी में जुटे इंदौर के ऑटो डीलर

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

उज्जैन मेले को लेकर ऑटोमोबाइल सेक्टर में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। शहर के ऑटो डीलर कंपनियों से नए वाहनों का स्टॉक मंगाने में जुट गए हैं। बीते वर्षों के अनुभव को देखते हुए डीलरों ने इस बार डीलरों ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। ग्राहक भी अभी से अपनी पंसदीदा वेरियंट और कलर की बुकिंग करवाने में जुट गए है। खास तौर से मारुति और टाटा के डीलरों के यहां पर अभी से उज्जैन मेले की डील फाइनल होने लगी है।

जानकारी के अनुसार अगले महीने से लगने वाले इस मेले के लिए डीलरों के यहां पर ग्राहक आ रहे है। शासन द्वारा नो?टिफिकेशन के बाद इसमें तेजी आ गई है। इंदौर ऑटो मोबाइल डीलर एसोसिएशन के सह सचिव विशाल पमनानी ने कहा कि बीते वर्षों के बिक्री आंकड़ों के अनुसार उज्जैन मेले में सबसे अधिक कारें टाटा और मारुति की बेची गई है। खासतौर पर एंट्री लेवल और मिड-सेगमेंट कारों की मांग लगातार बनी हुई है। हम इसके लिए तैयारी कर रहे है। कंपनी से लगातार नया स्टॉक बुलाया जा रहा है। एक्सचेंज बोनस, कम डाउन पेमेंट और आसान फाइनेंस विकल्पों के चलते बड़ी संख्या में ग्राहक मेले के दौरान वाहन खरीदते है। यही वजह है कि इस बार भी कंपनियों से अतिरिक्त स्टॉक मंगवाया जा रहा है और फाइनेंस कंपनियों को पहले से अलर्ट किया गया है।

**इस बार भी बेहतर कारोबार की उम्मीद-** पमनानी ने बताया कि पुराने ट्रेंड और बढ़ती पूछताछ को देखते हुए डीलरों को उम्मीद है कि इस बार भी उज्जैन मेला ऑटो सेक्टर के लिए फायदे का सौदा साबित होगा। यदि ग्राहकों का रुझान पिछले वर्षों जैसा रहा, तो मेले के दौरान रिकॉर्ड बुकिंग और डिलीवरी होने की संभावना जताई जा रही है।

**महंगी कारों पर ज्यादा फायदा-** परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस मेले में बजट और एसयूवी कार के खरीदारों का फायदा होता ही है। इसके अलावा जो प्रीमियम और हाईएंड कारें हैं। जिन पर लाखों का टैक्स आता है, उनको भी काफी फायदा होता है। रेंज रोवर, मर्सडीज, बीएमडब्लू और ऑडी जैसी कारों की भी पहले से बुकिंग हो जाती है।

**बीते साल मिला था सरकार को 186 करोड़ का राजस्व-** बीते साल इस मेले का दूसरा साल था। जिसमें सरकार की तरफ से रोड टैक्स में 50 प्रतिशत छूट मिलने का लोगों ने जमकर फायदा उठाया, जिसका असर 43 दिनों में 36313 वाहन (28451 कार, 7772 स्कूटर/ बाइक) बिकने के रूप में दिखा। इससे प्रदेश सरकार को 186 करोड़ की आय हुई और इतनी ही राशि की छूट ग्राहकों ने पाई।

### गरोठ हाईवे निर्माण में अफसर-टेकेदार की मनमानी

## नाराज ग्रामीणों ने रुकवाया काम



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

उज्जैन-गरोठ हाईवे निर्माण में अफसर व ठेकेदारों की मनमानी का आरोप लगाते हुए बुधवार को कुछ ग्रामीणों ने हंगामा कर दिया। सर्विस रोड नहीं बनाने के विरोध में मयंक परिसर पंवासा और निमनवासा के रहवासियों ने यहां हो रहा काम रुकवा दिया। ग्रामीणों को रुख देखते हुए ठेकेदार के कर्मचारी अपने सामान समेटकर चलते बने।

इसके बाद ग्रामीण इंतजार करते रहे, लेकिन एनएचएआई के अफसर नहीं पहुंचे। मयंक परिसर निवासी दीपक पंवार ने बताया कि हाईवे के अधिकारियों ने सर्विस रोड की हां कर दी, लेकिन अब बनाने में आनाकानी कर रहे हैं। बरसात में हमारे रास्ते ही नहीं रहते। हाईवे बनने से पुराना रास्ता बंद हो गया।

इसलिए मक्सी रोड की कनेक्टिविटी अति आवश्यक है। किसान दीप सिंह अटल ने बताया कि हमारे रास्ते बंद कर दिए गए हैं, जिससे हमें हाईवे पर होकर जाना पड़ता है। सर्विस रोड दे दिया जाए तो हमारी समस्या दूर हो जाएगी।

### यह मामला: किसानों के रास्ते बंद हुए

गरोठ रोड निर्माण के दौरान हाईवे वालों ने कई साल पुरानी मयंक कॉलोनी, श्रीराम मंदिर व पंवासा के बीच का रास्ता दर्ज नहीं किया। वहीं सर्विस रोड का प्रावधान नहीं किया। इस कारण किसानों के रास्ते भी बंद हो गए। निर्माण के दौरान भी किसानों ने विरोध जताकर समस्या से अवगत कराया, लेकिन अफसरों ने ध्यान नहीं दिया।

### तालमेल नहीं होने से यह स्थिति

विधिक सेवा प्राधिकरण के पीएलवी अजेंद्र त्रिवेदी ने बताया कि सही तालमेल के आभाव में यह स्थिति उत्पन्न हुई। यहां एनएचएआई द्वारा बनाए गए लगभग 300 मीटर का डीएलसी सर्विस रोड अगर डामर होकर मक्सी रोड से मिला दिया जाए तो रहवासियों और किसानों की समस्या हल हो जाएगी।

### मैं खुद मौका देखने जाऊंगा

मैं खुद मौका देखने जाऊंगा। ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी समस्याएं भी सुनेंगे। जो भी जरूरी होगी वह सब सुविधाएं देंगे।

**राहुल जाजोरिया,**
**पीडी एनएचएआई उज्जैन**

उज्जैन
गुरुवार
22
जनवरी, 2026

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

नलिनीदलगतजलमतितरलम्, तद्वज्जीवितमतिशयचपलम्।
विद्धि व्याध्यभिमानग्रस्तं, लोक शोकहतं च समस्तम्॥

**अर्थः** जीवन कमल-पत्र पर पड़ी हुई पानी की बूंदों के समान अनिश्चित एवं अल्प (क्षणभंगुर) है। यह समझ लो कि समस्त विश्व रोग, अहंकार और दुःख में डूबा हुआ है।

## खबर एक नजर...

### विधायक के पोते को संभालने वाली युवती ने किया सुसाइड

**इंदौर।** इंदौर के 3 नंबर विधायक गोलू शुक्ला के घर उनके पोते को संभालने का काम करने वाली युवती ने बुधवार को घर पर सुसाइड कर लिया। शाम को पिता जब घर पहुंचे तो बेटी को फंदे पर देखा। उसके माता-पिता भी गोलू शुक्ला के घर ही काम करते हैं। पुलिस को घर से किसी तरह का सुसाइड नोट नहीं मिला है। मामले की जांच की जा रही है। बाणगंगा पुलिस के मुताबिक नेहा (19) पुत्री रवि यादव, निवासी भगत सिंह नगर खारच्चा का शव उसके पिता ने बुधवार शाम को फंदे पर देखा था। नेहा विधायक गोलू शुक्ला के बेटे यश के बच्चे को संभालने का काम करती थी। बुधवार को तबीयत ठीक नहीं लगने के चलते वह बंगले पर नहीं गई थी। नेहा की मम्मी विधायक के यहां काम पर थीं। पुलिस के मुताबिक गोलू शुक्ला के फार्म हाउस पर नेहा के पिता भी काम करते हैं। वह काम से निपटने के बाद नगर निगम जोन पर थे। शाम को जब वह घर पहुंचे तो बेटी ने दरवाजा नहीं खोला। इसके बाद उन्हें घटना की जानकारी लगी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। जिस कमरे में नेहा ने सुसाइड किया, वहां की जांच की गई, लेकिन किसी तरह का सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस के मुताबिक नेहा की दो बड़ी बहनें भी हैं। फिलहाल पुलिस आत्महत्या के कारणों को लेकर जांच कर रही है।

### इंदौर में युवक को कार से कुचलने की कोशिश

**इंदौर।** इंदौर के विजयनगर इलाके का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। बताया जाता है कि दो गुटों के विवाद में एक युवक को जबरदस्ती कार में बैठाकर ले जाने की कोशिश की जा रही है। वहीं कार से युवक को कुचलने का प्रयास भी किया जा रहा है। जानकारी मिलने के बाद विजयनगर पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। घटना बुधवारा रात विजय नगर इलाके स्थित एनआरके बिजनेस पार्क के बाहर की बताई जा रही है। यहां स्कॉर्पियो में सवार युवक अन्य युवकों से विवाद कर रहे हैं। इसमें एक युवक को जबरदस्ती कार में बैठाने का प्रयास भी किया गया। वहीं काफी देर तक लड़के यहां पर विवाद करते नजर आए। वीडियो में एक युवक के ऊपर स्कॉर्पियो चढ़ाने का प्रयास भी हुआ है। हालांकि विजयनगर थाने में इस मामले को लेकर बात की गई तो उन्होंने इस तरह के वीडियो सामने आने और शिकायत मिलने की बात से इनकार किया है। उनके मुताबिक, यदि किसी तरह की शिकायत थाने आती है तो आरोपियों के खिलाफ एफआईआर की जाएगी।

### युवक का अपहरण कर सरियों से दागा, फिर दर्ज कराया रेप का केस

**इंदौर।** बाणगंगा इलाके में एक युवक के साथ चाचा-चाची और उनके बेटों ने जमीन विवाद के चलते अत्याचार की हदें पार कर दीं। बिहार निवासी युवक पर 17 जनवरी को घर में हमला किया, फिर दो चचेरे भाइयों ने अपने साथियों के साथ टफ-10 ब्रिज के पास से उसका अपहरण कर शाजापुर ले गए। वहां खेत पर उसे पेड़ से बांधकर बेल्ट, लाठी-डंडों से पीटा और गर्म सरिये से दागा। बाद में चाचा-चाची ने युवक पर अपनी नाबालिग बेटी से रेप का झूठा केस तक दर्ज करा दिया। पुलिस ने अपहरण और हत्या के प्रयास सहित कई धाराओं में केस दर्ज किया। युवक ने बताया कि जब वह बेहोश हो गया तो सभी आरोपी उसे वापस इंदौर ले आए। बाणगंगा टीआई सियाराम गुर्जर ने बताया कि 18 की शाम को दंपती अपनी 15 साल की बेटी और जख्मी युवक को थाने लेकर आए। यहां चाचा चाची ने अपनी बेटी की तरफ से युवक के खिलाफ रेप का केस दर्ज कराया।

### आंखों में रह गए आंसू और पिता की यादें, 15 दिनों से तीन लोग वेंटिलेटर पर

# दूषित पानी ने छीन लिया चार बेटियों के पिता को

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

भागीरथपुरा के एक घर में फिर मातम छा गया। एक परिवार से उनका अपना छीन लिया। चार बेटियों के सिर से पिता का साया उठ गया। घर के कमाने वाले मुखिया की तबीयत दूषित पानी के कारण बिगड़ती और कुछ ही दिनों में वे दुनिया से रुखसत हो गए। पिता की मौत ने परिवार को एक पल में सोचने पर मजबूर कर दिया कि अब क्या...।



भागीरथपुरा में रहने वाले हेमंत गायकवाड़ (50) की मंगलवार रात अस्पताल में मौत हो गई। मौत से पहले उनकी तबीयत ज्यादा बिगड़ी तो उन्हें वेंटिलेटर पर रखा, लेकिन थोड़ी देर बाद डॉक्टरों ने उन्हें घर ले जाने का बोल दिया। ये बात सुन परिवार के पैरों तले जमीन खिसक गई। कुछ दिनों पहले तक जो हेमंत गायकवाड़ अपनी ई-रिक्शा से स्कूल के बच्चों को लाते ले जाते थे, वे इस दुनिया को अलविदा कह गए। इधर, प्रशासन ने उनकी मौत डायरिया से नहीं होने की बात कही है।

**सालों का साथ पलों में छूट गया**

हेमंत गायकवाड़ की मौत के बाद बुधवार को भागीरथपुरा स्थित उनके घर से उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई। पत्नी कल्पना उर्फ टीना, बड़ी बेटी रिया (22), उससे छोटी जिया (21), खुशबू (15) और सबसे छोटी मनाली (12) का रो-रोकर बूरा हाल हो गया। परिवार के लोग उन्हें ढांढ़स बंधाने की कोशिश कर रहे थे। अंतिम यात्रा पर ले जाने के दौरान परिजन फूट-फूट कर रोते रहे। उन्होंने कभी सोचा भी नहीं होगा कि दूषित पानी की वजह से इतने सालों का साथ चंद पलों में छूट जाएगा। पत्नी अपने पति को और बेटियां अपने पिता को आखिरी बार जाते हुए देखते हुए रो रही थी।

### 12 साल की मासूम ने दी पिता को मुखाग्नि

अंतिम यात्रा मालवा मील मुक्तिधाम पहुंची, जहां अंतिम संस्कार की सभी प्रक्रिया शुरू की गई। हेमंत गायकवाड़ की सबसे छोटी बेटी मनाली भी मुक्तिधाम पहुंची। यह पहला मौका था, जब वह यहां आई वह भी अपने पिता को अंतिम विदाई देने। लकड़ी की शय्या पर पिता का शव रखा था। बेटी की आंखों से आंसू रुकने का नाम नहीं ले रहे थे। मासूम बच्ची ने कभी सोचा भी नहीं था कि पिता को इस हालत में देखना पड़ेगा। सभी प्रक्रिया पूरी होने के बाद चाचा संजय गायकवाड़ के साथ मिलकर मनाली ने अपने पिता को मुखाग्नि दी और अपने पिता को आखिरी विदाई दी। इस पल ने वहां मौजूद सभी लोगों को झकझोर दिया। हर किसी की आंखें नम हो गई। परिजन के साथ मनाली वापस अपने घर लौटी।

### घर के बाहर ही लगी है पितृ छाया की प्लेट

हेमंत गायकवाड़ के छोटे भाई संजय गायकवाड़ ने बताया कि दो साल पहले ही घर बनाया था। दोनों भाई के परिवार यहीं रहते हैं। जब घर बना था तब भाई ने ये घर के मेन गेट के ऊपर पितृ छाया की प्लेट लगवाई थी। पितृ छाया यानी पिता की छाया हमेशा घर पर बनी रहे, लेकिन इस घर से और चार बेटियों के सिर से पिता का साया ही हमेशा के लिए उठ गया। उन्होंने बताया कि भाई की सबसे बड़ी बेटी रिया का कॉलेज पूरा हो गया है, दूसरी बेटी जिया थर्ड ईयर में पढ़ाई कर रही है, तीसरी बेटी खुशबू 11वीं क्लास में और सबसे छोटी मनाली 7वीं क्लास में पढ़ाई कर रही है। उनकी पत्नी घर से सिलाई का काम करती है। उन्होंने बताया कि बड़े भाई हेमंत की तबीयत 15 दिन पहले खराब हुई थी। दूषित पानी के कारण उन्हें दस्त की शिकायत हुई। उन्हें दवा दी, दवा से दस्त तो बंद हो गए, लेकिन उनके पैर में सूजन आ गई। पैर तक नहीं उठ रहा था, उनका पेट भी फूलने लग गया था। इसके बाद अस्पताल में दिखाया, जहां से अरविंदो अस्पताल में रेफर कर दिया। कई दिनों से उनका इलाज चल रहा था, लेकिन उनकी हालत खराब होती जा रही थी।

### टीबी मरीज को ब्राउन शुगर तस्कर बताकर घर से उठाया, जेल में हुई थी युवक की मौत

# 9 पुलिसकर्मियों के खिलाफ जांच

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

इंदौर में कानून की रखवाली करने वाली वर्दी पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। ब्राउन शुगर के आरोप में पकड़े गए गंभीर रूप से बीमार युवक की जिला जेल में मौत के बाद सामने आए आरोपों ने पुलिस कार्रवाई की प्रक्रिया, गिरफ्तारी की वैधता को लेकर नई बहस छेड़ दी है।

पीड़ित परिवार का दावा है कि युवक को बिना एफआईआर घर से उठाया गया, अवैध वसूली की गई और बाद में झूठे एनडीपीएस केस में फंसाया गया। जब पुलिस स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो जिला न्यायालय ने एमआईजी थाने के 9 पुलिसकर्मियों के खिलाफ जांच शुरू कर दी है।

मामला 15 नवंबर 2024 का है। आरोप है कि जिस युवक को पुलिस ने



घर से उठाया था वह टीबी का मरीज था। उसकी बहन राधिका सोनी पुत्री सुरेश सोनी, निवासी प्रकाशचंद्र सेठी नगर ने 23 मई 2025 को पुलिस कमिश्नर को शिकायत सौंपी थी।

शिकायत में भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 127(2), 140(3), 201, 217, 229, 233, 238, 257, 308(6), 61(बी) और एनडीपीएस एक्ट की धारा 58 के तहत एमआईजी थाने के 9 पुलिसकर्मियों पर गंभीर आरोप लगाए गए थे।

इसके बावजूद कार्रवाई नहीं होने पर राधिका ने वकील कृष्ण कुमार कुन्हारे एवं डॉ. रूपाली राठौर के माध्यम से जिला न्यायालय इंदौर में 8 जनवरी 2026 को परिवाद पेश किया। जिसके बाद कोर्ट ने जांच के आदेश दिए हैं।

पीड़िता ने न्यायालय को बताया कि उसके भाई अजय सोनी को शासकीय टीबी अस्पताल इंदौर से छुट्टी दिलाकर घर लाया गया था। डॉक्टरों की सलाह अनुसार परिवार उसकी देखभाल कर रहा था। बीमारी के कारण अजय का वजन लगभग 30 किलो रह गया था। डॉक्टरों ने भी जवाब दे दिया था। पीड़िता के अनुसार, 15 नवंबर 2024 को एमआईजी थाने के 6 पुलिसकर्मी, जिनमें एक पुलिसकर्मी प्रवीण सिंह (ब्लैक रंग का ट्रैक सूट पहने) शामिल था, एक युवक पोलार्ड के साथ राधिका के घर पहुंचे। आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने बिना किसी एफआईआर के जबरन घर में घुसकर तलाशी ली। गद्दे के नीचे रखा अजय का आधार कार्ड उठाकर अपनी जेब में रख लिया और अजय को जबरन अपने साथ ले जाने लगे।

# इंदौर में आज से 25 तक राधास्वामी सत्संग

### चार दिन तक आईटी पार्क और तेजाजी नगर में बसें-भारी वाहन प्रतिबंधित, डायवर्शन प्लान जारी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

खंडवा रोड स्थित राधास्वामी सत्संग परिसर में 24 व 25 जनवरी को होने वाले सत्संग के चलते यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। सत्संग में शामिल होने के लिए 22 जनवरी से ही इंदौर सहित आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। इसे देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने 22 से 25 जनवरी तक विशेष ट्रैफिक प्लान लागू किया है।

**तीन इमली, देवगुराड़िया बायपास से जा सकेंगे भारी वाहन-** तीन इमली बस स्टैंड से चलने वाली बसें 22 से 25 जनवरी तक आईटी पार्क चौराहा, खंडवा रोड, तेजाजी नगर, राजीव गांधी सर्कल, राजेंद्र नगर मार्ग से नहीं जा सकेंगी। बसें पालदा नाका, देवगुराड़िया चौराहा और बायपास से चलेंगी। तीन इमली से आईटी पार्क, राजीव गांधी से आईटी पार्क और तेजाजी नगर से आईटी पार्क की ओर सभी भारी वाहन व अंतरराज्यीय वीडियो कोच बसों का प्रवेश प्रतिबंधित। भारी वाहन तीन इमली, देवगुराड़िया बायपास से आवागमन कर सकेंगे। चोइथराम, राजीव गांधी और आईटी पार्क से तीन इमली/तेजाजी नगर जाने वाले भारी वाहन राजेंद्र नगर, राऊ गोल चौराहा, बायपास, देवगुराड़िया, तीन इमली मार्ग से जाएंगे।

### मकाऊ (चीन) में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता

# शरण्या राठौर ने बढ़ाया इंदौर का गौरव, रिदमिक पेयर योग स्पर्धा में स्वर्ण पदक

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

शरण्या राठौर ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश, समाज एवं अपने विद्यालय का नाम रोशन करते हुए एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।

दिनांक 14-15 जनवरी, 2026 को गैलेक्सी मकाऊ (चीन) में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता में शरण्या राठौर ने विभिन्न योग स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पदक प्राप्त किए।

प्रतियोगिता में विश्व के 13 देशों के प्रतिभागियों ने भाग लिया, जहाँ शरण्या ने अपनी प्रतिभा, अनुशासन एवं योग साधना का प्रभावी प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के अंतर्गत रिदमिक पेयर योग स्पर्धा में स्वर्ण पदक







आर्टिस्टिक योग स्पर्धा में कांस्य पदक, एवं पारंपरिक योग स्पर्धा में चौथा स्थान प्राप्त कर शरण्या ने अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत की गौरवशाली उपस्थिति दर्ज कराई। इतने बड़े वैश्विक मंच पर अपने देश और विद्यालय का प्रतिनिधित्व करना शरण्या के लिए सम्मान की बात रही। उनकी यह सफलता निरंतर अभ्यास, समर्पण, अनुशासन एवं मार्गदर्शन का परिणाम है। यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार एवं विद्यालय, बल्कि संपूर्ण समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर हम अत्यंत उत्साहित एवं आभारी हैं तथा शरण्या के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। हमें पूर्ण विश्वास है कि वह आगे भी योग के क्षेत्र में नई ऊँचाइयों को छूते हुए देश का नाम रोशन करती रहेंगी।

## खबर एक नजर...

### सुनील शेट्टी को भेंट किया सवा लाख स्वहस्तलिखित महामृत्युंजय मंत्रों से बना महाकाल का चित्र



**उज्जैन।** महाकाल बाबा, कालभैरव के दर्शन पूजन हेतु उज्जैन आए फिल्म अभिनेता सुनील शेट्टी को वर्ल्ड रिकॉर्ड फाइन आर्ट आर्टिस्ट संजय लश्करी ने सवा लाख स्वहस्तलिखित महामृत्युंजय मंत्रों से बना महाकाल बाबा का चित्र भेंट किया। 21 जनवरी को उज्जैन में फिल्म अभिनेता सुनील शेट्टी ने महाकाल बाबा का अभिषेक, कालभैरव गर्भगृह में पूजन किया। इस दौरान वर्ल्ड रिकॉर्ड फाइन आर्ट आर्टिस्ट संजय लश्करी ने सपरिवार सकुशलता, दीघार्यु, आगामी बॉर्डर 2 में बेटे अहान शेट्टी के सुपरहिट होने, बेटी अथिया शेट्टी के शुभ की कामना कर सवा लाख स्वहस्तलिखित महामृत्युंजय मंत्रों से बना महाकाल बाबा का चित्र सादर समर्पित किया जिसे देख कर सुनील शेट्टी भाव विभोर हुए। इस दौरान प्रशासक संध्या मारकंडे, सीएसपी पुष्पा प्रजापति, आशीष कुमावत, धर्मेंद्र मालवीय, गौरवजी, थाना प्रभारी शक्तावतजी आदि मौजूद रहे। अपने प्रिय अभिनेता ह्लअन्नाह्ल की झलक पाने को असंख्य जनसमुदाय भी उपस्थित रहा।

### सौभाग्येश्वर महादेव श्रीराम मंदिर में आज हनुमान चालीसा पाठ, भजन संध्या

**उज्जैन।** ऋषिनगर स्थित सौभाग्येश्वर महादेव श्रीराम मंदिर में आज हनुमान चालीसा पाठ, भजन संध्या, छप्पन भोग, महाआरती के साथ विशाल भण्डारा नगर भोज का आयोजन होगा। महंत पुजारी लखन शर्मा ने बताया कि प्राचीन श्री सौभाग्येश्वर महादेव राम मंदिर में 21 जनवरी बुधवार से अखण्ड रामायण पाठ प्रारंभ हुआ। जिसकी पूणार्हुति आज 22 जनवरी गुरुवार होगी। वहीं संध्या 6 बजे से हनुमान चालीसा पाठ भजन संध्या प्रारंभ होगी।

# उज्जैन के जैन सोशल ग्रुप मैत्री के 200 सदस्यों ने राजस्थान में किये तीर्थ दर्शन

## 6 दिवसीय यात्रा में जानी राजस्थान की लोक-संस्कृति

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



सामाजिक संस्था जैन सोशल ग्रुप मैत्री, उज्जैन द्वारा आयोजित 6 दिवसीय राजस्थान यात्रा में लगभग 200 सदस्यों ने सहभागिता की। यात्रा का उद्देश्य परिवारों को एक साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताने का अवसर देना, राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक स्थलों का अनुभव कराना तथा प्रमुख तीर्थस्थलों के दर्शन हेतु एक सकारात्मक, सुरक्षित व अनुशासित यात्रा का आयोजन करना रहा।

उज्जैन स्थित श्री अवंती पार्श्वनाथ जी पर सभी मैत्री सदस्यों की सामूहिक उपस्थिति में भगवान जी को छाप चढ़ाने का कार्यक्रम आयोजित कर यात्रा का शुभारंभ किया गया था। यात्रा के दौरान अनेक प्रमुख पड़ावों का भ्रमण किया गया, जिसमें सुखधाम तीर्थ, सुमेरपुर, तथा श्री अभिनव महावीर धाम/आनंद महावीर धाम शामिल रहा, जहाँ मंदिर दर्शन के साथ म्यूजियम एवं डॉक्यूमेंट्री का अवलोकन कर सदस्यों ने प्रेरक विषयों पर जानकारी प्राप्त की। इसके पश्चात जवाई बाँध सफारी में प्राकृतिक सौंदर्य, संदर्भ दृश्य एवं रोमांचक वाइल्डलाइफ अनुभव सभी के लिए अत्यंत आकर्षण का केंद्र रहा। आगे यात्रा में श्री नाकोड़ा जी तीर्थ के दर्शन, बाड़मेर स्थित कुशल वाटिका, तथा जैसलमेर के प्रमुख आकर्षण जैसलमेर किला एवं पटवा हवेली का भ्रमण किया गया।

यात्रा के विशेष पड़ावों में लोद्रवा तीर्थ का भ्रमण भी रहा, जो अपनी स्थापत्य कला और पार्श्वनाथ भगवान के मंदिर के लिए प्रसिद्ध है। इसके पश्चात सदस्यों ने तनोट माता जी एवं सीमा क्षेत्र का दर्शन किया, वहीं लोंगेवाला पोस्ट पर पहुँचकर सभी सदस्यों ने देशभक्ति गीतों के साथ डॉक्यूमेंट्री देखी और भारतीय सेना के शौर्य, पराक्रम एवं समर्पण को नमन किया। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने राष्ट्रप्रेम की भावना के साथ सेना के मनोबल को बढ़ाने का संदेश भी दिया, जिससे वातावरण अत्यंत प्रेरणादायक एवं भावविभोर करने वाला बन गया।

इसके बाद यात्रा में टेंट सिटी में जीप सफारी, कैमल राइडिंग एवं डेजर्ट एक्टिविटीज के साथ राजस्थान की लोक-संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रहा, जिसमें सभी परिवारों ने आनंदपूर्वक सहभागिता की। अंत में ओसियां जी के दर्शन कर, निर्धारित कार्यक्रमानुसार वापसी हेतु भगत की कोठी एक्सप्रेस द्वारा उज्जैन के लिए प्रस्थान किया गया।

लाभार्थी संजय कोठारी एवं सह-लाभार्थी अशोक कोठारी, मनोज जैन का महत्वपूर्ण योगदान रहा। साथ ही सभी संयोजकों एवं समस्त समिति के अथक प्रयास तथा सभी सदस्यों के निरंतर सहयोग से यह यात्रा पूर्ण रूप से सफल, अनुशासित एवं स्मरणीय बन पाई। जैन सोशल ग्रुप मैत्री के अध्यक्ष अशोक कोठारी ने यात्रा की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह यात्रा केवल स्थलों का भ्रमण नहीं, बल्कि परिवारों को जोड़ने, मित्रता को मजबूत करने और सकारात्मक स्मृतियाँ बनाने का सुंदर माध्यम रही। उन्होंने सभी सदस्यों के समयपालन, सहयोग और सामूहिक सहभागिता की सराहना की। वहीं संस्था के संस्थापक अभिषेक सेठिया ने कहा कि मैत्री ग्रुप द्वारा आयोजित इस प्रकार की यात्राएँ समाज में सकारात्मकता, आपसी सामंजस्य और परिवारों में एकता का संदेश देती हैं। उन्होंने इसे लगभग 200 सदस्यों के लिए अत्यंत सुखद, प्रेरणादायक और अनुभवपूर्ण यात्रा बताते हुए सभी सहभागी सदस्यों को धन्यवाद दिया। संस्था के सचिव संजय जैन (सोनी) ने बताया कि यात्रा के दौरान समय-सारिणी, समन्वय, व्यवस्थाओं एवं सदस्यों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे यह यात्रा सुचारु रूप से सम्पन्न हुई।

## राजपूत समाज की महिलाओं ने मनाया हल्दी कुमकुम पर्व

# पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुई क्षत्राणियां, चेयर रेस, सितोलिया, गुल्ली डंडा के साथ खेली कबड्डी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

राजपूत समाज की महिलाओं ने पारंपरिक हल्दी कुमकुम पर्व का आयोजन परंपरानुसार बड़े उत्साह और श्रध्दा के साथ मनाया। सभी क्षत्राणियों ने पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होकर संस्कृति की झलक प्रस्तुत की।

कार्यक्रम की शुरूआत महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण कर गणेश वंदना से हुई। महिलाओं के लिए विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया जिसमें चेयर रेस में प्रथम ममता पंवार, द्वितीय अंजू भदौरिया, तृतीय दीपा राणे रहीं। गुल्ली डंडा के खेल में प्रथम नरेंद्र कुंवर, द्वितीय रूपा और तृतीय मीना पंवार रही। सितोलिया और कबड्डी दो टीमों के बीच हुआ जिसमें सितोलिया में प्रथम टीम अंजू सोलंकी की रही। वहीं रोमांचक हुए कबड्डी मैच में पद्मावती टीम की कप्तान हेमंतकुंवर राठौर की टीम विजयी रही, उपविजेता विजिया राजपूत की टीम दुर्गावती रही। प्रमुख अतिथि उषा पंवार राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा एवं राधा चौहान राष्ट्रीय प्रमुख महामंत्री अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा विजेता टीम को पुरस्कार वितरण



किया गया। इसमें 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की वरिष्ठ क्षत्राणियों का सम्मान कर उनका आशीष प्राप्त किया। प्रमुख आयोजक उषा पंवार ने कहा ऐसे आयोजन निरंतर होते रहना जिससे हमारी संस्कृति पोषित होती है। संस्कार प्राप्त होते हैं, मेल जोल बड़ता है। सभी प्रतिभागियों में बचपन की यादें ताजा होती है और भरपूर मनोरंजन होकर आनंद की प्राप्ति होती है। जीवन की भागदौड़ की दुनिया से ग्रहणियां बाहर निकरकर कुछ क्षण आनंद के साथ व्यतीत होता है। सभी को सफल आयोजन की बधाई आपस में दी साथ ही अगले वर्ष पुनः आयोजन करने का संकल्प लिया और धन्यवाद के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। आभार राधा चौहान ने माना।

### 1 फरवरी को मनाया जाएगा संत शिरोमणि रविदासजी का 649वां जन्मोत्सव

**उज्जैन।** संत रविदास जयंती समारोह हेतू रविदास समाज की बैठक संत रविदास जयंती समारोह समिति उज्जैन एवं संत रविदास शोध संस्थान मध्य प्रदेश के तत्वावधान में सम्पन्न हुई। आयोजन समिति के अध्यक्ष भगवान खाण्डेगार ने बताया कि संत शिरोमणि रविदासजी का 649वां जन्मोत्सव संपूर्ण विश्व में 1 फरवरी 2026 को मनाया जा रहा है। बैठक में निर्णय लिया गया कि 31 जनवरी को दोपहर 1 बजे टावर चौक से विशाल वाहन रैली निकाली जाएगी। सभी को इस रैली में सम्मिलित होने का आग्रह किया गया। इसके अलावा 1 फरवरी को प्रातः 7 बजे प्रभात फेरी नामदारपुरा स्थित मंदिर क्षेत्र के आसपास मोहल्ले में निकाली जाएगी। इसके पश्चात शिप्रा तट स्थित संत रविदास घाट पर पहुंच कर पुष्पांजलि के साथ ही प्रसाद वितरण भी किया जावेगा। बैठक में मुख्य रूप से बालकिशन डेहरिया, शंकर लाल विनेखा, महेश गोरे, दीपचंद जाटव, मांगू पहलवान, कैलाश सूर्यवंशी, मोतीलाल विनेखा, ललित निंबोरिया, गुलाब भंडारी, बंटी खरे, राहुल खोजे, मोतीलाल विनेखा, कैलाश बिलोरे, भागीरथ खोजे, प्रकाश बिलोरे, कमलेश तिलवे, गुलाब भंडारी, आकाश चूरीया, गौतम खिरवे, गुलाब जाटव, दिलीप उछाड़िया, गंगाराम सूर्यवंशी, मोहन आमलिया, देवी लाल परमार, विनोद चोपड़ा सहित समाज के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे

# तीन दिवसीय श्री शिव शक्ति परिवार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की हुई पूणार्हुति

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

श्री नृसिंह घाट स्थित शनि मंदिर मंदिर पर नरसिंहेश्वर महादेव की स्थापना हुई। इसी के साथ तीन दिवसीय श्री शिव शक्ति परिवार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की पूणार्हुति हुई।

महंत श्री वेदपुरी जी महाराज के अनुसार विश्व कल्याण और राष्ट्र कल्याण हेतु हो रहे इस आयोजन को विधिवत पूर्ण किया गया। जिसमे आचार्य भरत गुरु, राम जी, चेतन गुरु (सती मंदिर), पवन गुरु और समस्त मंडली





मौजूद रही। मंगलनाथ महादेव मंदिर पुजारी शुभम भारती महाराज, महंत श्री संजय पुरी महाराज राजस्थान, महंत श्री रामजी स्वामी दंडी आश्रम, महंत श्री नितिन बैरागी शनि मंदिर त्रिवेणी, महंतश्री सुखदेव नाथ मंदसौर, महंतश्री नीलेशानंद पुरी जूना अखाड़ा राम घाट सहित देश भर से संत महंत पधारे। 251 बटुकों के साथ हजारों भक्तों ने महाप्रसादी ग्रहण की। आयोजन में मंगलनाथ पुजारी शुभम भारती का विशेष योगदान रहा। पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा शुभम भारती ने बनाई।

## खबर एक नजर...

### गुजराती खड़ायता समाज ने मातृशक्ति के हाथ में दी कमान

**उज्जैन।** गुजराती खड़ायता समाज ने पहली बार समाज की बागडोर मातृशक्तियों के हाथ में दी है। प्रथम बार समाज की महिला अध्यक्ष चुनी गई, सचिव, कोषाध्यक्ष भी समाज की मातृशक्तियों को ही बनाया गया। सर्वसम्मति से महिला वर्ग को वर्चस्व देते हुए अध्यक्ष रीना अशोक शाह, सचिव पारूल राजेंद्र शाह तथा कोषाध्यक्ष भावना दीपक शाह को चुना गया। नवीन कार्यकारिणी गठन पर समाज के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र शाह, सचिव अशोक शाह, कोषाध्यक्ष सचिन शाह, दीपक शाह, चिराग शाह के साथ वरिष्ठजन जितेंद्र गांधी, दिलीप शाह, दिनेश शाह, स्वप्निल शाह, पराग शाह, सुमीत शाह, वैभव शाह, कौशल शाह, स्नेहल शाह, अमी शाह, निशा गांधी सहित समाजजनों ने हर्ष व्यक्त किया।

### उज्जैन मे्ओं हुआ सर्वधर्म दिव्यांग युवक-युवति परिचय सम्मेलन

**उज्जैन।** सर्वधर्म दिव्यांग विकास समिति उज्जैन द्वारा सर्व समाज दिव्यांग युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन उज्जैन में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में सर्व समाज के दिव्यांग युवक-युवतियों ने अपना परिचय दिया।

सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश अध्यक्ष रवि मालवीय ने बताया कि कालिदास अकादमी में आयोजित दिव्यांग युवक युवती सम्मेलन का यह सातवां वर्ष था जिसमें बड़ी संख्या में युवक-युवतियों ने अपना परिचय दिया। अतिथि के रूप में विधायक महेश परमार, भाजपा अजा मोर्चा जिला अध्यक्ष पुष्पा चौहान, सर्वधर्म दिव्यांग विकास समिति जिलाध्यक्ष अध्यक्ष वर्षा कछवाय, भाजपा अजा मोर्चा जिला महामंत्री रमेश कलेसरिया, भगवान खांडेकर, पूर्व पार्षद बंटी नेता, मुकेश सूर्यवंशी, अशोक मालवीय सहित सभी कार्यकारिणी मेंबर और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रसिद्ध अभिनेता आशुतोष राणा ने किए श्री महाकालेश्वर के दर्शन

### रोहित मित्तल मित्र मंडल ने किया भव्य स्वागत

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



फिल्म जगत के प्रसिद्ध अभिनेता आशुतोष राणा का उज्जैन आगमन हुआ। उज्जैन पहुंचने पर उन्होंने श्री महाकालेश्वर मंदिर में भगवान श्री महाकालेश्वर जी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उनके साथ उद्योगपति ललित अग्रवाल भी उपस्थित रहे। दर्शन के दौरान अभिनेता आशुतोष राणा नंदी हॉल में बैठकर भगवान महाकाल का ध्यान करते नजर आए। दर्शन उपरांत श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उनका पारंपरिक तरीके से स्वागत एवं सम्मान किया गया। रोहित मित्तल ने जानकारी देते हुए बताया कि उज्जैन आगमन पर रोहित मित्तल मित्र मंडल द्वारा अभिनेता आशुतोष राणा एवं उद्योगपति ललित अग्रवाल का भव्य स्वागत किया गया।

दर्शन के बाद अभिनेता आशुतोष राणा ने कहा कि देवाधिदेव महादेव का यह ऐसा दिव्य दरबार है, जहां मैं जब भी आता हूं, धन्यवाद देने के लिए आता हूं। महाकाल जी ने जो कुछ भी दिया है, वह अद्भुत दिया है। जीवन भी उन्होंने अद्भुत दिया है। जहां भूत, भविष्य और वर्तमान तीनों काल एक साथ विराजित हों, वही महाकाल हैं। ऐसे देवाधिदेव महादेव के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने श्री महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन व्यवस्था, सुरक्षा और प्रबंधन की भी सराहना करते हुए इसे श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत सुव्यवस्थित बताया। इस अवसर पर आलोक वशिष्ठ जी, निशांत यादव जी, रवि दरबार, मुन्ना सरकार, कालू माली, विकास यादव, अजय राय, कुणाल मालवीय एवं नवीन मालवीय सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय सामाजिक सुरक्षा अकादमी को मिला प्रथम पुरस्कार

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

भारत सरकार के गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग द्वारा वर्ष 2024-25 के दौरान राजभाषा नीति में श्रेष्ठ कार्य-निष्पादन के लिए कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के उज्जैन स्थित आँचलिक प्रशिक्षण संस्थान पं. दीनदयाल उपाध्याय सामाजिक सुरक्षा अकादमी उज्जैन को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया।

आँचलिक प्रशिक्षण संस्थान पं. दीनदयाल उपाध्याय सामाजिक सुरक्षा अकादमी में शत प्रतिशत रूप से हिंदी में कार्य किया गया। गृह मंत्रालय द्वारा की गई वर्ष 2024-25 की समीक्षा में इस कार्यालय को उत्कृष्ट श्रेणी दी गई थी। इसी कारण इस कार्यालय को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। गृह मंत्रालय द्वारा पश्चिमी क्षेत्र, मध्य क्षेत्र व दक्षिण क्षेत्र के केंद्र सरकार के कार्यालयों की समीक्षा की गई थी कि वे हिंदी राजभाषा का क्रियान्वयन ठीक प्रकार से कर रहे हैं या नहीं, साथ ही परफार्मेंस भी देखा गया। यह पुरस्कार श्री बंडी संजय कुमार केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री भारत सरकार के द्वारा 20 जनवरी को इंदौर में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में सम्मान समारोह में इस संस्थान के क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त विकास सोदाई तथा कनिष्ठ अनुवादक अधिकारी दीपक खरपुसे को प्रदान किया गया।

## नीलगंगा सरोवर पर नीलकंठ घाट, गंगा द्वार का पूजन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



जूना अखाड़ा नीलगंगा पर नीलकंठ घाट पर बनने वाले गंगा द्वार का पूजन अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री और श्री पंचदशनाम जुना अखाड़ा के मुख्य संरक्षक श्रीमहंत हरि गिरि महाराज के साथ संभाग आयुक्त सह मेला अधिकारी आशीष सिंह, कलेक्टर रोशन सिंह, पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा, क्षेत्रीय पार्षद और एमआईसी मेंबर दुर्गा चौधरी सहित साधु संतों की मौजूदगी में पूजन संपन्न हुआ।

उल्लेखनीय है की सिंहस्थ के समय नीलगंगा सरोवर का अपना एक अलग महत्व है। नीलगंगा सरोवर पर नीलकंठ महादेव घाट पर अखाड़ा परिषद महामंत्री हरि गिरि महाराज ने श्रद्धालुओं और साधु संतों की सुविधा और सरोवर की उचित साफ सफाई की व्यवस्था को देखते हुए नीलगंगा घाट के समीप नीलकंठ घाट पर गंगा द्वार का कार्य प्रारंभ करवाया। बुधवार को संभाग आयुक्त आशीष सिंह सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने विधि विधान के साथ पूजन कर कार्य का शुभारंभ किया। साथ ही नीलगंगा सरोवर स्थित मां नीलगंगा का पूजन किया। इस अवसर पर मेला अधिकारी और कलेक्टर ने अखाड़ा परिषद महामंत्री हरि गिरि महाराज का शाल श्रीफल से सम्मान किया। इस अवसर पर जुना अखाड़े के राष्ट्रीय सचिव रामेस्वर गिरी महाराज, परमानन्द गिरी महाराज, चन्द पांडे, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के प्रबंधक डॉ गोविंद सोलंकी, समन्वयक डॉ राहुल कटारिया सहित भक्तजन मौजूद थे।

## श्री केशरियानाथ-यक्षराज माणिभद्र तीर्थधाम पर मनेगा श्री माणिभद्र यक्षराज का 553वाँ जन्मोत्सव

### 16वाँ ध्वजारोहण के साथ होगा विशाल हवन-पूजन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



भैरवगढ़ स्थित श्री केशरियानाथ माणिभद्र यक्षराज तीर्थधाम पर माघ सुदी पंचमी, शुक्रवार 23 जनवरी को श्री माणिभद्र यक्षराज के 553वें जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर 16वाँ भव्य ध्वजारोहण, विराट हवन-पूजन एवं स्वामीवात्सल्य महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

श्री आदेश्वर- चन्दाप्रभु ट्रस्ट नयापुरा के मीडिया प्रमुख विकास कोठारी व प्रदीप दख ने बताया कि जिनागमसेवी गच्छाधिपति आचार्य भगवंत श्री नरदेवसागरसूरीश्वरजी म.सा. एवं श्री माणिभद्र यक्षराज तीर्थोद्धारक आचार्य भगवंत श्री अशोकसागरसूरीश्वरजी म.सा. के आशीर्वाद से संपूर्ण वातावरण धर्ममय, संयममय और आध्यात्मिक तेज से परिपूर्ण रहेगा। यह महोत्सव केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि जिन संस्कृति, अनुशासन, तप, त्याग और सेवा भावना की विराट अभिव्यक्ति है, जिसमें हजारों श्रद्धालु एकत्र होंगे। प्रातः काल से संध्या तक आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत तीर्थ परिसर मे कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 8:30 बजे भव्य स्नात्र पूजन से होगा जो की श्री माणिभद्र स्नात्र मण्डल, नयापुरा द्वारा किया जायेगा। तत्पश्चात 9 बजे सत्तरभेदी पूजन श्री चन्दाप्रभु महिला मण्डल व श्री आदेश्वर बहु मण्डल द्वारा किया जायेगा पश्चात नवकारसी का आयोजन होगा। प्रातः 10 बजे से तीर्थ परिसर के समस्त शिखर पर ध्वजारोहण के साथ समूचा तीर्थ परिसर नवकार महामंत्र व जयघोष से गूंजेगा। इसके पश्चात 11 बजे से विशाल महाहवन- महापुजन प्रारंभ होगा, जिसमें जैन वैदिक मंत्रोच्चार और पवित्र आहुतियों के माध्यम से विश्व शांति, धर्मवृद्धि और मानव कल्याण की कामना की जाएगी व प्रातः 11:30 बजे से स्वामीवात्सल्य का आयोजन आरम्भ होगा, जिसमें समाजजन सहभागिता कर पुण्यलाभ अर्जित करेंगे। हजारों श्रद्धालुओं की सहभागिता, समाज में उत्साह का वातावरण के साथ आयोजन में उज्जैन सहित मालवा अंचल, मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों तथा बाहर से भी सैकड़ों श्रावक-श्राविकाएँ एवं धर्मप्रेमी बंधु सहभागिता करेंगे। संपूर्ण श्रीक्षेत्र में सजावट, ध्वज, तोरण, पुष्पवर्षा व भक्ति संगीत के माध्यम से उत्सवमय वातावरण निर्मित होगा। श्री आदेश्वर-चन्दाप्रभु ट्रस्ट मण्डल नयापुरा के अनुसार प्रतिवषार्नुसार इस वर्ष भी यह महोत्सव धर्म, संस्कृति और सामाजिक समरसता का जीवंत उदाहरण बनेगा, जिसमें नई पीढ़ी को जैन परंपरा से जोड़ने का भी विशेष प्रयास किया जा रहा है। श्री माणिभद्र यक्षराज : श्रद्धा, संरक्षण और समृद्धि के प्रतीक श्री माणिभद्र यक्षराज को श्रद्धा, सुरक्षा, समृद्धि एवं धर्मरक्षा का प्रतीक माना जाता है। उनके जन्मोत्सव पर होने वाले अनुष्ठानों से श्रद्धालुओं में आत्मिक शांति, विश्वास और धर्मबल की अनुभूति होती है। 553 वर्षों से चली आ रही यह परंपरा आज भी अटूट आस्था व भक्ति का केंद्र बनी हुई है। श्री आदेश्वर- चन्दाप्रभु ट्रस्ट नयापुरा के अध्यक्ष सुभाष दुग्गड व ट्रस्ट के सचिव कमल पिछोलिया ने समस्त जिनशासन धर्मप्रेमी नागरिकों से आग्रह किया है कि वे इस ऐतिहासिक, पुण्यप्रद एवं अलौकिक अवसर पर सपरिवार उपस्थित होकर ध्वजारोहण, हवन-पूजन व स्वामीवात्सल्य का लाभ लें और जिनशासन की प्रभावना में सहभागी बनें।

# राज्य स्तरीय कराते चैम्पियनशिप में समृद्धि ने गोल्ड, अन्वी ने ब्रॉन्ज मैडल जीता

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन




बालाघाट मे आयोजित राज्य स्तरीय कराते चैम्पियनशिप मे उज्जैन की दो जूनियर बालिका खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की।

सम्भागीय कराते प्रमुख सेंसेई दुर्गेश कवरेती नेशनल कोच ने बताया कि समृद्धि राठौर ने गोल्ड मैडल ह्लकाताह्ल, अन्वी राठौर ने ब्रॉन्ज मैडल ह्लकुमितेह्ल ह्लजीतकर उज्जैन जिले का नाम रोशन किया। इस 16वीं राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप में उज्जैन सहित मध्यप्रदेश के कई जिलों की टीमें भाग लिया। समृद्धि और अन्वी राठौर की इस उपलब्धि पर संभाग के कराते परिवार ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दोनों बेटियां अपने माता पिता का नाम रोशन करते रहें। आयोजकों के अनुसार यह प्रतियोगिता न केवल खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देगी, बल्कि उज्जैन जिले को खेलों के नक्शे कदम पर एक नई पहचान भी दिलाएगीह्ल ह्लसेल्फ डिफेन्स स्कूल ऑफ इंडियन करातेह्ल ह्लखेल के विकास एवं विस्तार हेतु निरंतर कार्य कर रही है। दुर्गेश कवरेती ने कहा कि समृद्धि राठौर व अन्वी राठौर की इस जीत का श्रेय उनके माता - पिता व कोच सेंपाई पूनम कुर्वाड़िया को जाता है। नीमच जिले से टीम मैनेजर के रूप मे सेंपाई ऋतु परमार, नेशनल रेफरी /जज रहीं।

## खबर एक नजर...

### मानसिक स्वास्थ्य सलाहकार समिति ने छात्रों को दिया मार्गदर्शन

**उज्जैन।** शासकीय संस्कृत महाविद्यालय में 21 जनवरी को मानसिक स्वास्थ्य सलाहकार समिति द्वारा छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि काउंसलर के रूप में डॉ. सुशील खंडेलवाल उपस्थित रहे। छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान करते हुए उन्होंने विभिन्न समस्याओं से जूझने एवं जीवन के प्रति सकारात्मक नजरिया रखने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया। वर्तमान में फैल रही समस्याओं के प्रति जागरूक रहने एवं हर समस्या का समाधान प्राप्त करने हेतु महाविद्यालय में निर्मित समिति एवं अपने गुरुजनों से संपर्क करने हेतु आग्रह किया गया। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सीमा शर्मा द्वारा छात्रों को काउंसलर से नियमित संपर्क में रहने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया गया। नोडल अधिकारी यश शर्मा द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। डॉ ममता मलिक द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। कार्यक्रम में डॉ हेमंत शर्मा, डॉ. भवानी शंकर भारती, डॉ. महिमा शास्त्री, डॉ. कंचन तिलवानी, नीता पंड्या, विश्वास घोड़गांवकर, रमाशंकर कोल, राम प्रसाद पवार एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान हो रही धांधलियों को लेकर सौंपा ज्ञापन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़नगर

विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान हो रही धांधलियों को लेकर पूर्व विधायक मुरली मोरवाल के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण प्रतिनिधिमंडल ने अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसील निर्वाचन अधिकारी को मुख्य निर्वाचन अधिकारी भोपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से पूर्व विधायक मुरली मोरवाल ने सत्ताधारी दल के पदाधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि निर्वाचन कानूनों का खुला उल्लंघन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत प्रारूप-07 का दुरुपयोगरू विधानसभा क्षेत्र-218 बड़नगर के विभिन्न मतदान केंद्रों पर वैध मतदाताओं के नाम हटाने के लिए थोक में (1 से 200 नाम प्रति केंद्र) झूठी आपत्तियां दर्ज कराई जा रही हैं। अधिकारियों पर दबाव (बी.एल.ओ.) स्तर के कर्मचारियों पर अनुचित दबाव बनाया जा रहा है कि वे पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से काटें। ऐसा न करने पर उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी जा रही है। फर्जी हस्ताक्षर का खेल आपत्तियों के लिए उपयोग किए जा रहे फॉर्म पर वास्तविक हस्ताक्षर के बजाय फर्जी हस्ताक्षर किए जा रहे हैं ताकि भविष्य में कानूनी कार्रवाई (लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 31) से बचा जा सके। हम लोकतंत्र की जड़ों पर प्रहार नहीं होने देंगे। सत्ता के दबाव में आकर पात्र और वैध मतदाताओं के नाम हटाना एक दंडनीय अपराध है। निर्वाचन आयोग को चाहिए कि वह इस पूरी प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच कराए और दोषियों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई करे। पूर्व विधायक मोरवाल ने ग्रामीण व नगर वासियो से अपिल की है कि यदि किसी भी व्यक्ति का गलत ठंग से नाम काटा गया हैं तो उसकी शिकायत दर्ज कराने कोर्ट परिसर पहुँचे। ज्ञापन सौंपने के दौरान नेता प्रतिपक्ष अजहर उद्दीन, पार्षद फकिर मोहम्मद, एडव्होकेट मथुरालाल यादव, रामलाल माली, महेश विजयवर्गीय, मनोहरलाल शर्मा वनिष राज कटारिया फारुख सोलंकी, इरशाद भाई आदि उपस्थित थे।



### वर्षा प्रजापत संभाग स्तरीय महिला क्रॉस कंट्री दौड़ में प्रथम

**बड़नगर।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बड़नगर की छात्रा वर्षा प्रजापत ने संभाग स्तरीय महिला क्रॉस कंट्री दौड़ में जवाहरलाल नेहरू शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर जिला शाजापुर मध्य प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर सुनील उदीवाल एवं क्रीड़ा विभाग प्रभारी मनोहर सिंह निगवाल के साथ-साथ समस्त स्टाफ ने बालिका को बधाई दी एवं हर्ष व्यक्त किया उक्त जानकारी नवीन मकवाना ने दी।

## गुलाब शाह वाली का उर्स श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया, चादर पेश कर अमन-शांति की दुआ की

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

आजाद कॉलोनी स्थित गुलाब शाह वाली की मजार पर गुलाब शाह कमेटी द्वारा उर्स के मौके पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उर्स को परंपरागत रूप से श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मजार को आकर्षक लाइटों एवं फूलों से सजाया गया, जिससे संपूर्ण परिसर रौशन नजर आया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मानव अधिकार जिला अध्यक्ष एवं ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के जिला अध्यक्ष इम्तियाज अंसारी उपस्थित थे। कमेटी के अध्यक्ष जावेद भाई ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी उर्स के अवसर पर चादर पेश एवं लंगर का आयोजन किया गया। उर्स के मौके पर सुबह से लेकर शाम तक मजार पर जायरीनों की भारी भीड़ लगी रही। मगरिब की नमाज के बाद कमेटी के युवाओं द्वारा मजार पर चादर एवं फूलों की चादर चढ़ाई गई। इस दौरान देश में अमन-शांति और भाईचारे की दुआ की गई। कार्यक्रम में कमेटी के सदस्य एवं मजार पर आने वाले जायरीन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। चादर पेश करने के पश्चात लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की और नियाज की बरकत हासिल की। कार्यक्रम के अंत में कमेटी ने अतिथि एवं आए साथियों का सफा बनकर एवं फूलों की माला से स्वागत किया। जिला अध्यक्ष इम्तियाज अंसारी ने कहा कि यह पर गुलाब शाह वाली की मजार बरसों पुरानी आस्था का केंद्र है। मान्यता है कि जो भी जायरीन सच्चे मन से मजार पर अपनी मन्नत लेकर पहुंचता है, उसकी मन्नत गुलाब शाह वाली पूरी करते हैं। इसी आस्था के चलते बड़ी संख्या में लोग यहां मन्नत मांगने आते हैं और मन्नत पूरी होने पर चादर पेश कर अपनी श्रद्धा अर्पित करते हैं।

# फ्रीगंज तीन बत्ती चौराहे पर जाम से पैदल चलना भी हुआ दुश्वार

### सड़कों पर पार्क हो रही गाडियां, परेशानी बढ़ी

### फ्रीगंज शहीद पार्क के इतने बड़े मार्केट में एक भी पार्किंग नहीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

वैसे तो शहर में जाम की समस्या हमेशा ही रहती है। लेकिन फ्रीगंज तीन बत्ती चौराहे पर जाम की समस्या से लोगों को मुश्किलें झेलनी पड़ी रही है। स्थिति यह रहती है कि तीन पत्ती चौराहे पर लंबी वाहनों की कतार लगी रहती है सड़क पर खड़े वाहनों की वजह से हमेशा यातायात व्यवस्था बिगडी रहती है। इधर पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने,यातायात विभाग की नरमी और वाहन चालकों की मनमानी के कारण यातायात व्यवस्था ऐसी बिगड़ती है कि, देर शाम तक इस चौराहे पर जाम की स्थिति रहती है। वाहन चालकों की मनमानी के चलते दिनभर हर दस मिनट पर जाम लगता रहता है। बुधवार को इधर टैफिक इस कदर बिगड़ा कि, लोग परेशान थे, कहां से निकले,कैसे और कहां से चले। शहर के सभी प्रमुख चौराहों और तिराहों पर वाहन चालकों की मनमानी रोकने और उन्हें टोकने वाला कोई नहीं है। लोग कही से कैसे भी वाहन घुसा दे रहे हैं। जिससे चौक-चौराहों पर अक्सर जाम लग रहा है। शहर में कुछ चोराहों पर ट्रैफिक सिग्नल चालू है, बाकी सिग्नल कुछ दिन काम करते हैं और खराब हो जाते हैं।

पहले निकलने की होड़ में दोपहिया और चार पहिया वाहन चालक कही से भी गाड़ी आगे बढ़ा देते हैं,जिससे वाहनों का काफिला आमने-समाने आ जाता है और जाम की स्थिति बन जाती है। चौराहे-तिराहे पर जाम की स्थिति किसी एक जगह नहीं, बल्कि पूरे शहर में है। सड़क पर पार्क गाडियों को हटाने के लिए यातायात पुलिस को क्रेन दी गई थी,लेकिन शहर में न तो ट्रैफिक कर्मचारी और न ये मशीन कभी कार्रवाई करते नजर आते हैं।

### पार्किंग न होने से गड़बड़ाई व्यवस्था

पार्किंग के लिए शहर के बाजार में जगह निर्धारित नहीं होने से लोग कही भी अपने दो पहिया एवं चार पहिया वाहन खड़ा कर देते हैं। ज्यादातर लोग सड़क से सटाकर ही अपना वाहन खड़ाकर देते हैं, जिसके कारण फ्रीगंज क्षेत्र के अधिकतर मुख्य मार्गो की यातायात व्यवस्था अक्सर लडखड़ा जाती है।

### मुख्य मार्ग पर जाम जैसी स्थिति निर्मित हो रही

फ्रीगंज, शहीद पार्क और तीन बत्ती चौराहे से लेकर सिंधी कॉलोनी तक के बिगड़ी रहती है है। फ्रीगंज से शहीद पार्क के इतने बड़े मार्केट में एक भी पार्किंग होने से सड़क और सड़क का किनारा ही पार्किंग बन गया है। जिससे जाम लग रहा है। इस ओर स्थानीय प्रशासन एवं यातायात पुलिस का कोई ध्यान नहीं है। साथ ही आवागमन बाधित करने वालों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। सड़क तक दुकानें फैली हैं, दुकान से सटकर गाडियों की पार्किंग की जा रही है। ऐसे में सिंगल सड़क पर दो तरफा वाहनों के आवागमन से जाम लग रहा है।

### नहीं हो रहा नियमों का पालन

शहर के लोग यातायात नियमों के पालन को तब्जजों नहीं दे रहे हैं। चाहे सड़क पर चलने की बात हो या वाहन पार्किंग की, हर जगह नियम का पालन नहीं किया जा रहा है। जल्दी निकलने के फेर में लोग खुद ही जाम लगा बैठते हैं, ऐसे में न वो खुद जल्दी निकल पा रहे,न दूसरे। दोपहिया वाहन चालक वाहन चलाते समय चार पहिया वाहनों के सामने या बगल से कभी भी गाड़ी निकाल देते हैं। ऐसे में दुर्घटना और विवाद हो जाते हैं। लेकिन फिर भी लोग ट्रैफिक नियम को लेकर लापरवाही बरत रहे हैं। हैरत की बात ये है कि इसका खामियाजा भी उन्हें ही भुगतना पड़ रहा है। फिर भी कोई भी ट्रैफिक नियम को लेकर गंभीर नहीं है।

## पहले दिन की गणना में दानपेटी से 19 लाख रुपये से अधिक निकले

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

विश्व प्रसिद्ध अष्टमुखी भगवान पशुपतिनाथ मंदिर में स्थित दान पेटी को बुधवार को खोला गया। पहले ही दिन की गिनती में दान पात्र से 19 लाख 72 हजार 50 रुपए नकद राशि निकली है। नोटों की गिनती का काम आज भी चलेगा। इस बार दान में भारतीय मुद्रा के साथ-साथ विदेशी करेंसी, चांदी के आभूषण और सोना भी प्राप्त हुआ है। प्राप्त जानकारी अनुसार बुधवार को खुली दान पेटी में भारतीय नोटों के अलावा विदेशी मुद्रा भी मिली है। इसमें संयुक्त राज्य अमेरिका, नेपाल और संयुक्त अरब अमीरात का एक-एक नोट शामिल है। वहीं दान पेटी से चांदी के आभूषण और सोना भी प्राप्त हुआ है। फिलहाल गिनती जारी है।

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी 63 जनशिकायतें

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़वानी



कलेक्ट्रेट कार्यालय बड़वानी में प्रति मंगलवार आयोजित होने वाली साप्ताहिक जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने जिलेभर से आए ६३ आवेदकों की समस्याओं को व्यक्तिगत रूप से सुना।

लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत राशि प्राप्त न होने के संबंध में श्रीमती गजुबाई पति किशोर द्वारा जनसुनवाई में आवेदन दिया गया। कलेक्टर द्वारा इस शिकायत की सूक्ष्मता से जाँच हेतु निर्देश दिये गये। । महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लाड़ली बहना योजना पोर्टल पर आवेदन क्रमांक के अनुसार अवलोकन से यह स्पष्ट हुआ है कि हितग्राही का आवेदन पूर्णतः वैध है। जो एनपीसीआई से आधार मैपिंग से हटने के कारण योजना का लाभ हितग्राही को नहीं मिल पा रहा था । मैपिंग के पश्चात हितग्राही को उनके बैंक खाते में माह जून 2023 से पात्रतानुसार डी.बी.टी. के माध्यम से भुगतान किया गया । ग्राम ब्राह्मणगांव (तहसील ठीकरी) के निवासी श्री बहादुर पंवार ने अपनी माताजी स्व. अनिताबाई पति राजु पंवार की मृत्यु के उपरांत मध्य प्रदेश शासन की संबल योजना के तहत मिलने वाली अनुग्रह राशि न मिलने की शिकायत की। प्रार्थी के अनुसार, 5 जुलाई 2025 को आवेदन देने के बावजूद पंचायत सचिव व सरपंच द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया जा रहा है। कलेक्टर ने उक्त आवेदन को जिला श्रम अधिकारी को प्रेषित कर जांच उपरांत उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये ।

सेंधवा निवासी सिद्धार्थ पिता राजेश धामोने ने आवेदन देकर बताया कि उनके पिता स्व. राजेश धामोने की शासकीय सेवा अस्पताल सेंधवा में वार्डबाय के पद पर रहते हुये 4 जून 2025 को आकस्मिक निधन हो गया है।

# अनियंत्रित होकर पलटी मजदूरों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली, 22 से अधिक घायल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर



जिले की दलौदा तहसील के ग्राम हनुमंतिया के पास मंगलवार देर रात मजदूरों से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे उसमें सवार २२ से ज्यादा मजदूर घायल हो गए। घायलों में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हैं। बुधवार सुबह मिली जानकारी के अनुसार, कई मजदूरों की हालत गंभीर बनी हुई है, जिनका उपचार जिला चिकित्सालय में चल रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ट्रैक्टर-ट्रॉली में करीब 3 दर्जन मजदूर सवार थे। ये सभी मजदूर सेजपुरिया में मजदूरी का काम खत्म कर वापस अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान हनुमंतिया के समीप अचानक सामने आए एक स्कूटी सवार को बचाने के चक्कर में ट्रैक्टर चालक ने तेजी से ब्रेक लगाए, जिससे ट्रॉली असंतुलित होकर पलट गई। हादसा इतना भीषण था कि ट्रॉली पलटने के बाद उसमें सवार मजदूर सड़क पर इधर-उधर बिखर गए और चीख-पुकार मच गई। अस्पताल घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय राहगीरों ने मदद शुरू की और एम्बुलेंस के माध्यम से घायलों को जिला अस्पताल पहुँचाया। हादसे की खबर लगते ही दलौदा तहसीलदार सहित पुलिस के आला अधिकारी अस्पताल पहुँचे और घायलों के उपचार की व्यवस्था देखी।

## खबर एक नजर...

### दशपुर बीसा पोरवाल सोशल ग्रुप में 283 का हुआ रक्त परीक्षण

मंदसौर। दशपुर बीसा पोरवाल सोशल ग्रुप, मंदसौर द्वारा जिला चिकित्सालय के सहयोग से निःशुल्क मेगा रक्त परीक्षण एवं टी.बी. स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में समाजजनों ने भारी उत्साह दिखाया, जिसके अंतर्गत 283 व्यक्तियों का रक्त परीक्षण और 60 व्यक्तियों की टी.बी. स्क्रीनिंग की गई। 21 टी.बी. मरीजों को न्यूट्रिशन बास्केट भी प्रदान की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दशपुर बीसा पोरवाल समाज के अध्यक्ष लोकेंद्र जैन गोटावाला ने कहा कि, सोशल ग्रुप द्वारा इस वर्ष ऐतिहासिक सेवा कार्य किए जा रहे हैं। विशिष्ट अतिथि श्री आदिनाथ मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष निर्मल जैन मच्छीरक्षक, स्थानकवासी समाज के अध्यक्ष अजीत जैन थंबावाला, समाज सचिव पवन जैन एचएम एवं संयोजक संजय पोरवाल डीएन उपस्थित रहे। ग्रुप अध्यक्ष सीए मयंक जैन ने बताया कि सदस्यों और उनके परिवार की सेहत को ध्यान में रखकर यह निःशुल्क शिविर लगाया गया है। शिविर में ग्रुप के कुशल पोरवाल, निखिल मच्छीरक्षक, सोविल पोरवाल, पल्लव पोरवाल, नितिन रिछावरा सहित जिला चिकित्सालय टीम आदि उपस्थित रहे। आभार सीए प्रनेह जैन ने माना।

### महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि मनाई

जावरा ।अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा हरिया खेड़ा रोड स्थित महाराणा प्रताप मांगलिक भवन परिसर में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 429वी पुण्यतिथि श्रद्धा के साथ मनाई गई इस मौके पर समाज जनों ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की। इस मौके पर महासभा संरक्षक डॉक्टर एच एस राठौर, तहसील अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह चौहान, युवा अध्यक्ष अजय सिंह कछाव, बहादुर सिंह सोनगरा ,दिलीप सिंह कच्छावा, बहादुर सिंह सोनगरा, विजयपाल सिंह, जितेन सिंह सोलंकी, पप्पू सिंह एवं गौतम सिंह आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।

### परिचय सम्मेलन मे श्री बोराना का जबलपुर में हुआ आत्मीय सम्मान

पिपलिया मंडी। जबलपुर सेन समाज का 90 वां वर्षगांठ एवं २६वा युवक युवती परिचय सम्मेलन में पिपलिया मंडी से भारतीय सेन समाज के राष्ट्रीय महामंत्री व मध्य प्रदेश गुजराती सेन समाज के संरक्षक श्री श्यामलाल बोराना (पिपलिया मंडी) विशेष अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए वहां आपका सेन जी महाराज की आरती युक्त तस्वीर भेंट कर कर मोतियों की माला व सिरपाव पहनाकर स्वागत किया इस मंच से बोराना ने अपने उद्बोधन में समाज में व्याप्त रूढ़िवाद समाप्त करना एवं प्रत्येक बालक बालिका को उच्च शिक्षा दिलाने का आह्वान किया।

### प्रदेश अध्यक्ष रणजीत सिंह शक्तावत ने सुरक्षा बल जवान का किया सम्मान

पिपलिया मंडी। 21 जनवरी को मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गांव लूनाहेडा में उपस्थित होकर सीमा सुरक्षा बल से प्रशिक्षण पूर्ण कर अपने पैतृक गांव लोटे जवान विजय मालवीय एवं उनके पिता मदनलाल मालवीय एवं माता श्रीमती सुमित्रा बाई मालवीय को असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष एवं किसान कांग्रेस प्रदेश महामंत्री तथा ग्राम पंचायत मुंदेडी सरपंच प्रतिनिधि कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत ने पुष्पमाला पहनाते हुए सम्मान किया। तथा देश की सेवा में लिन होने वाले जवान भाई विजय मालवीय के लिए ईश्वर से लंबी आयु एवं स्वस्थ जीवन हेतु प्रार्थना की। इस अवसर पर कांग्रेस नेता महेश सेन, मांगीलाल पाटीदार,ईश्वर लाल धनगर, दुलीचंद कारपेंटर, सुरेंद्र सिंह, मुकेश माली,रोहित सिंदम,जगदीश बामनिया, किशोर पाटीदार कन्हैयालाल सिंदम आदि अनेक गांव के गणमान्य नागरिक एवं माताओं बहनों के साथ युवा साथी उपस्थित थे।


# जिला प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए अवैध मजार पर जेसीबी चला कर तोड़ जगह को समतल कर दिया

ब्रह्मास्त्र » रतलाम

लक्ष्मणपुरा पीएंडटी कॉलोनी के रेलवे क्षेत्र में बनाई गई अवैध मजार को बुधवार को हटाया गया। रेलवे और जिला प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए अवैध मजार पर जेसीबी चला कर तोड़ जगह को समतल कर दिया। अवैध मजार रेलवे के सरकारी मकानों बीच बना रखी थी।

रेलवे के सालों पुराने मकान बने हुए है। उन्हीं में से एक मकान के अंदर किसी ने मजार बना रखी थी। बाद में उस मजार पर पतरे का शेड और जाली लगाकर जगह को कवर कर लिया। रेलवे को दो दिन पूर्व इस मजार के बारे में पता चला। जिला प्रशासन को अवगत कराया।

इसके बाद बुधवार सुबह जिला व पुलिस प्रशासन, रेलवे, आरपीएफ, जीआरपी द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए अवैध मजार के अतिक्रमण पर पर जेसीबी चलाकर हटा



दिया। पूरे स्थान को समतल कर दिया। जो शेड बनाए गया था उसके पतरे व जाली भी जब्त कर रेलवे अपने साथ ले गया। जीआरपी थाना प्रभारी मोतीराम चौधरी ने बताया कि अवैध निर्माण किया गया था। रेलवे से सूचना मिलने पर कार्रवाई की गई है। जांच की जा रही है।

इस दौरान अपर कलेक्टर डॉ शालिनी श्रीवास्तव, एएसपी राकेश खाखा, आरपीएफ कमांडेंट आरके शर्मा, सीएसपी सत्येंद्र घनघोरिया, जीआरपी थाना प्रभारी मोतीराम चौधरी, थाना औद्योगिक प्रभारी सत्येंद्र रघुवंशी, स्टेशन रोड थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह जादौन समेत भारी संख्या में पुलिस और रेलवे का बल मौजूद रहा।

### क्या बोले अधिकारी

अपर कलेक्टर डॉ. शालिनी श्रीवास्तव ने बताया पिछले दो दिन पूर्व धार्मिक स्ट्रेक्टर बनाकर अतिक्रमण किया गया था। रेलवे ने इसकी सूचना दी थी। कानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित ना हो इसके लेकर हम यहां मौजूद रहे है। एएसपी राकेश खाखा ने बताया कि जीआरपी की ओर से सूचना दी गई कि रेलवे क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण कर धार्मिक स्थल का रूप दिया गया था। इसका इफेक्ट शहर में भी पड़ता। मौके पर रहकर निर्माण को पृथक किया है। रेलवे इसकी जांच कर रहा है।

# स्वाध्याय प्रशिक्षण शिविर में 30 श्रावक-श्राविकाओं ने लिया धर्म और कला का प्रशिक्षण

ब्रह्मास्त्र » मन्दसौर

पूज्य आचार्य प्रवर 1008 श्री विजयराजजी म.सा. के आज्ञानुवर्ती सेवारत्न श्रद्धेय श्री विनोदमुनि म.सा. आदि ठाणा 3 के पावन सानिध्य में त्रि-दिवसीय स्वाध्याय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ। श्री साधुमार्गी शांत क्रांति स्वाध्याय परिषद द्वारा आयोजित इस शिविर का नेतृत्व श्री साधुमार्गी शांत क्रांति जैन श्रावक संघ, मंदसौर ने किया।

स्थानीय नवकार भवन में आयोजित इस शिविर में करीब ३० स्वाध्यायी श्रावक-श्राविकाओं ने बड़े उत्साह के साथ सहभागिता की। पूज्य श्री विनोद मुनीजी म.सा. ने प्रतिदिन च्अंतगढ़ सूत्रज् का वाचन कर उसके महत्व पर प्रकाश डाला। स्वाध्याय परिषद के संयोजक संजय पटवा (भोपाल) ने सरल पद्धति से थोकड़ों का ज्ञान प्रदान किया। चेन्नई से पधारे अखिल भारतीय प्रभारी अजय मेहता एवं प्रेमलता मेहता ने ज्अच्छे वक्ता कैसे बनें; विषय पर विशेष कक्षाएं



लीं। उन्होंने पर्यूषण पर्व में धमार्राधना कराने हेतु प्रभावी प्रवचन देने की कला सिखाई।

प्रेमलता मेहता के विशेष प्रोत्साहन से इस वर्ष मंदसौर से करीब 5-7 नए श्रावक-श्राविकाएं स्वाध्याय सेवा देने हेतु तैयार हुए हैं। शिविर के दौरान ताराचंद बोहरा (विजयनगर) और लक्ष्मीलाल खेरोदिया (चित्तौड़गढ़) ने भी अपने विचार रखे। आयोजन में मंगलवाड के जयदीप लोढ़ा का विशेष सहयोग रहा। शिविर के समापन पर श्रीसंघ द्वारा सभी शिविरार्थियों का अभिनंदन पत्र एवं सुंदर प्रभावना के साथ बहुमान किया गया।

संघ अध्यक्ष विमल पामेचा, राष्ट्रीय महामंत्री वीरेंद्र जैन, सुरेश जैन थम्बावाला, अजीत जैन, लोकेन्द्र जैन, गजराज जैन आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्रीसंघ महामंत्री शेखर कासमा ने किया।

# प्राचीन श्री जगदीश मंदिर में लाखों की चोरी, भगवान के आभूषण ले उड़ा बदमाश

ब्रह्मास्त्र » मन्दसौर

शहर के जीवागंज क्षेत्र में स्थित प्राचीन श्री जगदीश मंदिर में बीती रात चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। बेखौफ बदमाश ने भगवान के मंदिर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया है। प्राप्त जानकारी अनुसार यह घटना सुबह करीब 4 से 4.30 बजे के बीच की बताई जा रही है। मंदिर के पुजारी जितेंद्र व्यास ने बताया कि जब वे सुबह उठे, तो उन्होंने देखा कि मंदिर के गर्भगृह का ताला टूटा हुआ है और दरवाजा खुला है। अंदर जाने पर पता चला कि भगवान की प्रतिमा पर प्रतिदिन पहनाए जाने वाले आभूषण गायब थे। उसके द्वारा मंदिर अध्यक्ष एवं पुलिस को सूचना दी गई। इस घटना में भगवान की प्रतिमा के सभी आभूषण के साथ ही एक बॉक्स जिसमें अन्य आभूषण रखे जाते थे, वह भी मंदिर से लापता है। पुजारी के अनुसार, लगभग 1 किलो चांदी (जिस पर सोने की परत चढ़ी हुई थी) चोरी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, अज्ञात चोर छत के रास्ते मंदिर में दाखिल हुआ था। पुलिस को मंदिर के सीसीटीवी फुटेज से कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं, जिसके आधार पर चोर की तलाश शुरू कर दी गई है। पुलिस ने दावा किया है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# विधायक सखलेचा ने नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष को दी बधाई

ब्रह्मास्त्र » नीमच

भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को नई दिशा मिलने की उम्मीदों के बीच मध्यप्रदेश शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री व जावद विधायक ओमप्रकाश सखलेचा ने भाजपा के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नवीन को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। यह शिष्टाचार भेंट नई दिल्ली स्थित भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में संपन्न हुई, जहाँ विधायक श्री सखलेचा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें शुभकामनाएँ दीं।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री सखलेचा ने कहा कि श्री नितिन नवीन का संगठनात्मक अनुभव, दूरदर्शी नेतृत्व और कार्यकर्ताओं से मजबूत जुड़ाव पार्टी को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी लोकतांत्रिक मूल्यों को



और अधिक सुदृढ़ करेगी तथा राष्ट्र निर्माण के संकल्प को नई मजबूती मिलेगी। नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष के मार्गदर्शन में पार्टी देशभर में संगठन को और अधिक मजबूत करेगी तथा जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का कार्य करेगी। पूर्व मंत्री सखलेचा ने विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा के अध्यक्ष के रूप में नितिन नबीन को चुने जाने पर बड़ा हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि नितिन नबीन जी के नेर्तव्य में संघठन ओर अधिक सशक्त होकर सेवा सुशासन और राष्ट निर्माण के संकल्प को नई गति देगा । विधायक श्री सखलेचा ने बताया कि नितिन नबीन के नेर्तव्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के संकल्प को ओर मजबूती मिलेगी तथा पार्टी राष्ट निर्माण की परिकल्पना के नये शिखर को छुएगी एवं प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेर्तव्य में भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में सेवा सुशासन और राष्टनिर्माण का पर्याय बनी है और अब प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में नितिन नबीन का संघठन कौशल भरतीय जनता पार्टी को जनसेवा व राष्टनिर्माण की यात्रा को नई दिशा प्रदान करेगा।

### सिंधी समाज ने शहीद हेमू कॉलोनी को अर्पित की श्रद्धांजलि

पिपलिया मंडी। विश्व सिंधु सेवा संगम जिला अध्यक्ष शंकर लाल जी हरजानी में नेतृत्व में 21 जनवरी बुधवार को बलिदान दिवस पर पिपलिया मंडी पूज्य सिंधी समाज द्वारा नगर के मुख्य मार्ग पर महावीर सायकल के सामने शहीद हेमू कलानी स्थल पर बलिदान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर समाज नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील देवरिया मनोहर मनवानी, शंकरलाल हरजानी सहित कई गणमान्य नागरिको अपने उद्बोधन में शाहिद हेमू कॉलोनी को श्रद्धांजलि अर्पीत की।

### एनसीसी शिविर में कैडेट्स ने सीखे आपदा प्रबंधन और साइबर सुरक्षा के गुर

**मन्दसौर।** 5 मध्यप्रदेश बटालियन एनसीसी, मंदसौर द्वारा आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में कैडेट्स के सर्वांगीण विकास हेतु विविध शैक्षणिक और सामाजिक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के दौरान कैडेट्स को आधुनिक चुनौतियों जैसे साइबर अपराध और प्राकृतिक आपदाओं से निपटने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। शिविर में एनसीआईबी म.प्र. के राज्य निदेशक राजेश सुराणा ने विशेष गेस्ट लेक्चर दिया। उन्होंने कैडेट्स को वर्तमान समय में बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति सचेत करते हुए डिजिटल सुरक्षा के उपाय बताए। श्री सुराणा ने सामाजिक उत्तरदायित्व पर जोर देते हुए कैडेट्स को एक सजग और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए एसडीआरएफ की टीम ने महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किया।

# अंकिता लोखंडे ने भी 2016 वाले ट्रेंड को फॉलो किया



## रानी मुखर्जी के सपोर्ट में उतरे अमिताभ बच्चन

### फिल्म मर्दानी 3 का ट्रेलर शेयर कर एक्शन के लिए एक्ट्रेस को शुभकामनाएं दीं

सदी के महानायक अमिताभ बच्चन ने अपनी पुरानी को-स्टार रानी मुखर्जी के लिए दिल से शुभकामनाएं दी हैं। 2005 की सुपरहिट फिल्म 'ब्लैक' में साथ काम कर चुके बिग बी ने रानी की नई फिल्म 'मदार्नी 3' के ट्रेलर को शेयर करते हुए लिखा, टी 5632(आई) - मेरी तरफ से बहुत-बहुत बेस्ट विशेज। ये पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

पोस्ट पर फैंस ने जमकर तारीफ की। एक फैन ने लिखा, देखने का बेसब्री से इंतजार। पूरी टीम को बेस्ट विशेज। किसी ने कहा, हां... रानी मुखर्जी बहुत टैलेंटेड एक्ट्रेस हैं। फिल्म जल्दी देखने को उत्सुक हूं। एक कमेंट में लिखा, पिछले दोनों पाट्र्स बहुत पसंद आए। इसको भी देखने का इंतजार है। अमिताभ और रानी की जोड़ी को 'ब्लैक' में देखना फैंस को आज भी याद है। संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी यह फिल्म रानी मुखर्जी के करियर की सबसे बेहतरीन फिल्मों में से एक है। इस फिल्म के लिए रानी को लिए रानी मुखर्जी को बेस्ट एक्ट्रेस का फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला था। आज भी इस फिल्म की खूब चर्चा होती है।

बिग बी ने रानी को सपोर्ट करते हुए उनकी एक्शन फिल्म के लिए बधाई दी। मदार्नी सीरीज का ये तीसरा भाग 30 जनवरी को रिलीज हो रही है। ट्रेलर में रानी एक बार फिर सख्त पुलिस अफसर शिवानी शिवाजी रॉय के रोल में धमाल मचाती नजर आ रही हैं।?

**पोस्ट में मुश्किल दौर को याद करते हुए लिखा - अंदर से टूट गई थी**








सोशल मीडिया पर इन दिनों 2016 नॉस्टेल्जिया यानी 2016 की पुरानी यादों का ट्रेंड चल रहा है। लोग उस साल से जुड़ी यादों को शेयर कर रहे हैं। इसी ट्रेंड में टीवी एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे ने भी 2016 की अपनी पुरानी यादें शेयर कीं।

अंकिता ने 2016 की कुछ पुरानी तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने बताया कि वह साल उनकी जिंदगी के सबसे मुश्किल दौर में से एक था। पोस्ट में उन्होंने लिखा कि 2016 ने उन्हें बहुत कुछ सिखाया और अंदर से तोड़ा और बदल दिया। उस साल उन्होंने अपने पालतू कुत्तों को खो दिया था, जिसका दर्द आज भी उन्हें याद है। अंकिता ने लिखा कि साल 2016 में उन्होंने इंस्टाग्राम पर पहला पोस्ट किया था। उसी समय उन्हें एहसास हुआ कि वह हमेशा से फैमिली गर्ल रही हैं। उन्होंने अपने कुत्ते स्कॉच को याद करते हुए लिखा कि वही उस साल उनका सबसे बड़ा सहारा था। उन्होंने हर मुश्किल समय में उनका साथ दिया। अंकिता ने कहा कि वह आज भी उन्हें बहुत मिस करती हैं। अंकिता ने अपने दादा आजोबा को भी याद किया। उन्होंने उस दौर की तस्वीरों का जिक्र किया, जब वह फोटोशूट और छोटी-छोटी चीजों में खुशी ढूंढा करती थीं।

उन्होंने लिखा कि साड़ी पहनने का उनका प्यार आज भी वैसा ही है। पोस्ट के आखिर में अंकिता ने लिखा कि 2016 की ये यादें उन्हें खुद को समझने और आगे बढ़ने की ताकत देती हैं। उन्होंने खुद को याद दिलाया कि उन्होंने मुश्किल दौर को पार किया और आगे बढ़ीं। गौरतलब है कि अंकिता को टीवी शो पवित्र रिश्ता से खास पहचान मिली थी। इस शो के दौरान उनकी मुलाकात 2009 में सुशांत सिंह राजपूत से हुई थी, जिसके बाद दोनों लगभग 7 साल तक रिलेशनशिप में रहे थे। वहीं, साल 2016 में दोनों का ब्रेकअप हुआ। इसी के चलते अंकिता की इस पोस्ट के बाद कुछ लोग इसे एक्टर सुशांत से भी जोड़ रहे हैं। हालांकि अपने पोस्ट में अंकिता ने सीधे तौर पर सुशांत का कहीं पर भी जिक्र नहीं किया है।



## दिल्ली हाईकोर्ट ने सलमान खान को नोटिस जारी किया

### एक्टर से चार हफ्ते में जवाब मांगा, 27 फरवरी को होगी सुनवाई, पर्सनैलिटी राइट्स का मामला

दिल्ली हाईकोर्ट ने बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान को नोटिस जारी किया है। यह नोटिस एक चीन स्थित अकवॉयस जनरेशन प्लेटफॉर्म की याचिका पर दिया गया, जो 11 दिसंबर 2025 के अंतरिम आदेश को हटाने की मांग कर रहा है। उस आदेश में सलमान की आवाज, नाम, तस्वीर और पहचान के बिना अनुमति व्यवसायिक इस्तेमाल पर रोक लगाई गई थी।

बता दें कि सलमान खान ने अपनी पर्सनैलिटी राइट्स की रक्षा के लिए मुकदमा दायर किया था, ताकि कोई उनकी ब्रांड वैल्यू का गलत फायदा न उठाए।

जस्टिस ज्योति सिंह की बेंच ने सुनवाई के दौरान सलमान की ओर से वकील निजाम पाशा को पेश किया। चीन की कंपनी का कहना है कि वॉयस मॉडलिंग उनका मुख्य बिजनेस है, इसलिए आदेश से उनका कारोबार प्रभावित हो रहा। कोर्ट ने सलमान से चार हफ्ते में जवाब मांगा है।

अब सलमान खान को 4 हफ्ते के भीतर अपना पक्ष रखना होगा, ईटाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, हाईकोर्ट 27 फरवरी को मामले में सुनवाई करेगी जो कई मामलों में अहम होगी। जो यह तय करेगी कि क्या अकप्लेटफॉर्म्स को मशहूर हस्तियों की आवाज का इस्तेमाल करने की अनुमति मिलनी चाहिए या फिर पब्लिसिटी राइट्स को तवज्जो दी जाएगी।

सलमान खान इन दिनों अपकमिंग फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' में व्यस्त हैं, जो अपूर्वा लाखिया के निर्देशन में बनी है। फिल्म 17 अप्रैल 2026 को रिलीज होनी है, जिसमें चित्रांगदा सिंह भी नजर आएंगी। शूटिंग पूरी हो चुकी है और यह पोस्ट-प्रोडक्शन स्टेज में है।

# सोनम कपूर ने फ्लॉन्ट किया बेबी बंप

**एक्ट्रेस की दूसरी प्रेग्नेंसी के मैटरनिटी फोटोशूट में दिखा एलिगेंट ऑल-ब्लैक अवतार**





बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनम कपूर ने हाल ही में मैटरनिटी फोटोशूट कराया है। सोनम दूसरी बार मां बनने वाली हैं। उन्होंने सोमवार को अपनी कुछ नई तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका लुक काफी कॉन्फिडेंट और स्टाइलिश नजर आ रहा है।

बता दें कि सोनम के इस आउटफिट को उनकी बहन रिया कपूर ने स्टाइल किया है। सोनम पहले से ही एक बच्चे की मां हैं। उनका बेटा वायु तीन साल का है, जिसका जन्म अगस्त 2022 में हुआ था। एक्ट्रेस ने 8 मई 2018 को बिजनेसमैन आनंद आहूजा से मुंबई में सिख रीति-रिवाज से शादी की थी।

सोनम ने अपने करियर की शुरूआत साल 2007 में फिल्म सांवरिया से की थी। एक्ट्रेस की नीरजा, रांझणा और प्रेम रतन धन पायो प्रमुख फिल्में हैं। वह आखिरी बार फिल्म ब्लाइंड में नजर आई थीं, जो 7 जुलाई 2023 को जिओ सिनेमा पर रिलीज हुई थी।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत का हाईएस्ट टी-20 टोटल, संजू का एक हाथ से डाइविंग कैच

# अभिषेक ने चौथी बार 8+ सिक्स लगाए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नागपुर




भारत ने नागपुर में खेले गए पहले टी-20 इंटरनेशनल में न्यूजीलैंड को 48 रन से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। बुधवार को पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 7 विकेट पर 238 रन बनाए, जो न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत का अब तक का सबसे बड़ा टी-20 स्कोर है। लक्ष्य का पीछा करते हुए कीवी टीम 190 रन ही बना सकी।

इस जीत के सबसे बड़े हीरो रहे अभिषेक शर्मा, जिन्होंने 84 रनों की पारी खेली। इस दौरान उन्होंने चौथी बार एक पारी में 8 या उससे ज्यादा छक्के लगाए। वहीं न्यूजीलैंड की पारी की शुरूआत में ही भारत को बड़ी सफलता मिली, जब पहले ओवर में संजू सैमसन ने डेवोन कॉन्वे का एक हाथ से डाइविंग कैच लपक लिया।

**न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत का सबसे बड़ा टी-20 स्कोर-** नागपुर में भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना अब तक का सबसे बड़ा स्कोर 238/7 रन बनाया। इससे पहले भारत का बेस्ट स्कोर 234/4 रन था, जो अहमदाबाद में 2023 में बना था। न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत ने 5 बार 200+ का स्कोर बनाया है।

**सूर्या ने 1774 दिनों में 100वां टी-20 मैच खेला-** सूर्यकुमार यादव ने टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में अपने डेब्यू के बाद सिर्फ 1774 दिनों में अपना 100वां टी-20कमैच खेल लिया, जो फुल मेंबर देशों के खिलाड़ियों में इस मुकाम तक पहुंचने का सबसे तेज रिकॉर्ड है। इससे पहले यह रिकॉर्ड पाकिस्तान के बाबर आजम के नाम था, जिन्हें 100 टी-20 खेलने में 2410 दिन लगे थे।

**अभिषेक की न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे तेज टी-20 फिफ्टी-** अभिषेक शर्मा ने टी-20 में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत की ओर से सबसे तेज अर्धशतक जड़ दिया। उन्होंने सिर्फ 22 गेंदों में अपना पचासा पूरा किया। इससे पहले यह रिकॉर्ड केएल राहुल (ऑकलैंड, 2020) और रोहित शर्मा (हैमिल्टन, 2020) के नाम था, जिन्होंने 23-23 गेंदों में अर्धशतक लगाए थे। अभिषेक 25 या उससे कम गेंदों में सबसे ज्यादा बार अर्धशतक लगाने वाले बैटर भी बने। उन्होंने यह कारनामा 8 बार किया है। अभिषेक के बाद फिल सॉल्ट, सूर्यकुमार यादव और एविन लुईस दूसरे स्थान पर हैं, जिन्होंने 7-7 बार 25 या उससे कम गेंदों में फिफ्टी पूरी की है।

**अभिषेक ने चौथी बार अपनी पारी में 8+ सिक्स लगाए-** टी-20 इंटरनेशनल में भारत के लिए 8 या उससे ज्यादा छक्कों वाली पारियों की बात करें, तो अभिषेक शर्मा इस लिस्ट में सबसे आगे निकल चुके हैं। उन्होंने अब तक 4 बार यह कारनामा किया है, जबकि रोहित शर्मा और संजू सैमसन 3-3 पारियों के साथ उनके पीछे हैं। अभिषेक शर्मा ने टी-20 क्रिकेट (इंटरनेशनल और लीग क्रिकेट मिलाकर) में अपने 5000 रन भी पूरे कर लिए।

**805 दिन बाद वापसी पर ईशान का चौका-** ईशान किशन ने इंटरनेशनल टी-20 क्रिकेट में 805 दिन बाद वापसी करते हुए आते ही चौका लगा दिया। उन्होंने काइल जैमिसन की फुल लेंथ डिलीवरी को लॉन्ग ऑफ के ऊपर से शानदार चौके के लिए भेजा। हालांकि, ईशान 8 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें जैकब डफी की गेंद पर मार्क चापमन ने कैच लेकर पवेलियन भेजा। इससे पहले ईशान ने नवंबर 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना आखिरी टी-20 इंटरनेशनल मुकाबला खेला था।

**सूर्या, हार्दिक और ईशान ने अपनी पहली बॉल पर चौक लगाया-** ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पंड्या ने अपनी-अपनी पहली ही गेंद पर चौका लगा दिया। ईशान ने जेमिसन की फुल लेंथ गेंद पर सीधा शॉट खेला। बॉल इनफील्ड के ऊपर से निकलते हुए बाउंड्री तक पहुंच गई। इसके बाद सूर्यकुमार यादव ने क्रीज पर आते ही आगे बढ़कर जैकब डफी की शॉर्ट ऑफ लेंथ गेंद पर कवर के जरिए क्लासिक बैकफुट ड्राइव लगाया। वहीं हार्दिक पांड्या ने स्पिनर मिचेल सैंटनर पर पहली ही गेंद पर आगे बढ़कर सीधा शॉट खेला और चौका मिल गया।

**संजू ने एक हाथ से कैच लपका-** न्यूजीलैंड की पारी की दूसरी ही बॉल पर अर्शदीप सिंह ने डेवोन कॉन्वे को पवेलियन भेज दिया। फुल लेंथ गेंद पर कॉन्वे ने कवर ड्राइव खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद उनके बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर की तरफ गई। संजू सैमसन ने बाई ओर डाइव लगाई और एक हाथ से जमीन के बेहद करीब शानदार कैच लपक लिया। इसके साथ ही अर्शदीप ने टी-20 इंटरनेशनल में कॉन्वे को चौथी बार आउट किया।

# बांग्लादेश सरकार ने खिलाड़ियों की आपात बैठक बुलाई



### आज तय होगा, कि बांग्लादेश टी-20 वर्ल्ड में खेलेगा या नहीं, आईसीसी ने नहीं बदला शेड्यूल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ढाका

बांग्लादेश सरकार के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने 22 जनवरी को राष्ट्रीय क्रिकेट टीम की बैठक बुलाई है। इसमें फैसला हो सकता है कि 7 फरवरी से होने वाले आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश टीम भारत आएगी या नहीं। बैठक ढाका के होटल इंटरकॉन्टिनेंटल में दोपहर 3 बजे होगी।

21 जनवरी को इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की उस मांग को खारिज कर दिया, जिसमें भारत की बजाय श्रीलंका में मैच कराने की मांग की गई थी। बीसीबी ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए यह मांग रखी थी। आईसीसी बोर्ड की बैठक में 16 में से 14 सदस्य देशों ने बीसीबी के प्रस्ताव के खिलाफ वोट किया। सिर्फ पाकिस्तान ने समर्थन किया। आईसीसी ने साफ किया कि टूर्नामेंट के शेड्यूल और वेन्यू में कोई बदलाव नहीं होगा, हालांकि बीसीबी को एक दिन का अतिरिक्त समय विचार के लिए दिया गया है। खिलाड़ियों से सीधे बात करेंगे खेल सलाहकार क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, बैठक में सरकार का आधिकारिक रुख खिलाड़ियों को बताया जाएगा, साथ ही उनकी राय भी ली जाएगी। आसिफ नजरुल खिलाड़ियों को मौजूदा हालात और संभावित विकल्पों की पूरी जानकारी देंगे। बांग्लादेशी कप्तान बोले थे- वर्ल्ड कप को लेकर पूरा बांग्लादेश अभी सस्पेंस में है वहीं, बांग्लादेश के टी-20 कप्तान लिटन दास ने आईपीएल मैच के बाद कहा-'वर्ल्ड कप अभी बहुत दूर है।

# कोहली-रोहित को बी ग्रेड में डिमोट करने की तैयारी

### बीसीसीआई सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में बदलाव का प्लान बना रहा




ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

बीसीसीआई अपने सालाना सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट सिस्टम में बदलाव की तैयारी कर रहा है। सिलेक्शन कमेटी ने मौजूदा स्ट्रक्चर में मौजूद ए+ ग्रेड को खत्म करने और केवल तीन कैटेगरी ए, बी और सी रखने का प्रस्ताव दिया है। न्यूज एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से बताया कि विराट कोहली और रोहित शर्मा अ+ से इ ग्रेड में भेजा जा सकता है।

बीसीसीआई हर साल खिलाड़ियों के साथ सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट करता हैं। अभी इसमें चार ग्रेड हैं, ए+ (7 करोड़), ए (5 करोड़), बी(3 करोड़) और सी (1 करोड़) दिए जाते हैं, जो मैच फीस के अलावा होते हैं।

सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट के नए मॉडल में सैलरी और ग्रेडिंग का ढांचा बदला जा सकता है। यह खिलाड़ियों की फॉर्मेट भागीदारी पर ज्यादा जोर देगा, जिसमें तीनों फॉर्मेट खेलने वालों को प्राथमिकता मिल सकती है। इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलती है या नहीं, इस पर फैसला अगली एपेक्स काउंसिल मीटिंग में लिया जाना है।

**कोहली-रोहित सिर्फ वनडे खेल रहे-** विराट कोहली और रोहित शर्मा टेस्ट और टी-20 से रिटायरमेंट ले चुके हैं। दोनों सिर्फ वनडे फॉर्मेट में खेलते हैं। इसी कारण ए+ ग्रेड खत्म होने पर अ की जगह इ में भेजा जा सकता है।

**2024-25 में जडेजा-बुमराह भी ग्रेड अ में थे-** 2024-25 का सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट अप्रैल 2025 में जारी हुई थी। इसमें रोहित शर्मा, विराट कोहली, रवींद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह ए+ ग्रेड में थे। वहीं मोहम्मद सिराज, केएल राहुल, शुभमन गिल, हार्दिक पंड्या, मोहम्मद शमी और ऋषभ पंत को ग्रेड ए में जगह मिली थी। ग्रेड बी में सूर्यकुमार यादव, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, यशस्वी जायसवाल और श्रेयस अय्यर शामिल थे। ग्रेड सी में रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, ऋतुराज गायकवाड़, शिवम दुबे, रवि बिश्नोई, वॉशिंगटन सुंदर, मुकेश कुमार, संजू सैमसन, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, रजत पाटीदार, ध्रुव जुरेल, सरफराज खान, नीतीश कुमार रेड्डी, ईशान किशन, अभिषेक शर्मा, आकाश दीप, वरुण चक्रवर्ती और हर्षित राणा जैसे खिलाड़ी शामिल हैं।

# ऑस्ट्रेलियन ओपन में तेरेजा वैलेंटोवा ने उलटफेर किया



ब्रह्मास्त्र ▸▸ सिडनी

ऑस्ट्रेलिया की नंबर-1 महिला टेनिस खिलाड़ी माया जॉइंट को ऑस्ट्रेलियन ओपन के पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा है। वर्ल्ड रैंकिंग 31 की जॉइंट को चेक गणराज्य की 18 साल की खिलाड़ी तेरेजा वैलेंटोवा ने सीधे सेटों में 6-4, 6-4 से हराया। वैलेंटोवा की वर्ल्ड रैंकिंग 54 है। वहीं, विमेंस सिंगल्स की डिफेंडिंग चैंपियन मैडिसन कीज ने भी जीत के साथ शुरूआत की है।

इस हार के साथ जॉइंट न सिर्फ टूर्नामेंट से बाहर हो गईं, बल्कि दूसरे दौर में पहुंचने पर मिलने वाली 2.25 लाख डॉलर (करीब 1.8 करोड़ रुपए) की इनामी राशि से भी वंचित रह गईं। मेलबर्न के जॉन केन एरिना में खेले गए मुकाबले में जॉइंट का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। 19 साल की खिलाड़ी ने मैच में 8 डबल फॉल्ट किए, 5 बार उनकी सर्विस ब्रेक हुई और उन्हें कुल 17 ब्रेक पॉइंट का सामना करना पड़ा। मैच जीतने के बाद वैलेंटोवा ने कहा- 'यह मेरे लिए अविश्वसनीय है। साल की शुरूआत में मैंने इसकी उम्मीद नहीं की थी। मैं आईटीएफ टूर्नामेंट खेल रही थी और अब ऑस्ट्रेलियन ओपन के मेन ड्रॉ में जीत दर्ज कर रही हूं।

**लोन... लोन... लोन...**
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

**आवश्यकता है**
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है। B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्कः राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

**फार्म हाउस**
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

**आवश्यकता**
में. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5
(सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

**खरीदना है**
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्मा: 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547

अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन... सोमवार बुधवार शुक्रवार
**श्री गोपाल हाड़ वैद्य**
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
समय दोप. 12:30 से शाम 7 बजे तक
मो. 7000813235
चोंट | मोच | फैक्चर विशेषज्ञ
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर

**भूमि बेचना है**
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं- 7999080798, 7999512383, 7987874500

**बेचना है**
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

**किराए से देना है**
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पताः 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइल: 9425056656 9111175000

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

बुनियादी ढांचा क्षेत्रों की रफ्तार पड़ी सुस्त

# दिसंबर में घटकर 3.7% ग्रोथ



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

कोर सेक्टर की ग्रोथ में यह गिरावट औद्योगिक गतिविधियों में आई मामूली नरमी का संकेत देती है। चूंकि कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली जैसे क्षेत्र आठ कोर इंडस्ट्रीज में शामिल हैं। आइए इस बारे में विस्तार से जानें।

देश के औद्योगिक उत्पादन और आर्थिक सेहत का पैमाना माने जाने वाले आठ प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों (आठ कोर सेक्टर्स) की रफ्तार में दिसंबर 2025 में सुस्ती देखी गई है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, इन क्षेत्रों की वृद्धि दर घटकर 3.7% रह गई है, जो पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले कम है।

**सालाना आधार पर गिरावट-** सरकार द्वारा जारी ताजा आंकड़ों से पता चलता है कि दिसंबर 2025 में आठ कोर सेक्टर्स की वृद्धि दर 3.7% दर्ज की गई है। इसकी तुलना अगर पिछले साल से करें, तो दिसंबर 2024 में इन क्षेत्रों ने 5.1% की मजबूत वृद्धि दर्ज की थी।

**क्या हैं मायने-** कोर सेक्टर की ग्रोथ में यह गिरावट औद्योगिक गतिविधियों में आई मामूली नरमी का संकेत देती है। चूंकि कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली जैसे क्षेत्र आठ कोर इंडस्ट्रीज में शामिल हैं, इसलिए इनकी सुस्त चाल का असर भविष्य में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के आंकड़ों पर भी देखने को मिल सकता है।

## एनओसी और फिटनेस सर्टिफिकेट जारी नहीं होगा, नेशनल परमिट भी नहीं मिलेगा

# टोल नहीं चुकाया तो गाड़ी नहीं बेच पाएंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सरकार ने नेशनल हाईवेज पर टोल नियम सख्त कर दिए हैं। अब टोल न चुकाने वाले वाहनों को एनओसी, फिटनेस सर्टिफिकेट और नेशनल परमिट जैसी सेवाएं नहीं मिलेंगी। यह बदलाव सेंट्रल मोटर व्हीकल्स रूल्स 2026 के तहत किए गए हैं। इसका मकसद इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन मजबूत करना और टोल चोरी रोकना है।

कई बार नेशनल हाईवे के टोल प्लाजा पर गाड़ी का फास्टैग स्कैन होने पर टेक्नीकल खामी की वजह से टोल नहीं कट पाता। फास्टैग में बैलेंस कम होने पर भी गाड़ियां टोल क्रॉस कर जाती हैं। अब ऐसे वाहनों की बकाया राशि गाड़ी के रिकॉर्ड से जुड़ जाएगी।




### कौन-कौन सी सेवाएं रोकी जाएंगी?

नए नियमों के लागू होने के बाद, अगर किसी गाड़ी पर टोल का बकाया मिलता है, तो उसकी ये सर्विसेज रोकी जाएंगी।

- **नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट:** यदि आप अपनी गाड़ी किसी दूसरे व्यक्ति को बेचना चाहते हैं या गाड़ी को एक राज्य से दूसरे राज्य में ट्रांसफर करना चाहते हैं, तो बिना टोल क्लीयरेंस के एनओसी जारी नहीं की जाएगी।
- **फिटनेस सर्टिफिकेट:** कॉमर्शियल और अन्य वाहनों के लिए फिटनेस सर्टिफिकेट का रिन्युअल या नया सर्टिफिकेट जारी करना तब तक मुमकिन नहीं होगा, जब तक पुराना टोल बकाया जमा न हो जाए।
- **नेशनल परमिट:** ट्रक और बसों जैसे कॉमर्शियल वाहनों को नेशनल परमिट जारी करने से पहले यह जांचा जाएगा कि उस वाहन पर कोई टोल बकाया तो नहीं है।

### अनपेड टोल यूजर' की नई परिभाषा तय

सरकार ने नियमों में 'अनपेड टोल यूजर' शब्द को भी परिभाषित किया है। इसके तहत, यदि किसी वाहन की आवाजाही इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन सिस्टम यानी फास्टैग जैसे माध्यमों से रिकॉर्ड की गई है, लेकिन उसका भुगतान नेशनल हाईवे एक्ट, 1956 के अनुसार नहीं मिला है, तो उसे बकाया माना जाएगा। यानी अगर आपके फास्टैग में बैलेंस कम था और आपने टोल पार कर लिया, तो वह बकाया राशि आपकी गाड़ी के रिकॉर्ड से जुड़ जाएगी।

### कैसे काम करेगा यह सिस्टम?

गाड़ी के रिकॉर्ड से टोल बकाया जुड़ने की प्रक्रिया पूरी तरह से डिजिटल और ऑटोमेटेड होगी। इसे 3 स्टेप्स में समझा जा सकता है:

1. **टोल प्लाजा पर लगा सेंसर और कैमरा:** जैसे ही आपकी गाड़ी किसी टोल प्लाजा से गुजरती है, वहां लगा आरएफआईडी रीडर आपके फास्टैग को स्कैन करता है। अगर फास्टैग में बैलेंस कम है या वह ब्लैकलिस्टेड है, तो सिस्टम तुरंत उस गाड़ी के रजिस्ट्रेशन नंबर को रिकॉर्ड कर लेता है। भविष्य में आने वाले 'मल्टी-लेन फ्री फ्लो' सिस्टम में तो बैरियर भी नहीं होंगे, वहां हाई-डेफिनिशन कैमरे सीधे आपकी नंबर प्लेट की फोटो खींच लेंगे।
2. **एनपीसीआई और बैंक को सूचना:** टोल प्लाजा का सर्वर यह जानकारी नेशनल इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन को भेजता है, जिसे एनपीसीआई मैनेज करता है। यहां से पता चलता है कि किस बैंक के फास्टैग से पैसा कटना था और क्यों नहीं कटा।
3. **'वाहन' पोर्टल के साथ डेटा सिंक:** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने अपने 'वाहन' डेटाबेस को टोल कलेक्शन सिस्टम के साथ सिंक कर दिया है। जैसे ही कोई टोल अनपेड रह जाता है, एनपीसीआई उस डेटा को मंत्रालय के सर्वर पर भेज देता है। वहां गाड़ी के इंजन नंबर और चेसिस नंबर के आधार पर उस बकाया राशि को आपके डिजिटल रिकार्ड में जोड़ दिया जाता है।

### बिना बैरियर के टोल वसूली की तैयारी

- सरकार का यह कदम भविष्य में शुरू होने वाले 'मल्टी-लेन फ्री फ्लो' टोलिंग सिस्टम के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस सिस्टम में हाईवे पर कोई फिजिकल टोल प्लाजा या बैरियर नहीं होगा। गाड़ियां तेज रफ्तार में हाईवे से गुजरेंगी और लगे हुए कैमरे और सेंसर अपने आप टोल काट लेंगे।
- इससे टोल प्लाजा पर लगने वाली लंबी कतारें खत्म हो जाएंगी और ईंधन की बचत होगी। चूंकि बिना बैरियर के टोल वसूली में कोई गाड़ी को मौके पर रोक नहीं पाएगा, इसलिए सरकार ने इसे गाड़ी के कागजों (एनओसी और फिटनेस) से जोड़ दिया है ताकि लोग खुद ही समय पर भुगतान करें।

### फॉर्म 28 में बड़ा बदलाव किया गया

एनओसी के लिए इस्तेमाल होने वाले फॉर्म 28 को भी अपडेट कर दिया गया है। अब वाहन मालिक को इस फॉर्म में खुद यह घोषणा करनी होगी कि उसकी गाड़ी पर कोई टोल बकाया नहीं है। इसके साथ ही गाड़ी मालिक को संबंधित टोल विवरण भी देना होगा। डिजिटल तरीकों को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने यह भी प्रावधान किया है कि फॉर्म 28 के कुछ हिस्से अब ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक तरीके से भी जारी किए जा सकेंगे।

गन्ने की अधिक आपूर्ति से

# चीनी उत्पादन 22 फीसदी बढ़ा, 15 जनवरी तक चालू थीं 518 मिलें



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

गन्ने की अधिक आपूर्ति और बेहतर पैदावार से चीनी उत्पादन में तेज उछाल आया है और चालू सत्र में 15 जनवरी तक उत्पादन 22 फीसदी बढ़ चुका है। हालांकि उत्पादन बढ़ने के बावजूद चीनी के दाम गिर रहे हैं, जिससे मिलों की आर्थिक स्थिति पर दबाव बढ़ रहा है और किसानों के भुगतान में देरी के संकेत मिल रहे हैं। रिकॉर्ड उत्पादन के बीच क्या सरकार एमएसपी बढ़ाकर मिलों और किसानों दोनों को राहत दे पाएगी? गन्ने की अधिक आपूर्ति और बेहतर पैदावार के चलते देश का चीनी उत्पादन 2025-26 सत्र में 15 जनवरी तक सालाना आधार पर 22 फीसदी बढ़कर 1.59 करोड़ टन पहुंच गया। एक साल पहले की समान अवधि में देशभर में 1.3 करोड़ टन चीनी का उत्पादन हुआ था। उद्योग संगठन भारतीय चीनी एवं बायो-ऊर्जा विनिमार्ता संघ (इस्मा) ने बताया, इस साल 15 जनवरी तक लगभग 518 चीनी मिलें चालू थीं, जबकि एक साल पहले यह संख्या 500 थी। देश में चीनी का सत्र अक्तूबर से सितंबर तक चलता है। सबसे बड़े उत्पादक राज्य महाराष्ट्र में चीनी उत्पादन सालाना आधार पर 42.7 लाख टन से 51 फीसदी बढ़कर 64.5 लाख टन पहुंच गया। उत्तर प्रदेश में उत्पादन 42.8 लाख टन से बढ़कर 46 लाख टन के स्तर पर पहुंच गया। कर्नाटक का उत्पादन सालाना आधार पर बढ़कर 31 लाख टन पहुंच गया, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह आंकड़ा 27.5 लाख टन रहा था। संस्था ने कहा, चीनी का भंडार बढ़ रहा है और संकेत मिल रहे हैं कि गन्ने के भुगतान का बकाया बढ़ना शुरू हो गया है। अगर मौजूदा हालात बने रहे तो यह और बढ़ सकता है।


सीसीआई की बड़ी मंजूरी

# टाटा स्टील को त्रिवेणी पैलेट्स से जुड़े सौदे के लिए हरी झंडी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

टाटा स्टील को त्रिवेणी पेलेट्स में 50.01% हिस्सेदारी खरीदने की मंजूरी मिली। साथ ही जेएसडब्ल्यू और जेएफई के बीच रणनीतिक गठजोड़ को भी सीसीआई ने पास किया। आइए इस बारे में विस्तार से जानें। घरेलू स्टील सेक्टर में एकीकरण प्रक्रिया को मंगलवार को उस समय बड़ी गति मिली जब भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने दो महत्वपूर्ण सौदों को मंजूरी दे दी। फेयर ट्रेड रेगुलेटर ने टाटा स्टील की ओर से ओडिशा स्थित त्रिवेणी पेलेट्स में बहुमत हिस्सेदारी के अधिग्रहण को हरी झंडी दिखा दी है। इसके साथ ही, आयोग ने जेएसडब्ल्यू समूह की कंपनियों और जापान की जेएफई स्टील कॉरपोरेशन से जुड़े एक अन्य बड़े प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है।

**आइए इससे जुड़ी अहम बातों के बारे में जानें- टाटा स्टील और त्रिवेणी पेलेट्स डील:** 636 करोड़ का सौदा सीसीआई ने टाटा स्टील के उस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जिसके तहत कंपनी त्रिवेणी पेलेट्स प्राइवेट लिमिटेड में 50.01% इक्विटी हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी।




**सौदे की पृष्ठभूमि:** टाटा स्टील ने पिछले साल दिसंबर में घोषणा की थी कि उसने 636 करोड़ रुपये में त्रिवेणी पेलेट्स में बहुमत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए त्रिवेणी अर्थमूवर्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ समझौता किया है।

**कारोबार पर असर:** टाटा स्टील एकीकृत स्टील विनिर्माण में शामिल है, जो माइनिंग से लेकर स्टील मेकिंग और आगे की प्रोसेसिंग तक फैला हुआ है। कंपनी पहले से ही लौह अयस्क की माइनिंग और पेलेट्स के उत्पादन में सक्रिय है।

**टारगेट कंपनी:** त्रिवेणी पेलेट्स देश में लौह अयस्क पेलेट्स की बिक्री करती है। इसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, 'ब्रह्मिणी रिवर पेलेट्स लिमिटेड' भी भारत में पेलेट्स के उत्पादन और बिक्री में लगी हुई है। इस अधिग्रहण से टाटा स्टील की बैकवर्ड इंटीग्रेशन क्षमताओं को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

सीसीआई ने भूषण पावर एंड स्टील लिमिटेड (बीपीएसएल), जेएसडब्ल्यू संबलपुर स्टील लिमिटेड, जापान की जेएफई स्टील कॉरपोरेशन और जेएसडब्ल्यू कलिंगा स्टील लिमिटेड के बीच प्रस्तावित कॉम्बिनेशन को भी मंजूरी दी है। आइए इस बारे में जानें-

कंपनियों का ढांचा: बीपीएसएल, जो फिनिश्ड स्टील प्रोडक्ट्स की प्रोसेसिंग और एकीकृत विनिर्माण में शामिल है, वर्तमान में जेएसडब्ल्यू स्टील की अप्रत्यक्ष सहायक कंपनी है।

**नया ढांचा:** सौदे के तहत, जेएसडब्ल्यू कलिंगा की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी 'जेएसडब्ल्यू संबलपुर' प्रस्तावित लेनदेन के पूरा होने के बाद टारगेट बिजनेस का स्वामित्व हासिल करेगी। गौरतलब है कि जेएसडब्ल्यू कलिंगा और जेएसडब्ल्यू संबलपुर ने अभी तक अपना वाणिज्यिक परिचालन शुरू नहीं किया है।

# रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर, सात पैसे टूटा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

विनिर्माण क्षेत्र में गुणवत्ता को प्राथमिकता देने को बढ़ावा देने पर सरकार का जोर है। इसके तहत सरकार लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को समर्थन देने हेतु गुणवत्ता प्रमाणन शुल्क में दी जाने वाली छूट को वर्तमान समयसीमा से तीन साल आगे बढ़ाने जा रही है।

भारतीय मानक ब्यूरो ने प्रस्ताव पेश किया है। इसके अंतर्गत सूक्ष्म इकाइयों को 80 फीसदी, लघु उद्यमों को 50 व मध्यम आकार की कंपनियों को 20 फीसदी शुल्क में छूट दी जाएगी। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव भरत खेरा ने कहा, प्रस्ताव के लागू होने की संभावना है।


बान्द्रा टर्मिनस-जबलपुरयोः मध्ये

साप्ताहिकविशेषरेलयानस्य आवृत्तिं वर्धयिष्यति ⇌ पश्चिमरेलवे

| ट्रेन सं. | इत्यस्मात् | इत्यस्मै | दौडदिवसः | विस्तारितः इति |
|---|---|---|---|---|
| 02133 | बान्द्रा टर्मिनस | जबलपुर | शनिवारं | यावत् अग्रे सूचना न भवति |
| 02134 | जबलपुर | बान्द्रा टर्मिनस | शुक्रवारं | यावत् अग्रे सूचना न भवति |

विरामसमयानां रचनायाश्च विषये सम्पूर्णसूचनार्थं यात्रिकाः कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in इति दूरवाण्याः क्रमाङ्के गन्तुं शक्नुवन्ति।

02133 नम्बरस्य रेलयानस्य विस्तारितायाः यात्रायाः बुकिंग् 22.01.2026 तः धफर-काउण्ट-मध्ये काफुलु-जालस्थले च आरभ्यते। उपर्युक्ता रेलयाना विशेषभाडे विशेषयानरूपेण प्रचलति।

wr.indianrailways.gov.in

अस्मान् इव अत्र : facebook.com/WesternRly

अस्मान् अनुसरणं कुर्वन्तुः X.com/WesternRly

Instagram.com/WesternRly

अस्मान् अनुसरणं कुर्वन्तुः https://www.youtube.com/@WesternRly

यूट्यूब लिङ्कः : https://bit.ly/WesternRailwayOfficial

कृपया सवेर्षां आरक्षितटिकटानां मूलप्रमाणं वहन्तु

## केंद्रीय मंत्री शिवराज दादा बने, पोती को देख खुशी से उछल पड़ीं साधना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान दादा बन गए हैं। बुधवार को ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (एम्स), दिल्ली में शिवराज के बड़े.बेटे कार्तिकेय की पत्नी अमानत ने बेटी को जन्म दिया है। शिवराज ने बच्ची के जन्म से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। उन्होंने लिखा- हमारे घर आज लाडली लक्ष्मी आई है। कार्तिकेय पिता बन गए, अमानत मां। कोकिला (साधना) अब दादी जी हैं और मैं दादा। कुणाल और ऋद्धि चाचा और चाची। अनुपम जी नाना, रूचिता जी नानी और आर्यन मामा। 2025 में हमारे घर दो बेटियां आईं- अमानत और ऋद्धि। 2026 में फिर बेटी इला का शुभ आगमन हुआ। स्वागतम् लक्ष्मीङ्कसाधना-शिवराज। वीडियो में दिख रहा है कि हॉस्पिटल स्टाफ बेटी को लेकर ऑपरेशन थियेटर से बाहर आता है। शिवराज की पत्नी साधना उन्हें इशारा करते हुए करीब आने को कहती हैं। कार्तिकेय बेटी को गोद में लेकर दुलार करते हैं।

साधना, पोती को देखकर खुशी से उछल पड़ती हैं। वे कहतीं हैं- बिटिया-लाड़ली लक्ष्मी आई है। उन्होंने फेसबुक पर लिखा- मेरे जीवन की सबसे बड़ी खुशी आई है। 2025 में मेरी दो बिटिया आईं और 2026 में मुझे दादी बनने का सौभाग्य मिला। मेरे बड़े बेटे कार्तिकेय व मेरी बिटिया अमानत के यहां लाड़ली इला आई। उसे जैसे ही मैंने देखा, मेरे सामने वो परी थी, जिसका मुझे बेसब्री से इंतजार था। वो हमारी इला- जिसका मतलब पृथ्वी भूमि है, जो हमारे जीवन में खुशियां लेकर आई। इस दौरान शिवराज सिंह चौहान गायत्री मंत्र का जाप करते रहे। कार्तिकेय ने भी बेटी को गोद में लेने के बाद कुछ मंत्र गुनगुनाए। शिवराज ने पोती को पहली बार गोद में लेने के बाद उसे गायत्री मंत्र सुनाया। कार्तिकेय से अस्पताल स्टाफ ने कहा- एक बार बोल दीजिए कि कौन आई है? इस पर कार्तिकेय बोले- इला आई है।

## अशोकनगर कलेक्टर आदित्य सिंह को हटाया:बीजेपी संगठन में शिकायत के बाद कार्रवाई, साकेत मालवीय नए कलेक्टर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

राज्य शासन ने अशोकनगर कलेक्टर आदित्य सिंह को हटा दिया है। उनके विरुद्ध बीजेपी संगठन तक पहुंची शिकायत के बाद कलेक्टर के पद से हटाने की कार्यवाही की गई है। साकेत मालवीय को अशोकनगर का नया कलेक्टर बनाया गया है।


सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा बुधवार रात जारी आदेश में अशोकनगर के कलेक्टर और 2014 बैच के आईएएस अधिकारी आदित्य सिंह को हटाकर उन्हें संचालक गैस राहत और त्रासदी के पद पर पदस्थ किया गया है। वहीं 2014 बैच के ही आईएएस अधिकारी तथा कर्मचारी चयन मंडल के संचालक साकेत मालवीय को अशोकनगर का नया कलेक्टर पदस्थ किया गया है। मालवीय को चुनाव आयोग से परमिशन के बाद अशोकनगर का कलेक्टर बनाया गया है। राज्य सरकार ने दो दिन पहले अशोकनगर कलेक्टर की नई पदस्थापना को लेकर चुनाव आयोग को तीन अधिकारियों के नामों का पैनल भेजा था जिस पर आयोग की परमिशन के बाद साकेत मालवीय को अशोकनगर का नया कलेक्टर बनाया गया है। अशोकनगर के कलेक्टर आदित्य सिंह को हटाने की कार्रवाई के पीछे मुख्य वजह जिले के आनंदपुर ट्रस्ट के नामांतरण के मामले में रिश्वत मांगने का आरोप है जिसकी शिकायत बीजेपी के केंद्रीय संगठन तक पहुंची थी और इसके बाद बीजेपी संगठन की नाराजगी के बाद सिंह को हटाने का फैसला किया गया और उनके स्थान पर तीन नामों के पैनल चुनाव आयोग को भेजे गए हैं। दूसरी ओर ऐसा भी हुआ है कि चुनाव आयोग के एसआईआर के काम में अशोकनगर का काम सबसे उत्कृष्ट रहा है।

# श्रीनगर में पारा 2.4° पर पहुंचा : राजस्थान और हिमाचल में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव

## उत्तर प्रदेश: 15 जिलों में बारिश का अलर्ट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली





पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी के बाद अब बारिश-ओलावृष्टि का दौर शुरू होने की संभावना है। क्योंकि नए वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के एक्टिव हो रहे हैं। इसके साथ ही जम्मू-कश्मीर में मिनिमम टेम्परेचर में बढ़ोतरी हुई है। बुधवार को श्रीनगर का के तापमान में एक डिग्री की बढ़ोतरी देखी गई। यहां तापमान 2.4° रहा। जो एक दिन पहले 1.4° था।

हिमाचल प्रदेश के चंबा, कुल्लू और लाहौल-स्पीति आज बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट है। इसके अलावा बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा और मंडी में तापमान 4° गिरने से कोल्ड वेव की स्थिति रही। यहां भी 22 से 24 जनवरी तक तेज बारिश और ओलावृष्टि की संभावना जताई गई है।

राजस्थान के फतेहपुर में बुधवार को सबसे कम तापमान 4.9° रहा। इसके अलावा नागौर में 5.3° रहा, लेकिन जयपुर में मिनिमम टेम्परेचर तेज बढ़ोतरी रही। यहां सुबह का तापमान 10.6° रहा था। 21 जनवरी को पंजाब के कई हिस्सों में तेज सर्दी रही। कुछ इलाकों में कोहरा भी छाया रहा। फरीदकोट में सबसे ज्यादा सर्दी रही, यहां मिनिमम टेम्परेचर 3° रहा।

**23 जनवरी**= उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम में बदलाव रहेगा। अधिकांश इलाकों में बादल छाए रहेंगे।

राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, चंडीगढ़ और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना बनी रहेगी।

कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ तेज हवाएं (30-50 किमी/घंटा) चल सकती हैं। बारिश और बादलों के चलते दिन के तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की जा सकती है, जबकि सुबह-शाम ठंड बनी रहेगी।

**24 जनवरी**- पश्चिमी विक्षोभ का असर धीरे-धीरे कमजोर पड़ेगा, लेकिन उत्तर भारत में मौसम अभी पूरी तरह साफ नहीं होगा।

राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, चंडीगढ़ और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बादल छाए रहेंगे और कहीं-कहीं बारिश हो सकती है।

# 27 सवारियों से भरी जीप खाई में गिरी,3 की मौत: 17 लोग घायल

## ब्रेक फेल होने से ओवरलोड गाड़ी को कंट्रोल नहीं कर पाया ड्राइवर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उदयपुर

उदयपुर में 27 सवारियों से भरी जीप बेकाबू होकर खाई में गिर गई। हादसे में 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। 17 लोग घायल हो गए। हादसा बुधवार दोपहर 12:30 बजे कोटड़ा थाना क्षेत्र के डिंगावरी में हुआ। जानकारी के अनुसार, बिलवन से कोटड़ा की ओर जा रही जीप का चढ़ाई के दौरान अचानक ब्रेक फेल हो गया। ड्राइवर ने जीप को काबू में करने की पूरी कोशिश की। लेकिन जीप सड़क से उतरकर सीधे लगभग 60 फीट गहरी खाई में गिर गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर कोटड़ा पुलिस और 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। घायलों को कोटड़ा अस्पताल पहुंचाया गया। गंभीर रूप से घायल 7 लोगों को उदयपुर रेफर कर दिया गया। हादसे में कालू (25) पिता नरसा गरासिया, रेशमी (35) पति वख्ता गरासिया और सुरेश (8) पिता रोशन गरासिया की मौत हो गई। शव कोटड़ा अस्पताल की मॉच्युर्री में रखवाए हैं। कई घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें प्राथमिक इलाज के बाद कोटड़ा हॉस्पिटल से उदयपुर रेफर कर दिया गया। कालू (26) पिता नाना गमार, बदी (16) पति पिका गरासिया, शकु (25) पति फेगो गमार, उदा (25) पिता धुलाराम गरासिया, सोवन (30) पिता वीरमा गरासिया, पिंटू (13) पिता मोगा गमार, सीता (18) पति वेहता, लाला (35) पिता नाथाराम गरासिया, लुकिया (45) पिता वीरमा गरासिया, केसा (32) पिता अणदा गरासिया, सुंदर (13) पिता गोरका गरासिया, पेमा (30) पिता अणदा, अनिल (2) पिता शंभु, मेवा (30) पति पेमा, रोशन (10) पिता मोहा, मोदनी (30) पति गोवा, रेखा (26) पति रोशन। कोटड़ा राजस्थान का आदिवासी इलाका है। इस इलाके में 120 से अधिक जीपें चलती हैं, जो अक्सर ओवरलोड होती हैं। इस जीप में भी क्षमता से ज्यादा 27 सवारियां बैठी थी।

## सड़क हादसे में घायल बीजेपी नेता की मौत: रोड किनारे चल रही जेसीबी मशीन की चपेट में आई थी बाइक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ खंडवा

खंडवा में दो दिन पहले हुए एक सड़क हादसे में घायल भाजपा नेता की इलाज के दौरान मौत हो गई। जेसीबी मशीन की चपेट में आने से घायल हुए धनगांव निवासी रामनारायण राठौर ने बुधवार को इंदौर में अंतिम सांस ली। वे पूर्व में भाजपा के बूथ अध्यक्ष और विधायक प्रतिनिधि रह चुके थे। यह हादसा सोमवार देर रात का है। रामनारायण राठौर जावर से अपने गांव धनगांव बाइक से लौट रहे थे। रोहिणी फाटे के पास सड़क किनारे एक व्यापारी के फार्म हाउस पर काम करने के बाद जेसीबी मशीन पीछे की ओर रिवर्स आ रही थी। इसी दौरान वहां से गुजर रहे बाइक सवार रामनारायण उसकी चपेट में आ गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद जेसीबी मालिक ने परिजनों को सूचना दी और घायल को खंडवा जिला अस्पताल पहुंचाया। सिर में गंभीर चोट लगने और हालत नाजुक होने के चलते डॉक्टरों ने उन्हें इंदौर रेफर कर दिया था। बुधवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। 55 वर्षीय रामनारायण पिता हीरालाल राठौर के सिर में गहरे घाव थे और टांके लगाए गए थे। भाजपा नेताओं के अनुसार हादसे के बाद से ही उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई थी। जावर भाजपा मंडल अध्यक्ष हरीश सेन ने बताया कि हादसे से करीब आधा घंटे पहले ही रामनारायण उनसे मिले थे।

## नर्मदापुरम में बाघिन का शव मिला, वन अमले की मौजूदगी में विधिवत पोस्टमार्टम किया गया

# दो दिन से बीमार थी, मौत का कारण जानने विसरा प्रयोगशाला भेजा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नर्मदापुरम



इटारसी रेंज की बीट सोनतलाई क्षेत्र में दो दिन से बीमार बाघिन बुधवार को मृत मिली। वन विभाग ने इस मामले की पुष्टि डीएफओ नरेंद्र पांडवा द्वारा देर शाम जारी प्रेस नोट में की। बताया गया कि बाघिन उसी स्थान पर मंगलवार को भी देखी गई थी, जहां बुधवार को उसका शव मिला।

डीएफओ के अनुसार, सोनतलाई क्षेत्र में बाघिन दो दिनों से एक ही स्थान पर देखी जा रही थी। बुधवार को जब उस क्षेत्र में हलचल नहीं हुई, तो वन विभाग की टीम ने मौके पर जाकर जांच की। परीक्षण में बाघिन की मृत्यु की पुष्टि हुई। इसके बाद मुख्य वन संरक्षक, वृत्त नर्मदापुरम, वनमंडल अधिकारी नर्मदापुरम, डॉग स्क्वॉड, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के चिकित्सकों की टीम, एनटीसीए के चिकित्सक, तहसीलदार इटारसी, ग्राम पंचायत रानीपुर के सरपंच और वन अमले की मौजूदगी में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के अनुसार विधिवत पोस्टमार्टम किया गया। मृत्यु के कारणों की वैज्ञानिक पुष्टि के लिए बाघिन का विसरा एकत्रित कर अधिकृत प्रयोगशाला भेजा गया।

### पुलिस और अधिकारियों के बयान

सीसीएफ अशोक कुमार ने बताया कि परीक्षण के आधार पर बाघिन की मौत संभावित रूप से पेट में संक्रमण के कारण हुई प्रतीत होती है। पोस्टमार्टम के दौरान बाघिन के सभी अंग सुरक्षित मिले और किसी भी प्रकार के अवैध शिकार का कोई संकेत नहीं मिला। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के डॉग स्क्वाड ने आसपास के क्षेत्र की खोजबीन कर यह सुनिश्चित किया कि बाघिन के साथ कोई शिकार संबंधी घटना नहीं हुई। बाघिन के शव को सभी अधिकारियों की मौजूदगी में जलाया गया। बाघिन की मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट और लैब जांच रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट होगा।

## अमेरिका ने हमला किया तो NATO दूर रहेगा, एक्सपर्ट बोले- यह डेनमार्क के कर्मों का फल

# ग्रीनलैंड पर अपनी 50 साल पुरानी दलील से फंसा डेनमार्क

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

डेनमार्क इस समय एक अजीब और मुश्किल हालात में फंसा हुआ है। उसका सामना किसी दुश्मन देश से नहीं, बल्कि अपने ही सहयोगी देश अमेरिका से है। राष्ट्रपति ट्रम्प ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की कई धमकियां दे चुके हैं। ग्रीनलैंड आधिकारिक तौर पर डेनमार्क का हिस्सा है और वह भी अमेरिका की तरह नाटो मेंबर है। यानी ऐसे हालात पैदा हो गए हैं जहां पर नाटो का ही एक मेंबर देश, दूसरे मेंबर देश को मिलिट्री एक्शन की धमकी दे रहा है। डेनमार्क की ऐसी हालात को लेकर ग्रीस के पूर्व वित्त मंत्री और अर्थशास्त्री यानिस वारोफाकिस ने सोशल मीडिया पर लिखा कि यह ग्रीनलैंड के कर्मों का फल है। उन्होंने कहा कि ठअळड बाहरी दुश्मनों से बचाने के लिए है, लेकिन भीतर के दुश्मनों से हिफाजत के लिए नहीं है। जब 1974 में नाटो के दो मेंबर देशों ग्रीस और तुर्किये के बीच साइप्रस को लेकर जंग के हालात बने थे, तब डेनमार्क ने यह कहा था कि नाटो का काम किसी मेंबर देश को दूसरे मेंबर देश से बचाना नहीं है।



### क्या यह NATO के अंत की शुरूआत है

NATO की स्थापना 1949 में सोवियत संघ से बचाव के लिए हुई थी। इसके नियमों का आर्टिकल-5 कहता है कि अगर किसी एक सदस्य पर हमला होता है, तो उसे सभी पर हमला माना जाएगा। लेकिन समस्या यह है कि अगर हमला NATO के अंदर से ही हो, तो क्या होगा? इस पर NATO के नियम साफ नहीं हैं। ट्रम्प काफी समय से यूरोप और NATO देशों को भड़काने वाले बयान दे रहे हैं। वे बार-बार ग्रीनलैंड को अपने नियंत्रण में लेने की बात कर चुके हैं। यूरोप के कई नेताओं और विशेषज्ञों का कहना है कि अगर अमेरिका ने सच में ताकत के बल पर ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की कोशिश की, तो यह नाटो के लिए अंत की शुरुआत हो सकती है। यूरोपीय देशों ने डेनमार्क के समर्थन में प्रतीकात्मक तौर पर सैनिक भेजे हैं। ब्रिटेन ने सिर्फ एक सैनिक और नॉर्वे ने दो सैनिक भेजे। यह कदम सैन्य नहीं, बल्कि राजनीतिक संदेश था। हालांकि इससे भी ट्रम्प नाराज हो गए और उन्होंने डेनमार्क के समर्थन में खड़े यूरोपीय देशों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया।

### तुर्किये और साइप्रस के बीच क्या विवाद?

साइप्रस एक छोटा सा आइलैंड है, लेकिन इसकी भौगोलिक और राजनीतिक अहमियत बहुत बड़ी रही है। यह यूरोप, एशिया और मिडिल ईस्ट के बीच स्थित है। लंबे समय तक साइप्रस पर ब्रिटेन का शासन था और 1960 में यह ब्रिटेन से आजाद हुआ। आजादी के समय साइप्रस की आबादी दो हिस्सों में बंटी हुई थी। तब करीब 80% आबादी ग्रीक मूल की थी और लगभग 18% तुर्किये मूल की। दोनों समुदायों के बीच पहले से तनाव था, इसलिए आजादी के साथ ही एक खास व्यवस्था बनाई गई। शुरूआत से ही यह व्यवस्था कमजोर साबित हुई। ग्रीक और तुर्की समुदायों के बीच झड़पें होती रहीं। कई बार हिंसा भी हुई और दोनों तरफ भरोसा खत्म होता चला गया। फिर आया 1974। उस समय ग्रीस में सैन्य सरकार थी। वे साइप्रस को ग्रीस में मिलाना चाहते थे। जुलाई 1974 में ग्रीस समर्थित लोगों ने साइप्रस में तख्तापलट कर दिया और राष्ट्रपति माकारियोस को सत्ता से हटा दिया। इससे नाराज होकर तुर्किये ने भी साइप्रस पर हमला कर दिया। उन्होंने साइप्रस के करीब 36 फीसदी हिस्से पर कब्जा कर लिया। लाखों लोग अपने घर छोड़कर भागने को मजबूर हो गए। ग्रीक लोग दक्षिण की ओर चले गए और तुर्की लोग उत्तर की ओर।

# ट्रम्प ने यूरोपीय देशों पर टैरिफ की धमकी वापस ली, 8 देशों पर 10% टैरिफ लगाया था

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को कहा कि वे अब 8 यूरोपीयन देशों पर 10% टैरिफ नहीं लगाएंगे। यह टैरिफ 1 फरवरी से लागू होने वाला था। ट्रम्प ने यह फैसला दावोस में ठअळड सेक्रेटरी जनरल मार्क रुटे के साथ ग्रीनलैंड और आर्कटिक क्षेत्र पर बातचीत के बाद लिया।

ट्रम्प ने कहा कि दोनों नेताओं ने ग्रीनलैंड और पूरे आर्कटिक क्षेत्र को लेकर भविष्य के सौदे का फ्रेमवर्क तय किया है। इससे अमेरिका और सभी ठअळड सदस्यों का फायदा होगा।

उन्होंने ट्रुथ पर लिखा कि इस समझ के आधार पर मैं टैरिफ नहीं लगाऊंगा। ट्रम्प ने ग्रीनलैंड पर कब्जे का विरोध करने वाले यूरोपिय देशों पर 10% टैरिफ लगाने की धमकी दी थी।

ट्रम्प और ठअळड के बीच ग्रीनलैंड फ्रेमवर्क के तहत कई बिंदुओं पर सहमति बनी है। इसके तहत ग्रीनलैंड और पूरे आर्कटिक क्षेत्र की सुरक्षा ठअळड और अमेरिका मिलकर करेंगे। ट्रम्प ने पत्रकारों से कहा कि यह डील जल्द सार्वजनिक की जाएगी। डेली मेल की



रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका को ग्रीनलैंड में कुछ सीमित इलाकों में अपने सैन्य ठिकाने बनाने की अनुमति मिलेगी। इन ठिकानों का इस्तेमाल जमीन, समुद्र और हवा तीनों मोर्चों पर निगरानी और रक्षा के लिए होगा। इसके साथ ही ठअळड, अमेरिका के प्रस्तावित द्वागोल्डन डोमद्व मिसाइल डिफेंस सिस्टम में भी सहयोग करेगा। फ्रेमवर्क में यह भी शामिल है कि ग्रीनलैंड के खनिज संसाधनों पर अमेरिका के साथ साझेदारी होगी। रूस और चीन को इस इलाके में आर्थिक या सैन्य पकड़ बनाने से रोका जाएगा।

### कनाडाई पीएम बोले- अमेरिकी दबदबे वाली व्यवस्था का अंत हुआ

**कनाडा।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा है कि अमेरिका के दबदबे वाली वैश्विक व्यवस्था अब खत्म हो चुकी है। उन्होंने मंगलवार को स्विट्जरलैंड के दावोस में हो रहे वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में यह बात कही। उन्होंने कहा, दुनिया किसी बदलाव की तरफ नहीं, बल्कि टूटने की तरफ आगे बढ़ रही है। अब पुराना सिस्टम लौटने वाला नहीं है। कार्नी ने कहा कि नियमों और अंतरराष्ट्रीय कानूनों के हिसाब से चलने वाली दुनिया की जो बात की जाती है, वह असल में कभी भी पूरी तरह सच नहीं रही। दुनिया हमेशा से ताकत और अपने-अपने हितों के हिसाब से चली है। कार्नी ने माना कि पुराने वैश्विक सिस्टम से कनाडा को फायदा हुआ। लेकिन उनके मुताबिक अब यह व्यवस्था टिकाऊ नहीं रह गई है। कार्नी ने कहा कि नई हकीकत यह है कि ताकतवर देश अपने हित साधने के लिए आर्थिक रिश्तों का इस्तेमाल दबाव बनाने में कर रहे हैं।

# डोनाल्ड ट्रम्प बोले- ग्रीनलैंड चाहिए, लेकिन ताकत इस्तेमाल नहीं करेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ग्रीनलैंड पर कब्जे के प्लान को दुनिया के सामने सही ठहराया है। उन्होंने बुधवार को वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में कहा कि ग्रीनलैंड की सुरक्षा अमेरिका के अलावा कोई और देश नहीं कर सकता।

हालांकि पहली बार ट्रम्प ने यह कहा कि ग्रीनलैंड को हासिल करने के लिए अमेरिका ताकत का इस्तेमाल नहीं करेगा। इस पर कब्जे का विरोध करने के लिए उन्होंने डेनमार्क को अहसान फरामोश कहा। उन्होंने शिकायती लहजे में कहा कि वे बस एक बर्फ का टुकड़ा चाहते हैं जिसे यूरोप देने को तैयार नहीं है। अमेरिका इसे हमेशा याद रखेगा। ट्रम्प ने कहा कि यूरोप गलत दिशा में जा रहा है। ट्रम्प ने फ्रांस, कनाडा जैसे देशों की भी आलोचना की। उन्होंने सोमालिया के लोगों के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया और कहा कि वे 'कम बुद्धि वाले' और 'समुद्री डाकू' हैं। भाषण के बाद ट्रम्प ने इंडियन मीडिया से बात करते हुए पीएम मोदी की तारीफ की और उन्हें अपना दोस्त बताया। ट्रम्प ने यह भी कहा कि भारत और अमेरिका में जल्द एक अच्छा व्यापार समझौता होने वाला है।

अमेरिका के अलावा कोई भी देश ग्रीनलैंड की रक्षा नहीं कर सकता। दूसरे विश्व युद्ध में जब जर्मनी ने डेनमार्क पर कब्जा किया था, तब अमेरिका ने ही ग्रीनलैंड की सुरक्षा की थी। अमेरिका ने ग्रीनलैंड डेनमार्क को वापस कर दिया, यह अमेरिका की बड़ी गलती थी।

दूसरे विश्व युद्ध में डेनमार्क सिर्फ छह घंटे में जर्मनी से हार गया था। अमेरिका ने उसकी रक्षा की। इतनी मदद के बावजूद डेनमार्क आज ग्रीनलैंड का कंट्रोल छोड़ने को तैयार नहीं है। डेनमार्क अमेरिका के एहसान को भूल चुका है और इसी वजह से वह उस पर नाराज हैं। कनाडा को अमेरिका से बहुत कुछ मुफ्त में मिलता है। उन्हें इसके लिए अमेरिका का आभारी होना चाहिए, लेकिन वह नहीं है। कनाडा, अमेरिका की वजह से ही टिका हुआ है।


## कार्यालय कलेक्टर जिला उज्जैन

राजस्व प्रकरण क्रमांक : 0030/अ-82/2025-26

क्रमांक : 408/भू-अर्जन/2025 उज्जैन, दिनांक : 16.01.2026

### प्रारंभिक अधिसूचना

**"भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013"**
**(क्रमांक 30 सन् 2013) अन्तर्गत धारा- 11**

चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि नीचे दी गई अनुसूची क्रमांक (1) में इन्दौर-उज्जैन के मध्य 4-लेन मय पेव्डह शोल्डर ग्रीनफील्ड निर्माण के लिए भू-अधिग्रहण हेतु प्रस्तावित वर्णित भूमि जिसका सर्वे क्रमांक वार का विवरण अनुसूची (2) में उल्लेखित है। निम्नवर्णित अनुसूची (2) के खाने (1) से (5) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है। अत: भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा-11 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि कोई भी व्यक्ति - इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इस अधिनियम के अधीन कार्यवाहियों के पूरा हो जाने तक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई संव्यवहार नहीं करेगा, या कोई संव्यवहार नहीं कराएगा अथवा ऐसी अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इस अध्याय के अधीन कार्यवाहियों के पूरा हो जाने के समय उस भूमि पर कोई विलंगम सृजित नहीं करेगा। राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची के खाने (4) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के सम्बंध में धारा-12 द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने हेतु प्राधिकृत करता है।

यह कार्य इन्दौर-उज्जैन के मध्य 4-लेन मय पेव्डह शोल्डर ग्रीनफील्ड निर्माण के लिए है, जो मध्यप्रदेश शासन लोक निर्माण विभाग मंत्रालय, भोपाल से स्वीकृत है। अधिनियम की धारा 4 के अंतर्गत सामाजिक समाघात निर्धारण किया गया, जिसका मूल्यांकन भू-अर्जन अधिनियम की धारा 7 के तहत विशेषज्ञ समूह द्वारा कराया गया, विशेषज्ञ समूह द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि उक्त परियोजना का निर्माण होने से स्थानीय क्षेत्र का विकास होगा, यह परियोजना क्षेत्रीय विकास के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है। परियोजना निर्माण से क्षेत्र का आर्थिक सशक्तिकरण और सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा जो कि लोकहित में है। साथ ही समूह द्वारा परियोजना में किसी भी परिवार का विस्थापित नहीं होना प्रतिवेदित किया गया है जिससे अधिनियम की धारा 43 के तहत प्रशासक की नियुक्ति, आवश्यक नहीं है।

**अनुसूची-1**

| विवरण | अर्जित की जाने वाली भूमि का कुल क्षेत्रफल हेक्टर में |
|---|---|
| इन्दौर-उज्जैन के मध्य 4-लेन मय पेव्डह शोल्डर ग्रीनफील्ड निर्माण | 1.933 हेक्टर |

**अनुसूची-2**

**(1) भूमि का विवरण**
(क) जिला :- उज्जैन
(ख) तहसील :- उज्जैन नगर
(ग) ग्राम :- **कस्बा उज्जैन**
(घ) निजी भूमि का अर्जित कुल क्षेत्रफल :- **1.933 हेक्ट.**

| क्र. सं. | सर्वेक्षण संख्या | अर्जन हेतु निजी भूमि रकबा (हेक्टे.में) | धारा-12 के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 3293/1/3 | 0.140 | संभागीय प्रबंधक म.प्र. सड़क विकास निगम इन्दौर (म.प्र.) | इन्दौर-उज्जैन के मध्य 4-लेन मय पेव्डह शोल्डर ग्रीनफील्ड निर्माण |
| 2 | 3293/1/2 | 0.282 | | |
| 3 | 3293/2/2/1 | 0.028 | | |
| 4 | 3293/2/2/2/1/1 | 0.028 | | |
| 5 | 3293/2/2/2/2 | 0.050 | | |
| 6 | 3293/2/3 | 0.204 | | |
| 7 | 3296/1 | 0.038 | | |
| 8 | 3297/1 | 0.110 | | |
| 9 | 3297/2 | 0.096 | | |
| 10 | 3303/1/1/2 | 0.325 | | |
| 11 | 3303/4/1 | 0.050 | | |
| 12 | 3306/1/3 | 0.572 | | |
| 13 | 3307/1 | 0.010 | | |
| कुल रकबा | | 1.933 | | |

अधिनियम की धारा-15(1) के अधीन यथा उपबंधित **इस सूचना की तारीख से 60(साठ) दिनों के भीतर** किसी भी इच्छुक व्यक्ति द्वारा भूमि अर्जन के संबंध में कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अनुभाग उज्जैन के समक्ष में आक्षेपों यदि कोई हो फाइल किया जा सकेगा। **भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अनुभाग उज्जैन** कार्यालय में देखा जा सकता है।

**म.प्र. के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार**
**हस्ता./- (रौशन कुमार सिंह),**
**कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव**
म.प्र. माध्यम/124099/2026 **म.प्र. शासन राजस्व विभाग, जिला उज्जैन (म.प्र.)**

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...







## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

## वर्ग पहेली




**बाएं से दाएं**

1. कंठ, गला-3
3. पक्षियों का शोर-4
5. शारीरिक उंचाई-2
6. पाचन शक्ति-3
7. मां की माता-2
8. प्यार, प्रेम (अंग्रेजी-2)
10. रचना करने वाला-5
12. शोरबा, तरी-3
15. खाद्य सामग्री-3
17. दोनों हाथों को पीटना-5
20. भाग्य (अंग्रेजी-2)
22. कदली, एक फल-2
23. उपासना, शीश झुकाना-3
24. घ्राणेन्द्रिय, नासिका-2
25. तहखाना-4
26. दया-3

**ऊपर से नीचे**

1. मर्यादा, सीमा-2
2. कहानी लिखने वाला-5
3. अचरज भरा कार्य-3
4. वर, इच्छित वस्तु देना-4
5. जलजला-3
7. मां के पिता-2
9. चिकनाई-2
11. हशीश, एक प्रकार का मादक पदार्थ-3
13. बोलने का तरीका-3
14. तमीजवाला-5
15. परंपरा, रिवाज-4
16. राजनीतिक पार्टी-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. नाट्य, कथा मंचन-3
21. कमी-3
24. संबोधन-2

**पिछले वर्ग पहेली का हल**



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 100 | | 4 | | 2 | | 30 | = | 20 |
| | | | | | | | | |
| 30 | | 2 | | 2 | | 20 | = | 50 |
| | | | | | | | | |
| 50 | | 25 | | 5 | | 2 | = | 60 |
| | | | | | | | | |
| 2 | | 20 | | 3 | | 4 | = | 23 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 10 | | 11 | | 15 | | 16 | = | 33 / 22 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शु | मी | र | कु | मा | र | अ | फ | न | प | र |
| न | ला | क | प | ई | श्रे | र्जु | शि | या | इ | म |
| अ | दा | म | ला | र | ग | न | द | द | प | वि |
| प्र | ग | ल | न | व | दू | सिं | प | या | लि | ला |
| त | ण | अ | सौ | थी | जा | ह | कि | नि | ला | स |
| आ | इ | व | मो | व | आ | व | त | धि | लू | पा |
| ग | जी | ल | मु | व | प | जा | न | मा | प्र | स |
| र | रि | भा | र | ख | प | स | द | र | सा | वा |
| क | म | ल | ना | थ | र्जी | ज | श्री | न | द | न |
| न | ट | व | र | सिं | ह | श्रा | र | अ | प | श |
| व | शि | या | जी | पा | टि | ल | ता | प | क | र |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | 30 | 2 | 37 | 6 | 31 | |
| | 1 | 6 | | | 2 | |
| 6 | 37 | 3 | 34 | 1 | 25 | 5 |
| | 7 | | 6 | | 2 | |
| | 33 | 4 | 32 | 4 | 30 | 2 |
| | 3 | | 4 | | 6 | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

गोलू- जल्दी से एक गिलास जूस दो, लड़ाई होने वाली है
एक गिलास जूस पीने के बाद
गोलू- एक गिलास और जूस दो, लड़ाई होने वाली है
जूसवाला- लड़ाई कब होगी?
गोलू- जब तुम पैसे मांगोगे....

0000000000

पिता (बेटे से)- मम्मी कहां गई है तेरी?
बेटा- प्राकृतिक रचना छेड़छाड़ केंद्र
पिता- ये कोई सत्संग का नया सेंटर है क्या?
बेटा- अरे पापा ब्यूटी पार्लर....

0000000

टीचर- खुशी का कोई ठिकाना ना रहा, का वाक्य प्रयोग कीजिए
मयंक- एक लड़की थी, उसका नाम खुशी था खुशी रात दिन बॉयफ्रेंड से चैट करती थी इस बात से तंग आकर घरवालों ने उसे घर से निकाल दिया बॉयफ्रेंड ने भी नहीं अपनाया
अब खुशी का कोई ठिकाना ना रहा.....

0000000000

लड़का- चैटिंग किसे कहते हैं?
लड़की- पता नहीं, तुम ही बताओ
लड़का- जो एक दूसरे का थोबड़ा देखे बिना ही एक दूसरे को पकाते हैं, आधुनिक समाज में उसे ही चैटिंग कहते हैं...

0000000000

लड़की अपने बॉयफ्रेंड को अपनी मम्मी से मिलवाने ले गई
गर्लफ्रेंड- मेरी मम्मी को तुम बहुत पसंद आए
बॉयफ्रेंड- चल पगली कुछ भी हो, मैं शादी तो तुमसे ही करूंगा मम्मी से बोलना मुझे भूल जाएं....

## रंग भरकर चित्र बनाओ



# ग्रीनलैंड पर रातोंरात पलट क्यों गए ट्रम्प

## बोले- ताकत इस्तेमाल नहीं करूंगा; यूरोप की धमकी से डरे या कोई छिपी वजह


**ग्रीनलैंड को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प कहते थे कि इसे हर हाल में हासिल करेंगे, वेनेजुएला जैसे मिलिट्री एक्शन लेंगे, शांति के बारे में नहीं सोचेंगे। लेकिन रातोंरात ट्रम्प का रुख बदल गया है। 21 जनवरी को दावोस के वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में उन्होंने ऐलान किया कि वे ग्रीनलैंड पर कब्जा करेंगे, लेकिन ताकत से नहीं।**

**ट्रम्प के 75 मिनट के भाषण के बाद माना जा रहा है कि अब अमेरिका ग्रीनलैंड को हासिल करने के लिए मिलिट्री एक्शन या ताकत का इस्तेमाल नहीं करेगा।**




### हमला NATO और UN के नियमों के खिलाफ होगा

ग्रीनलैंड, डेनमार्क का हिस्सा है। डेनमार्क ठअळड में शामिल यूरोपीय देशों में से एक है। ठअळड के आर्टिकल-5 के मुताबिक, किसी एक देश पर हमला पूरे ठअळड देशों पर हमला माना जाएगा। देशों ने ग्रीनलैंड में फोर्स भेजी है। डेनमार्क ने करीब 150 सैनिक तैनात किए हैं। वहीं नॉर्वे, फिनलैंड, स्वीडन, जर्मनी, फ्रांस, नीदरलैंड्स और ब्रिटेन जैसे ठअळड देशों ने भी सैनिक भेजे हैं। चार्टर में भी कहा गया है कि जंग की स्थितियों के बिना, किसी संप्रभु देश पर एकतरफा हमला करके कब्जा करना अवैध है। वेनेजुएला पर ट्रम्प ने अपनी कार्रवाई के पीछे ड्रग्स की तस्करी और अमेरिका में घुसपैठ का आरोप लगाया था। ग्रीनलैंड में वैसी स्थितियां नहीं हैं। हालांकि ट्रम्प कई बार कह चुके हैं कि ग्रीनलैंड पर रूस या चीन कब्जा कर सकते हैं, जो अमेरिका की नेशनल सिक्योरिटी के लिए खतरा है। इसके अलावा ग्रीनलैंड की रक्षा को लेकर अमेरिका और डेनमार्क के बीच 1951 में एक समझौता हुआ है।




### NATO में अंदरूनी बंटवारे का खतरा

NATO 32 देशों का सैन्य संगठन है। जबकि एव में 27 देश हैं, जिनमें से 4 देश- ऑस्ट्रिया, साइप्रस, आयरलैंड, माल्टा को छोड़ दें, तो बाकी 23 देश ठअळड का हिस्सा हैं। ठअळड में नॉर्वे, ब्रिटेन और अमेरिका जैसे 9 नॉन-यूरोपियन देश भी शामिल हैं। अमेरिका अगर NATO देश डेनमार्क के इलाके पर हमला कर दे, तो बाकी यूरोपियन देश, NATO समझौते से बाहर आ सकते हैं। हालांकि ट्रम्प ने NATO को कभी खराब बिजनेस डील कहा, कभी ऐसा क्लब बताया, जहां अमेरिका बेवकूफ बनता आया है। अमेरिकी न्यूज चैनल की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रम्प की पॉलिसी से NATO में बंटवारे और इलाके में बड़े युद्ध का खतरा है।

### वर्ल्ड ऑर्डर में अमेरिका की लीडरशिप को खतरा

ट्रम्प के भाषण से एक दिन पहले दावोस में कनाडा के पीएम मार्क कार्नी ने कहा, ह्यअमेरिका का वर्चस्व था, लेकिन अब यह व्यवस्था नहीं टिकने वाली। अमेरिका की गुटबंदी से बाकी देश और ज्यादा गरीब और कमजोर हो जाएंगे। कम ताकतवर देशों को अपने जैसी सोच वाले पार्टनर्स के साथ गठबंधन बनाना चाहिए।' ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि दुनिया के 80 देशों में 750 से ज्यादा मिलिट्री बेस रखने वाले अमेरिका को अपना दबदबा कम होने का खतरा है। अमेरिका को लगता है कि रूस या चीन उसकी जगह ले सकते हैं। दरअसल, चीन और रूस को अपनी ग्लोबल पोजिशन मजबूत करने का मौका मिल रहा है। ये देश नए अलायंस और अन्य ग्लोबल ऑर्डर बनाने की कोशिश कर रहे हैं। दुनिया एक ऐसे सिस्टम की ओर बढ़ रही है, जहां अमेरिका का ग्लोबल ऑर्डर न हो और देश अपना हित देख सकें। हाल ही में आई पेंटागन की रिपोर्ट में चीन और अमेरिका की नेशनल सिक्योरिटी स्ट्रैटजी-2025 में रूस को खतरा बताते हुए उन पर नजर रखने की बात कही गई है।

### 2. दुनियाभर में एंटी-ट्रम्प माहौल की लामबंदी

ट्रम्प के रवैये से यूरोपीय यूनियन के देश नाराज हैं। वे इसे दबाव और ब्लैकमेल की राजनीति बता रहे हैं। अमेरिका और पश्चिमी देशों का गठबंधन यानी ह्यवेस्टर्न अलायंसह्ण भी कमजोर हो रहा है। 21 जनवरी को ट्रम्प के भाषण के बाद यूरोपीय संसद ने यूरोपीय यूनियन-अमेरिका ट्रेड डील का काम रोक दिया है। क्योंकि ट्रम्प ने अपने भाषण के दौरान कई बार ..ग्रीनलैंड को लेकर कमेंट किया। एक दिन पहले दावोस में ही फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा, ह्यनए-नए टैरिफ लगाए जा रहे हैं। यह बात बिल्कुल मंजूर नहीं की जा सकती, खासकर तब जब इन टैरिफ का इस्तेमाल किसी देश की जमीन और संप्रभुता पर दबाव बनाने के लिए किया जाए।



### अमेरिका में ही ट्रम्प की इस पॉलिसी का विरोध

अंग्रेजी अखबार डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक, 10 जनवरी को ट्रम्प ने जॉइंट स्पेशल ऑपरेशंस कमांड को ग्रीनलैंड पर संभावित हमले का प्लान तैयार करने को कहा। लेकिन जनरल डैन केन की अगुवाई वाले अमेरिका के सीनियर डिफेंस ऑफिसर्स यानी जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ के ग्रुप ने इसका विरोध किया। अमेरिकी थिंकटैंक काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस के मुताबिक, ग्रीनलैंड पर ट्रम्प की पॉलिसी को लेकर उनका अमेरिका में ही विरोध हो रहा है। क्योंकि इससे यूरोपीय देशों से रिश्ते बिगड़ेंगे, जिसका ट्रेड पर असर पड़ेगा और अमेरिका को अरबों डॉलर का नुकसान होगा। रॉयटर्स-इप्सोस के एक सर्वे में पता चला कि ट्रम्प के ग्रीनलैंड कब्जाने की सोच को केवल 17% अमेरिकी सपोर्ट करते हैं। डेमोक्रेट और रिपब्लिकन दोनों पार्टी के ज्यादातर लोग इसका विरोध करते हैं। रिपब्लिकन पार्टी के दिग्गज नेता मिच मैकोनेल ने चेतावनी दी है कि ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की कोशिश अमेरिका के सहयोगियों का भरोसा तोड़ देगी और यह रणनीतिक आत्मघाती कदम होगा।

## दुनिया के सबसे बड़े द्वीप ग्रीनलैंड का 80% हिस्सा बर्फ से ढका




मैप प्रतीकात्मक है

21 लाख वर्ग किलोमीटर से ज्यादा के क्षेत्रफल के साथ ग्रीनलैंड से दुनिया का सबसे बड़ा आईलैंड है। ये किसी महाद्वीप से जुड़ा भी नहीं है।

इसका 80% हिस्सा बर्फ से ढका हुआ है। लेकिन ग्लोबल वार्मिंग के कारण धीरे-धीरे पिघल रहा है।



ग्रीनलैंड सबसे लंबी समुद्री सीमा वाला देश है, जो 39 हजार किमी से ज्यादा है।

1721 में ग्रीनलैंड डेनमार्क की कॉलोनी बना। 1979 तक डेनमार्क का शासन रहा। 2009 से यहां स्वशासन लागू हुआ।

यहां करीब 56 हजार लोग रहते हैं। इनमें से 90% इनुएट डिसेंट हैं, जो पारंपरिक तौर पर **शिकार और मछली पकड़ते** हैं।



यहां करीब 100 किमी में महज 3 लोग रहते हैं। यानी पॉपुलेशन डेंसिटी करीब 0.03 है, जो दुनिया में सबसे कम है।

यहां नियोडायनियम, प्रासियोडायमियम, डिस्प्रोसियम, टर्बियम और यूरेनियम जैसे दुर्लभ खनिजों का भंडार है, जो इलेक्ट्रिक वाहनों में इस्तेमाल होते हैं।



■ वर्ष-12 अंक-81 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

## सुभाषितानि

**यावत्पवनो निवसति देहे, तावत् पृच्छति कुशलं गेहे।**
**गतवति वायौ देहापाये, भार्या बिभ्यति तस्मिन्काये॥**

**भावार्थ** : जब तक शरीर में प्राण रहते हैं तब तक ही लोग कुशल पूछते हैं। शरीर से प्राण वायु के निकलते ही पत्नी भी उस शरीर से डरती है।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बृहस्पतिवासरः 22 जनवरी, 2026

**यावद्वित्तोपार्जनसक्तः, तावन्निजपरिवारो रक्तः।**
**पश्चाज्जीवति जर्जरदेहे, वार्ता कोऽपि न पृच्छति गेहे॥**

**भावार्थ** : जब तक व्यक्ति धनोपार्जन में समर्थ है, तब तक परिवार में सभी उसके प्रति स्नेह प्रदर्शित करते हैं परन्तु अशक्त हो जाने पर उसे सामान्य बातचीत में भी नहीं पूछा जाता है।

## सम्पादकीयम्

### दोषस्य स्थानं नास्ति

अग्निः एतावत् शीघ्रं प्रसृतः यत् उद्धारकाः पलायितुं असमर्थाः अभवन्। दोषस्य स्थानं नास्ति। अन्वेषणस्य प्रगतेः सति अधिकविवरणं प्रकाशितं भविष्यति, परन्तु एषा घटना पर्यटनस्थलेषु लघुनिरीक्षणमपि कियत् विनाशकारी भवितुम् अर्हति इति दर्शयति। इदं ज्ञातं यत् अस्य बारस्य क्षमता ३०० आसीत्, दुर्घटनासमये च पूर्णा आसीत्। यदि पर्याप्तसुरक्षापरिपाटाः कृताः स्यात्, जनसमूहनियन्त्रणं कृतं स्यात्, प्रवेशः क्षमतायाम् एव सीमितः स्यात् तर्हि सम्भवतः एतावत् क्षतिः निवारयितुं शक्यते स्म सुरक्षा सर्वोपरि अस्ति। क्रान्स्-मोण्टाना-नगरं वा विश्वस्य अन्यत् नगरं वा, एताः घटनाः सर्वेषां कृते पाठः एव। पर्यटन-उद्योगः प्रायः अवसरानां लाभं ग्रहीतुं दौडं करोति। क्रिसमसः नववर्षः च महान् अर्जनस्य ऋतुः अस्ति। परन्तु पर्यटकसुरक्षायां निवेशस्य अपि आवश्यकता वर्तते। जागरूकता अत्यावश्यकी अस्ति। अन्वेषणं तदनन्तरं कार्यं च अपरिहार्यं, परन्तु तस्मात् अपि महत्त्वपूर्णं दोषान् उजागरयितुं तेभ्यः शिक्षितुं च। सम्यक पाठं ज्ञात्वा एव वयं आशास्महे यत् पुनः कदापि एतादृशानां दुःखदघटनानां सामना न भविष्यति। अपूर्णा सूचना। एताः पङ्क्तयः लेखनसमये अस्य दुर्घटनायाः विषये बहु अनिश्चितता आसीत्। अग्निः कथं आरब्धः, कति जनाः मृताः, कति जनाः घटनास्थले उपस्थिताः आसन्, मृतानां परिचयः च न ज्ञायते। अन्वेषणाधिकारिणां वक्तव्यं सूचयति यत् अत्र बहुकालं यावत् समयः स्यात्। प्रारम्भे आतङ्कवादी आक्रमणम् इति शङ्का आसीत्, परन्तु अधिकारिणः एतत् अङ्गीकृतवन्तः।

#### अगाथा क्रिस्टी इत्यस्याः सप्त डायल्स् रहस्यं ओटीटी मञ्चे आगच्छति

## दर्शकान् हत्यायाः जासूसी रहस्यानां च जगति नूतनं प्रवेशं प्रदाति



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

रहस्यस्य अपराधकथायाः च वर्तमानराज्ञ्याः अगाथा क्रिस्टी इत्यस्याः अन्यत् प्रसिद्धं कृतिम् अधुना नूतनरूपेण प्रेक्षकाणां कृते उपलभ्यते। १९२९ तमे वर्षे प्रकाशितस्य तस्याः प्रसिद्धस्य उपन्यासस्य सेवेन् डायल्स् इति लघुश्रृङ्खला अधुना ओटीटी-मञ्चे प्रसारिता अस्ति। अस्य श्रृङ्खलायाः प्रकाशनात् आरभ्य रहस्यप्रेमिणां मध्ये प्रचण्डः उत्साहः उत्पन्नः अस्ति। क्लासिक ब्रिटिश-हत्या-रहस्यं, लघु-रोमाञ्चकं, जासूसी-कथा च मिश्रयन्ती एषा कथा दर्शकान् इङ्गलैण्ड्-देशस्य गतयुगं प्रति परिवहनं करोति।

एषा लघुश्रृङ्खला प्रसिद्धेन लेखकेन निमार्ता च क्रिस चिब्नाल् इत्यनेन लिखिता, निर्मिता च, यस्य निर्देशनं क्रिस स्वीनी इत्यनेन कृतम्। एषा श्रृङ्खला ओटीटी-मञ्चे नेटफ्लिक्स् इत्यत्र प्रदर्शिता अस्ति। मञ्चेन साझाकृते पोस्टरे अपराधकथानां राज्ञी आगता इति लिखितम् आसीत्, येन स्पष्टं भवति यत् एतत् निमार्णं विशेषतया तेषां प्रेक्षकाणां कृते अस्ति ये अगाथा क्रिस्टी इत्यस्याः कथासु रहस्यानां अप्रत्याशितविवर्तनानां च विषये भावुकाः सन्ति।

कथा आरभ्यते आङ्गलदेशस्य भवने आयोजिते पार्टीयां, यत्र मित्रेषु दुष्टं प्रहसनं क्रियते। प्रातःकाले गेरी वेड् इति युवकस्य जागरणार्थं अष्टानि अलार्मघटिकानि स्थापयित्वा प्रहसनं भवति। तथापि गेरी मृत्यवे शीघ्रमेव प्रहसनं दुष्टं मोडं गृह्णाति। अन्वेषणेन ज्ञायते यत् एकः घण्टाः अदृश्यः अस्ति, एषः च सरलः दुर्घटना नास्ति, अपितु पूर्वनियोजितः हत्या एव। अत्रैव कथा विस्फुरितुं आरभते, यत्र सप्त-डायल-इत्यस्य गुप्त-सङ्गठनस्य परिचयः प्रकाशितः भवति। अस्य रहस्यपूर्णस्य मृत्योः अनन्तरं कथा लेडी ऐलीन् ब्रेण्ट् इत्यस्याः विषये केन्द्रीकृता अस्ति, या बण्डल् इति अपि प्रसिद्धा अस्ति। सा शौकिया जासूसः अस्ति, परन्तु तस्याः जिज्ञासा साहसं च तां लण्डन्-नगरस्य अन्धकारक्लब-उच्चसमाज-गुप्तसमागमेषु नेति। यथा यथा बण्डल रहस्यं विमोचयितुं प्रयतते तथा तथा अन्तर्राष्ट्रीयगुप्तचरस्य, सत्ता-षड्यंत्रस्य, सामाजिकपरिवर्तनस्य च झलकानि उद्भवन्ति। कथा न केवलं हत्यारहस्यस्य समाधानं करोति अपितु तत्कालीनस्य ब्रिटिशसमाजस्य मानसिकतां वर्गविभाजनं च उजागरयति। विंशतिशतकस्य तृतीयदशके, स्वतन्त्रतायाः परिवर्तनस्य च कालखण्डे एषा श्रृङ्खला स्थापिता अस्ति। एषः समयः आसीत् यदा प्रथमविश्वयुद्धस्य अनन्तरं समाजः नूतनां दिशां अन्विष्यति स्म ।अयं कालः श्रृङ्खलायाः वेषभूषेषु, संगीतेषु, संवादेषु, वातावरणेषु च स्पष्टतया प्रतिबिम्बितम् अस्ति लघु-रोमाञ्चक-विधायाः अभावेऽपि कथायां गम्भीराः।

#### अभिषेकशर्मा इत्यस्य

## आक्रामकबल्लेबाजीविषये रैना-पुजारा-योः विश्वासः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

भारतीयक्रिकेट्-क्रीडायाः उदयमानतारकाणां मध्ये स्वस्य स्थानं द्रुतगत्या सुदृढं कुर्वन् अभिषेकशर्मा इत्यस्य विषये पूर्वदिग्गजाः मुक्ततया स्वस्य विश्वासं प्रकटितवन्तः। भारतस्य न्यूजीलैण्डस्य च मध्ये २१ जनवरीतः आरभ्यमाणस्य पञ्चक्रीडायाः टी-२० अन्तर्राष्ट्रीयश्रृङ्खलायाः पूर्वं पूर्वभारतीयक्रिकेट्-क्रीडकौ सुरेश रैना, चेतेश्वरपूजारा च अभिषेकशर्मा इत्यस्य बल्लेबाजीयाः प्रशंसाम् अकरोत्। उभौ दिग्गजौ मन्यन्ते यत् अभिषेकस्य बल्लेबाजी आधुनिकटी-२० क्रिकेटस्य सम्यक प्रतिबिम्बं करोति, भविष्ये सः भारतीयदलस्य कृते एक्स-फैक्टं इति सिद्धं कर्तुं शक्नोति।

जियोहॉटस्टार इत्यत्र विशेषकार्यक्रमे सुरेश रैना अभिषेकशर्मा इत्यस्य बल्लेबाजस्य, शॉट् चयनस्य च प्रशंसाम् अकरोत्। रैना इत्यस्य मते अभिषेकस्य सर्वाधिकं बलं स्पिन-गेन्दबाजानां विरुद्धं क्रीज-स्थाने स्थित्वा दीर्घ-शॉट्-प्रहारस्य क्षमता अस्ति। सः अवदत् यत् अभिषेकः यथा स्पिन-क्रीडकानां षट्-विमानं करोति, कवर-उपरि ड्राइव्-क्रीडां करोति, बल्लेन सह पूर्ण-कन्दुकं सीधां मारयति च, तथैव सः अद्वितीयः बल्लेबाजः भवति रैना इत्यनेन अपि प्रकाशितं यत् अभिषेकः स्वपदानां तेजस्वी उपयोगं करोति तथा च मध्ये सीधे बृहत् शॉट् क्रीडितुं आत्मविश्वासः अस्ति, यत् कस्यापि आक्रामकस्य ओपनरस्य लक्षणम् अस्ति।चेतेश्वरपुजारा अपि अभिषेकशर्मा इत्यस्य बल्लेबाजीं सन्तुलितं बहुमुखी च इति वर्णितवान्। पुजारा अवदत् यत् यद्यपि प्रायः दृश्यते यत शीर्ष-क्रमस्य बल्लेबाजाः पादपक्षे अधिकं प्रभाविणः भवन्ति तथापि अभिषेकशर्मा अपि आफ-पक्षे अपि समानसुलभतायाः, शक्तिना च शॉट्-क्रीडां करोति।

### बरैया इत्यस्य वक्तव्येन आक्रोशः उत्पन्नः, विरोधं कृतवान्

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

मध्यप्रदेशस्य जबलपुरे भाजपा महिलामोर्चा काङ्ग्रेस विधायक फूलसिंह बरैया द्वारा महिलाओं के संबंध में दे विवादित वक्तव्य के विरोध किया। भाजपा महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं एवं प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परंजपे मालवीय चौक पर विधायक बरैया की प्रतिमा दहन करके उसके वक्तव्य की घोर निन्दा किया। अस्मिन् विरोधे मध्यप्रदेशभाजपा महिलामोर्चाप्रदेशाध्यक्षा अश्विनी परांजपे उक्तवान् यत् फूलसिंहबरैया इत्यस्य वक्तव्येन तस्य दुर्बलचिन्तनं मानसिकतां च उजागरितम्। सा आरोपितवती यत् काङ्ग्रेसनेतृणां भाषा अधिकाधिकं अशोभनीयं भवति, यत् महिलानां गौरवस्य विरुद्धम् अस्ति। अश्विनी परांजपे अपि काङ्ग्रेसनेतृत्वस्य विषये प्रश्नं कृतवान्। सा पृष्टवती यत् एतादृशस्य व्यक्तिस्य काङ्ग्रेसपक्षे किं स्थानं वर्तते।

## राशिफल

**मेष** : मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे, कभी बहुत जोश तो कभी चिड़चिड़ापन महसूस हो सकता है। बातचीत में संयम रखें।

**वृषभ** : परिवार का सहयोग बना रहेगा और घर से जुड़ा कोई अच्छा समाचार मिल सकता है। खर्च बढ़ सकता है।

**मिथुन** : नौकरी या बिजनेस में नया प्रस्ताव आ सकता है। मन थोड़ा भटका हुआ रहेगा, एक साथ कई बातें सोचेंगे।

**कर्क** : परिवार का साथ मिलेगा और घर में आपकी बात मानी जाएगी। काम में मेहनत ज्यादा करनी पड़ेगी।

**सिंह** : काम में आपकी पहचान बनेगी। खर्च बढ़ सकता है, इसलिए संतुलन बनाए रखें। सेहत ठीक रहेगी, बस ज्यादा तनाव न लें।

**कन्या** : काम में ध्यान अच्छा रहेगा और अधूरे काम पूरे होंगे। सेहत में पेट, गैस या थकान की परेशानी हो सकती है।

**तुला** : नया मौका या नई ज़िम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति सामान्य से बेहतर रहेगी। सेहत ठीक रहेगी।

**वृश्चिक** : पुराने रुके काम पूरे होने लगेंगे। नौकरी में जिम्मेदारी बढ़ सकती है। खर्च पर नियंत्रण रखें।

**धनु** : काम में आत्मविश्वास रहेगा। आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। सेहत अच्छी रहेगी। लाभ बढ़ाने में सफलता मिलेगी।

**मकर** : सीनियर आपकी मेहनत नोटिस करेंगे। सेहत में थकान या कमर-दर्द जैसी परेशानी हो सकती है।

**कुंभ** : आय के योग अच्छे हैं। सेहत सामान्य रहेगी, लेकिन रूटीन बिगड़ने न दें। जल्दबाजी में फैसले न लें।


**मीन** : मन शांत रहेगा और आध्यात्मिक सोच बढ़ेगी। काम में धीरे-धीरे सुधार आएगा। धैर्य रखेंगे तो स्थितियाँ आपके पक्ष में बनेंगी।

### ज्योतिष/वास्तु

## बुध करेंगे शनि के घर प्रवेश, कुंभ सहित इन राशि वालों का चमक उठेगा भाग्य

बुध फरवरी में राशि परिवर्तन करेंगे। वह मकर से कुंभ में अपना स्थान लेंगे। इससे कुछ राशियों का भाग्योदय संभव है।

जल्द फरवरी का प्रारंभ होने वाला है, जो ज्योतिष दृष्टि से अत्यंत शुभ है। इस माह बुध राशि परिवर्तन करते हुए शनि के घर में प्रवेश करेंगे। वह 3 फरवरी 2026 को रात 9 बजकर 38 मिनट पर कुंभ राशि में गोचर करेंगे। ज्योतिषियों के मुताबिक, बुध के कुंभ में आने से सभी 12 राशियों पर इसका खास असर दिखाई देगा। परंतु कुछ जातकों को विशेष लाभ संभव है। चूंकि बुध वाणी, व्यापार, संवाद और बुद्धि के कारक ग्रह हैं। इसलिए व्यापार, करियर, संवाद क्षेत्रों में जातकों को शुभ समाचार मिलने के योग बनेंगे। आइए इन लकी राशियों के नाम जानते हैं।



**वृषभ राशि-** वृषभ राशि वालों के दसवें भाव में बुध का गोचर होने वाला है। आपकी सभी मनोकामनाएं पूरी होंगी और लाभ के अवसरों की प्राप्ति संभव है। परिवार में कोई शुभ समाचार सुनने को मिल सकता है। नई नौकरी के प्रयास सफल होंगे। आय के नए स्त्रोत बनेंगे। निवेश से लाभ के संकेत भी बन रहे हैं। वसंत पंचमी पर बन रहा है राजयोग, इन 5 राशियों को मिलेगा ज्ञान और सफलता का वरदान

**सिंह राशि-** बुध का राशि परिवर्तन सिंह वालों के सातवें भाव में होगा। जीवन में प्रगति होती हुई नजर आएगी। नौकरी के लिए प्रयासों का फल मिलेगा। नए लोगों से आप जुड़ेंगे और व्यापार में सकारात्मक परिवर्तन आएंगे। करियर के क्षेत्र में मनचाहे परिणाम प्राप्त होंगे। अविवाहित लोगों के विवाह की संभावना है।

**तुला राशि-** तुला राशि वालों के पांचवें भाव में बुध गोचर करने जा रहे हैं। सभी क्षेत्र में भाग्य का साथ मिलेगा। संपत्ति के क्रय-विक्रय के लिए समय शुभ है। लव पार्टनर की तरफ से कोई सुखद समाचार मिल सकता है। व्यापार में साझेदारी से लाभ होने के संकेत हैं।

**कुंभ राशि-** कुंभ राशि वालों के लिए यह गोचर खास रहेगा, क्योंकि आपके लग्न/पहले भाव में बुध प्रवेश करने जा रहे हैं। सभी इच्छाओं और लक्ष्यों को पूरा करने में आप सफलता हासिल करेंगे। जीवनसाथी की तरफ से सुख-सहयोग बना रहेगा, भाई-बहनों के साथ प्रेम और सामंजस्य बना रहेगा। आपके नेतृत्व गुणों में निखार आएगा।

## खबर एक नजर...

### वायर नहीं हटाने पर चौधरी परिवार के 2 पक्षों में मारपीट

**उज्जैन।** ग्राम नरेडी हनुमान में बटलावदी कच्चा रास्ते पर केबल वायर हटाने की बात पर भरत पिता नारायण चौधरी और श्रवण पिता रामेश्वर चौधरी के बीच विवाद हो गया। दोनों के परिवार आमने-सामने हो गये। गाली-गलौच के साथ लात-घूंसों से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई। आसपास के लोगों ने विवाद शांत कराया तो मामला खाचरौद थाना पुलिस तक पहुंच गया। जहां पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया। दोनों के परिवार में शामिल लोगों को मामूली चोंटे आई थी। जिनका मेडिकल परीक्षण कराया गया है।

### घर में घुसी कार, घायल वृद्ध की 2 दिन बाद मौत

**उज्जैन।** ग्राम रिछा आलोट से बजेसिंह पिता बापूसिंह 52 साल को गंभीर घायल हालत में उपचार के लिये परिजन उज्जैन लेकर पहुंचे थे। जहां निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बुधवार सुबह बजेसिंह की मौत हो गई। सूचना मिलने पर नीलगंगा थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान परिजनों ने बताया कि 19 जनवरी की रात अनियंत्रित कार घर में घुस गई थी। जिसके चलते बजेसिंह घायल हुए थे। चालक कार छोड़कर भाग निकला था। जिसे आलोट पुलिस ने जप्त किया है। नीलगंगा पुलिस के अनुसार मर्ग डायरी आलोट पुलिस को भेजी जायेगी।

### बदमाश ने स्कूल बस रोक ड्रायवर से मांगे शराब के रुपए

**उज्जैन।** तराना तहसील के ग्राम करंज में सीएम राइज स्कूल की बस को बदमाश ने आगे बाइक लगाकर रोका और ड्रायवर से शराब पीने के रुपए मांगे। ड्रायवर ने रुपए देने से मना किया तो बदमाश ने मारपीट की जान से मारने की धमकी दी। तराना थाना पुलिस ने बताया कि स्कूल बस ड्रायवर अनिल पिता प्रकाश मालवीय निवासी मंगल सिटी तराना की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर बदमाश की तलाश शुरू की गई। बदमाश ग्राम करंज का रहने वाला रोहित पिता निहालसिंह पंवार था। जिसे बुधवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। रोहित के खिलाफ पूर्व में 2 अपराधिक मामले दर्ज होना सामने आये है।

### पत्नी नहीं लौटी तो पति ने खा लिया जहरीला पदार्थ

**उज्जैन।** तीन दिन पहले मायके देपालपुर गई पत्नी बुधवार सुबह तक वापस नहीं लौटी तो पति ने जहरीला पदार्थ खा लिया। उसे ग्राम छायन से एम्बुलेंस अस्पताल लेकर पहुंची। जहां जहरीला पदार्थ खाने वाले का नाम रवि पिता अर्जुन परमार 25 साल निवासी ग्राम करोहन सामने आया। उसका कहना था कि पत्नी बच्चे को लेकर मायके गई हुई है। उसे वापस लौटने के लिये कॉल किया था। ससुराल वालों ने भेजने से माना कर दिया। अस्पताल स्टॉफ ने रवि के जहरीला पदार्थ खाने की सूचना नानाखेड़ा थाना पुलिस को दी है।

### जमीन कब्जे को लेकर हुआ विवाद, एक घायल

**उज्जैन।** बड़नगर थाना क्षेत्र के ग्राम भौमलवास में सोसायटी के पीछे सरकारी जमीन पर प्लाट कब्जे को लेकर गजेन्द्र पिता हाकमसिंह बंजारा और इजराईल पिता अब्बास के बीच विवाद हो गया। दोनों ओर से मारपीट, गाली-गलौच हुई। एक पक्ष से गजेन्द्र बंजारा बड़नगर थाने पहुंचा और इजराईल और उसके साथियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। दूसरे पक्ष से इजराईल घायल हुआ था। जिसे परिजन उपचार के लिये उज्जैन चरक अस्पताल लेकर आये। पुलिस के अनुसार घायल के उज्जैन में भर्ती होने की सूचना मिलने पर क्रास प्रकरण दर्ज किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 235-0 | 248-4 |
| मेन बाजार | 299-0 | 335-1 |
| मिलन डे | 680-4 | 468-8 |
| मिलन नाइट | 166-3 | 450-9 |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | 4 | 9 |

## एसटीएफ की गिरफ्त में अंतर्राज्यीय गिरोह के 3 तस्कर

# 41 लाख की स्मैक के साथ 18 लाख की कार जप्त








**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

अंतर्राज्यीय गिरोह के 3 तस्कर मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त करने उज्जैन पहुंचे थे। एसटीएफ टीम को खबर मिली तो आगररोड पर घेराबंदी कर पकड़ा। उनके पास से 41 लाख रुपए कीमत की स्मैक के साथ 18 लाख की क्रेटा कार, 2 लाख नगद और सवा दो लाख कीमत के 5 मोबाइल बरामद किये गये है।

एसटीएफ उपपुलिस अधीक्षक योगेन्द्रसिंह यादव ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली थी कि आगररोड पर लवखेड़ी हनुमान मंदिर के आगे पेट्रोल पंप के पास क्रेटा कार क्रमांक एमपी 13 झेड टी 2343 में सवार कुछ लोग मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त करने के लिये आने वाले है। तत्काल सूचना पर टीम को धरपकड़ के लिये रवाना किया। पेट्रोल पंप के पास कार दिखाई दी। जिसमें लोग सवार थे। तीनों को कस्टडी में लिया गया और तलाशी ली गई। उनके पास से 410 ग्राम स्मैक बरामद हो गई। तलाशी के दौरान उनके पास से 2 आईफोन, 2 वीवो और एक कीपैड़ मोबाइल के साथ 2 लाख रुपए नगद मिले। कार जप्त कर तीनों को एसटीएफ कार्यालय पूछताछ के लिये लाया गया। जहां उनके नाम अभिषेक पिता चंद्रमोहन सोनकर 32 साल निवासी खटिक मोहल्ला, घमापुर चौक, जबलपुर, जयदीप पिता दिलीपसिंह परिहार 47 साल ग्राम भोजाखेडी आलोट जिला रतलाम और अजय पिता बाबूलाल प्रजापती 21 साल निवासी बाबा टोला मदार टेकरी जबलपुर सामने आये। उनके पास से बरामद स्मैक की कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में 41 लाख रुपए, कार की 18 लाख, 5 मोबाइल की 2.25 लाख होना सामने आई। तीनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के साथ 111 (2) बीएनएस का प्रकरण दर्ज किया गया। फिलहाल तीनों रिमांड पर है। जिन्हे गुरूवार को कोर्ट में पेश किया जायेगा।

### सरहदी इलाकों में करते थे खरीद-फरोख्त

उपपुलिस अधीक्षक यादव ने बताया कि तीनों से प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि पूर्व में भी वह मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त कर चुके है। लेकिन कुछ समय से उन्होने सरहदी इलाकों में डील करना शुरू कर दिया था। मादक पदार्थ तस्करी का मुख्य आरोपी जयदीप है। जो 2018 में जबलपुर के गोहलपुर थाना पुलिस की गिरफ्त में मादक पदार्थ के साथ आया था। जेल में उसकी मुलाकात अभिषेक सोनकर से हुई थी। अभिषेक के खिलाफ जलगांव महाराष्ट्र, मंडला, जबलपुर, बैंगलोर में भी प्रकरण दर्ज है।

### तीनों के नेटवर्क का लगा रहे पता

एसटीएफ टीम के अनुसार तीनों अंतर्राज्यीय स्तर पर मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त का काम करना सामने आये है। उनके कहां-कहां कनेक्शन है। इसका तकनीकी साक्ष्यों से पता लगाया जा रहा है। तीनों से बरामद मोबाइल की जांच जारी है। संभावना है कि गिरोह के अन्य लोगों की जानकारी भी सामने आ सकती है। रिमांड अवधि के दौरान जो भी जानकारी सामने आयेगी उस पर आगे की जांच की जायेगी।

## मृतक को अस्पताल गेट पर छोड़कर भागे 2 युवक

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

एक व्यक्ति को बुधवार देर शाम गंभीर हालत में 2 युवक अस्पताल लेकर पहुंचे थे और अस्पताल गेट पर ही छोड़कर भाग निकले। सूचना मिलने पर कोतवाली थाना पुलिस पहुंची। घायल व्यक्ति को इमरजेंसी कक्ष लाया गया। जहां परीक्षण के दौरान उसकी मौत होना सामने आया।

बताया जा रहा है कि 8 बजे के लगभग एक व्यक्ति को 2 युवक चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे। लेकिन उसे अस्पताल में ले जाने के बजाय गेट पर ही छोड़कर भागे निकले। अस्पताल स्टॉफ को सूचना मिली तो कोतवाली थाना पुलिस को अवगत कराया गया। घायल को इमरजेंसी कक्ष लाने पर उसकी मौत होना सामने आया। पुलिस ने मृतक की तलाशी ली तो आधार कार्ड मिला, जिससे पता चला कि पंवासा थाना क्षेत्र के अमृतनगर में रहने वाला कैलाश भाटी है। इसी बीच पंवासा थाना पुलिस को खबर मिली कि बाढ कुम्मेद फंटा पर दुर्घटना हुई है। पुलिस दुर्घटनास्थल पहुंची जहां क्षतिग्रस्त बाइक पड़ी होना सामने आई। इधर मृतक की जानकारी सामने आने पर पंवासा थाना पुलिस से संपर्क किया गया। परिजनों को जानकारी दी गई। उनके आने पर मृतक की पहचान कैलाश के रूप में हुई। वहीं बाइक भी उसकी होना सामने आई। पंवासा थाना एएसआई संतोष राव ने बताया कि प्रथमदृष्टता मामला दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है। वहीं घायल को अस्पताल गेट पर छोड़कर भागे युवकों का पता लगाया जा रहा है। गुरूवार सुबह परिजनों के बयान और दुर्घटनास्थल के आसपास लगे कैमरों के फुटेज देखे जायेगें। जिससे घटनाक्रम स्पष्ट हो पायेगा।

## महिला से दुष्कर्म करने वाले को भेजा जेल

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**



अधेड़ महिला का लिफ्ट देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को बुधवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म के साथ एट्रोसिटी एक्ट का मामला दर्ज किया गया था।

घट्टिया तहसील के पानबिहार स्थित छात्रावास जाने के लिये निकली 50 साल की महिला आगररोड पर वाहन का इंतजार कर रही थी। उसी दौरान बाइक सवार सैफू उर्फ सफी मंसूरी 40 साल ने लिफ्ट देकर छोड़ने की बात कहीं। महिला उसकी बाइक पर बैठ गई। सैफू की रास्ते में नियत खराब हो गई और महिला को ढाबला रेहवारी के रास्ते पर तालाब किनारे तक ले गया, जहां महिला से उसने जबरदस्ती की। महिला का शोर सुनकर कुछ लोग पहुंचे और गलत काम कर रहे युवक को पकड़ लिया। खबर मिलते ही घट्टिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लिया गया। महिला ने पुलिस को अपने साथ गलत होने की शिकायत दर्ज कराई। महिला आदिवासी समाज की होने पर पुलिस ने दुष्कर्म के साथ एट्रोसिटी एक्ट का प्रकरण दर्ज करते हुए गिरफ्तार किया और बुधवार को उसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेजा गया है। आरोपी घट्टिया का रहने वाला है और आटा चक्की चलता है।

## साइबर फ्रॉड में शामिल 213 मोबाइल नम्बर कराये बंद

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

ऑनलाइन होने वाले फ्रॉड को लेकर पुलिस आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लगातार प्रयास कर रही है। इसी प्रयास में पुलिस ने 213 मोबाइल नम्बरों को बंद कराने की प्रक्रिया को पूरा किया है।

एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि साइबर ठगों द्वारा धोखाधड़ी के लिये फर्जी मोबाइल नम्बरों का उपयोग किया जाता है। साइबर ठगी की शिकायत लगातार सामने



आने पर ठगी में उपयोग होने वाले मोबाइल नम्बरों को साइबर पुलिस टीम की मदद से लगातार चिन्हित करने का काम किया जा रहा है। इस दौरान 213 नम्बर ऐसे सामने आये जिनके माध्यम से फर्जी लोन, ब्लैकमेलिंग के साथ कई तरह की साइबर ठगी को अंजाम देने में उपयोग किया जा रहा था। सभी 213 मोबाइल को संबंधित दूरसंचार सेवा प्रदाताओं से समन्वय स्थापित कर बंद कराये गये है। एसपी शर्मा के अनुसार उज्जैन पुलिस की नीति साइबर अपराधों के प्रति पूर्णतः शून्य सहनशीलता की है। नागरिकों की सुरक्षा से जुड़े किसी भी विषय पर पुलिस की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। वह आम लोगों से अपील है कि किसी भी प्रकार के फर्जी कॉल, लोन प्रस्ताव, ब्लैमेलिंग, पुलिस अधिकारी बनकर गिरफ्तारी का भय जैसे कॉल आये तो उसकी शिकायत राष्ट्रीय साइबर हेल्प लाइन 1930 पर या फिर नजदीकी पुलिस थाने पर दर्ज कराये।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com